राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अखबार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 17 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 108, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

आनंदा डेयरी प्लांट में दूसरे दिन भी जारी रही आयकर विभाग की छापेमारी...03

मकान का नक्शा बनवाने के नाम पर रूपये हड़पने और धमकी देने का लगाया आरोप...12

## अनुच्छेद 32 का हो रहा दुरुपयोग, सुप्रीम कोर्ट को ऐसा क्यों कहना पड़ा? जताई नाराजगी

**● सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 32 के दुरुपयोग को लेकर नाराजगी जताई है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि खासकर दिल्ली के आसपास के लोग अनुच्छेद-32 के तहत याचिकाएं दायर कर रहे हैं**




सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 32 के दुरुपयोग को लेकर नाराजगी जताई है. स्ट ने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत दायर यह याचिका अदालत की प्रक्रिया और कानून का घोर दुरुपयोग है. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को याचिका को खारिज कर दिया है. बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका लंबित होने के बावजूद अनुच्छेद-32 के तहत एक शख्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस याचिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है. दरअसल अनुच्छेद-32 नागरिकों को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन पर शीर्ष अदालत से संवैधानिक उपचार का अनुरोध करने का अधिकार देता है. न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों में स्थगन जैसे मामलों को लेकर भी अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाएं दायर कर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है।

**दायर मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही**

पीठ ने कहा, अनुच्छेद 32 का दुरुपयोग हो रहा है. अनुच्छेद 32 के तहत दायर मामलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. हर छोटी बात पर, एक स्थगन पर भी, यहां अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर कर दी जाती है. खासकर दिल्ली के आसपास के लोग अनुच्छेद 32 के तहत याचिकाएं दायर कर रहे हैं. यह क्या है? यह दुरुपयोग है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद-32 के तहत दायर यह याचिका अदालत की प्रक्रिया और कानून का घोर दुरुपयोग है, इसीलिए इसे खारिज किया जाता है।

**वकील ने हाइकोर्ट जाने की अनुमति मांगी**

जस्टिस नागरत्ना ने स्पष्ट किया कि जब कोई मामला पहले से हाइ कोर्ट में लंबित है तब अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर करना दुरुपयोग की श्रेणी में आता है. जब याचिकाकर्ता के वकील ने हाइकोर्ट जाने की अनुमति मांगी, तो जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट से सलाह मत लीजिए. जहां जाना है, वहां जाकर आवेदन दाखिल कीजिए. हमने आपकी कोई स्वतंत्रता छीनी नहीं है.' अपने आदेश में पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि यह याचिका अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

**क्या कहता है अनुच्छेद 32**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि खासकर दिल्ली के आसपास के लोग अनुच्छेद-32 के तहत याचिकाएं दायर कर रहे हैं. यह क्या है? यह दुरुपयोग है. बताया जाता है कि अनुच्छेद 32 (Article 32) संवैधानिक उपचारों के अधिकारों से संबंधित है. अगर किसी नागरिक का मौलिक अधिकारों का हनन होता है तो वह न्याय के लिए सीधा सुप्रीम कोर्ट जा सकता है. जिसके लिए कोर्ट आदेश, निर्देश या रिट जारी कर सकता है।

## रांची में ईडी दफ्तर में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी के साथ मारपीट का आरोप

**● जांच के लिए दल बल के साथ पहुंची पुलिस**




**ब्यूरो प्रयागराज।** झारखंड की राजधानी रांची में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी संतोष कुमार के साथ कथित तौर पर मारपीट और उस पर जानलेवा हमले के मामले की जांच के लिए रांची पुलिस के वरिष्ठ अफसरों की एक टीम गुरुवार सुबह ईडी के दफ्तर पहुंची। ईडी कार्यालय परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जांच-पड़ताल कर रहे हैं। संतोष कुमार नामक जिस शख्स ने ईडी के अफसरों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रांची के एयरपोर्ट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है, वह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में क्लर्क के रूप में पोस्टेड था और उसके खिलाफ विभाग में हुए 23 करोड़ के घोटाले के मामले की जांच ईडी कर रही है। संतोष कुमार रांची के अपर चुटिया का रहने वाला है। इसने एयरपोर्ट थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया कि 12 जनवरी को उसे हिनू स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

शिकायत के अनुसार, दोपहर करीब 1.35 बजे जब वह ईडी के सहायक निदेशक (द्वितीय) प्रतीक के कक्ष में पहुंचे, तो वहां मौजूद अधिकारियों ने उन पर आरोप स्वीकार करने का दबाव बनाया। इनकार करने पर सहायक निदेशक प्रतीक और उनके सहायक शुभम ने कथित तौर पर उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी। संतोष का आरोप है कि मारपीट के दौरान उन पर जानलेवा हमला किया गया, जिससे उनका सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने धमकी देते हुए कहा कि यदि वे मर भी जाते हैं तो किसी को फर्क नहीं पड़ेगा।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि अस्पताल में उन्हें डॉक्टर को चोट लगने की वास्तविक वजह न बताने का दबाव बनाया गया। आरोपों के अनुसार, अस्पताल से लौटने के बाद उनकी खून से सनी टी-शर्ट उतरवाकर नया कपड़ा पहनाया गया और एक तथाकथित 'इंसिडेंट रिपोर्ट' पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए, जिसे पढ़ने तक का मौका नहीं दिया गया। साथ ही यह धमकी दी गई कि यदि घटना की जानकारी मीडिया, पुलिस या वकील को दी गई, तो उनकी पत्नी और बच्चों को जेल भेज दिया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में टीम ईडी कार्यालय पहुंची। ईडी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई, जबकि भीतर सदर डीएसपी और एयरपोर्ट थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में जुटी है, ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। वहीं, ईडी अफसरों ने संतोष कुमार के आरोपों को साजिश करार दिया है। ईडी का दावा है कि संतोष कुमार को कोई समन नहीं भेजा गया था। वह खुद 12 जनवरी को ईडी कार्यालय पहुंचा था और उसने खुद शीशे की बोतल से अपने सिर पर चोट पहुंचाई। ईडी के अनुसार, अधिकारियों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। ईडी ने इस मामले में उच्च न्यायालय का रुख करने की बात कही है। इधर, बीजेपी ने इस घटना पर राजनीति शुरू कर दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आशंका जताई है कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में ईडी के पास मौजूद महत्वपूर्ण साक्ष्यों से छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का प्रयास किया जा सकता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 12 हजार में बुलट और 10 में अपाचे, लॉक तोड़कर पलभर में उड़ा लेते थे बाइक; फिर बेच देते सस्ते दामों में

**आगरा पुलिस ने एक वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो मास्टर चाबी से बाइक के लॉक तोड़कर चोरी करते थे। गिरोह का सरगना रवि कुमार सहित तीन सदस्य गिरफ्त**



**आगरा।** मास्टर चाबी से पलक झपकते ही बाइक के लाक तोड़कर चोर उसे चोरी कर लेते थे। नंबर प्लेट बदलकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 12 हजार में बुलट तो 10 हजार रुपये में अपाचे बेच देते थे। सिकंदरा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना सहित तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। निशानदेही पर चोरी की पांच बाइकें बरामद की गई हैं। इंस्पेक्टर सिकंदरा प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ने के बाद पुलिस टीम चोरों की तलाश में जुटी थीं। गुरुवार को फैक्टरी एरिया बोदला पुल के पास से शिव कालोनी निवासी रवि कुमार के अलावा रुनकता निवासी विशाल चौहान, बिट्टू परमार को गिरफ्तार किया।

आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की अपाचे बाइक बरामद की। निशानदेही पर मघटई रोड स्थित नाले के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई एक बुलट, दो अपाचे व एक पल्सर बाइक बरामद की।

गैंग का सरगना रवि कुमार है। वह अपने साथियों के साथ मास्टर चाबी से बाइक का लाक तोड़कर चोरी करते थे। इसके बाद फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बुलेट को 12 से 15 हजार व अपाचे को 10 से 12 हजार रुपये में बेचते थे। आरोपित महंगी बाइकें ही चोरी करते थे। आरोपित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बाइक बेचते थे, जिससे गांव और खेतों तक की बाइक का उपयोग हो और वह पकड़े न जा सकें। तीनों आरोपितों के खिलाफ सिकंदरा व जगदीशपुरा थाने में चार मुकदमे दर्ज हैं।

## मलिहाबाद: ओमनी वैन बनने जा रही बच्चों के लिए 'चलती मौत', हादसे के इंतज़ार में प्रशासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद, लखनऊ:** क्षेत्र के कई निजी स्कूलों में स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने के लिए उपयोग की जा रही ओमनी वैन बच्चों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही हैं। जानकारी के अनुसार, 50 से अधिक ओमनी वैन क्षेत्र में सक्रिय हैं, जो कि Zero Star Safety Rating श्रेणी में आती हैं और किसी भी आपात स्थिति में बच्चों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है।ये वैन अधिकतर 5 से 7 सीटर होती हैं, लेकिन इन वाहनों में नियमों को ताक पर रखकर 12 से 15 बच्चों तक को भेड़-बकरियों की तरह ठूंसा जाता है। इतना ही नहीं, ये वाहन सामान्यतः ष्टह्वत्न परमिट के तहत पंजीकृत होती हैं, लेकिन अधिक मुनाफा कमाने की लालसा में वाहन मालिक गैरकानूनी रूप से LPG सिलेंडर का प्रयोग कर रहे हैं। यह सीधे तौर पर एक चलती फिरती आग के गोलों जैसी है, जो किसी भी समय जानलेवा हादसे में बदल सकती है। परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की लापरवाही भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। क्षेत्र में समय-समय पर न तो चेकिंग अभियान चलाए जाते हैं और न ही कोई सख्त कार्रवाई की जाती है। इससे ऐसे अवैध वाहन बेधड़क सड़कों पर दौड़ रहे हैं।इस गैरकानूनी परिवहन में कुछ प्रसिद्ध निजी स्कूलों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिनमें सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल, सफा पब्लिक स्कूल, सेंट जोसेफ स्कूल प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन स्कूलों के प्रबंधन द्वारा इन खतरनाक वाहनों से बच्चों की ढुलाई करवाई जा रही है। यही नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूल भी इस अवैध व्यवस्था का हिस्सा बने हुए हैं। जहां एक ओर प्रशासन की लापरवाही चिंताजनक है, वहीं अभिभावकों की उदासीनता भी बच्चों की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है। माता-पिता को चाहिए कि वे केवल सुविधा और कम खर्च के चक्कर में अपने बच्चों की सुरक्षा से समझौता न करें। प्रशासन भी तत्काल प्रभाव से विशेष चेकिंग अभियान चलाए और अवैध रूप से संचालित हो रही ओमनी वैन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही, स्कूल प्रबंधन को भी निर्देशित किया जाए कि वे मान्यता प्राप्त, सुरक्षित और अधिकृत वाहनों से ही बच्चों के परिवहन की व्यवस्था करें। बच्चों की सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा नहीं हो सकता। यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो किसी बड़े हादसे का इंतजार करना होगा।

## जखौली के समीप हाईवे पर प्याज से भरा ट्रक पलटा, कुचलने से 3 की मौत, 2 घायल

**● डीएम एसपी पहुंचे मौके पर, संभाले हालात**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उरई(जालौन)-** एनएचएआई-27 पर ग्राम जखौली के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नासिक से कानपुर जा रहा प्याज से भरा एक ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पांच व्यक्तियों पर चढ़ गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए जिन्हें तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उपचार के उपरांत दोनों घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार तत्काल ही मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्वयं ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क पर बिखरी प्याज की बोरियों को हटवाया। ट्रक से प्याज की बोरियां हाइवे पर फैल जाने के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे प्रशासनिक प्रयासों से लगभग 20 मिनट में सामान्य कर दिया गया। हादसे में मृतकों की पहचान माया देवी (46 वर्ष) पत्नी अनंतराम निवासी जखौली तथा लौंगश्री (45 वर्ष) पत्नी बलबान निवासी उसरगांव कालपी के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वह ट्रक चालक हो सकता है। दुर्घटना में बंदना (18 वर्ष) पुत्री बलवान तथा अरमान पुत्र जयवीर घायल हुए हैं। प्रशासन द्वारा घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा शेष मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

## लखनऊ में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पति पर पिटाई का आरोप; मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** अयोध्या रोड स्थित कमता के अजय नगर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। पिता ने दामाद पर पिटाई के बाद हत्या करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने पति और सास, ससुर पर दहेज हत्या के लिए प्रताड़ित करने के आरोप में चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मड़ियांव के गायत्री नगर निवासी राजकुमार यादव ने बताया कि उन्होंने 30 वर्षीय बेटी प्रीती की शादी चार वर्ष पहले गोरखपुर निवासी संजय राय से की थी। बेटी लोहिया अस्पताल में संविदा पर स्टाफ नर्स थी और पति के साथ अजय नगर में रहती थी। उनका आरोप है कि पति और ससुराल के लोग दहेज की मांग कर अक्सर बेटी से मारपीट करते थे। आरोप है कि रविवार की दोपहर दामाद ने फोन कर उनकी छोटी बेटी प्राची से बताया कि तुम्हारी बहन मर गई है उसे लेकर जाओ। वह लोग घर पहुंचे तो बेटी अचेत हालत में कमरे में पड़ी थी। उसे लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां चार दिन बाद मौत हो गई। इसके बाद सूचना पुलिस को दी। चिनहट इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नहर में मिली दवाइयों के मामले की जांच तेज, पहुंचे अधिकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कदौरा (जालौन)-** गत रोज गुरुवार की सुबह नहर में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां मिलने के मामले की तह तक पहुंचने के लिए जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कदौरा पर एसडीएम मनोज कुमार सिंह और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डीके भिटौरिया ने संयुक्त रूप से पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जांच के दौरान अधिकारियों ने जिला मुख्यालय से जारी की गई दवाइयों के बैच नंबरों का नहर से बरामद दवाइयों के बैच नंबरों से मिलान कराया। अधिकारियों की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि नहर में मिली दवाइयां अस्पताल की ही थीं। अभिलेखों के अनुसार ये दवाइयां लगभग एक से डेढ़ वर्ष पूर्व विभिन्न उपकेंद्रों के लिए आवंटित की गई थीं। बैच नंबरों के मिलान से पुष्टि हुई है कि दवाइयां विधिवत रूप से जिले से जारी की गई थीं, लेकिन उनका इस तरह नहर में पाया जाना गंभीर लापरवाही व संभावित अनियमितता की ओर इशारा करता है। अधिकारियों ने बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि उक्त दवाइयां किन-किन उपकेंद्रों को जारी की गई थीं। इसके लिए स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी तथा उपयोग से संबंधित सभी रिकॉर्ड की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। प्रत्येक उपकेंद्र से जवाब तलब किया जाएगा और दवाइयों के उपयोग व निस्तारण का पूरा विवरण मांगा जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ डीके भिटौरिया ने बताया कि नहर में मिली दवाइयां एक से डेढ़ वर्ष पूर्व सीएचसी को जारी की गई थीं। ये दवाइयां गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए उपयोग में लाई जानी थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मामलों में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने ई0वी0एम0 वी0वी0 पैट गोदाम का किया निरीक्षण




**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने भिस्कुरी स्थित ई0वी0 एम0 /वी0वी0 पैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम व लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरे आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट को सुरक्षित वातावरण में रखा जाये। निरीक्षण के अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अशोक त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी से धमेन्द्र अग्रहरि, बहुजन समाज पार्टी से सद्दाम राइन, समाजवादी पार्टी से अनीस खान, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से छोटे खान, आम आदमी पार्टी से मनबोध दूबेसहित सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## मजाक बनकर रह गया आइजीआरएस पोर्टल

**● मजाक बनकर रह गया आइजीआरएस पोर्टलकागजों पर जांच, झूठी एवं भ्रामक रिपोर्ट, पीड़ित की सुनवाई शून्य**

**जनता का सबाल :आईजीआरएस जनता के लिए है या अफसर और दोषियों को बचाने के लिए**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** योगी सरकार में आइजीआरएस पोर्टल मजाक बनकर रह गया है यहां पर शिकायतकर्ता की नहीं अफसर की झूठी रिपोर्ट की सुनवाई किए जाने का मामला सामने आया है आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायतों में जांच जमीन पर नहीं कागजों पर होती है और मनमानी भ्रामक रिपोर्ट लगाकर शिकायत निश्तरित कर दी जाती है ऐसा ही एक मामला तहसील गोला में सामने आया है जहां खेल मैदान पर अवैध कब्जा की आइजीआरएस पोर्टल पर वर्ष 2022 में की गई शिकायत में लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और कानून को द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर बगैर जांच हुआ पैमाइश किए शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।

**क्या है मामला:** मामले पर एक नजर डालें तो तहसील गोला के अंतर्गत परगना कुकुर के ग्राम पंचायत जटपुरा में आरक्षित खेल मैदान गाटा संख्या 1192 लगवा 0.15 हेक्टेयर पर मुस्लिम समाज के दबंग लोगों द्वारा अवैध कब्जा करके आलीशान मकान खड़े कर लिए गए थे जिसकी शिकायत विपिन कुमार पुत्र परागुलाल निवासी जटपुरा ने शिकायत संदर्भ संख्या 40015322010052 के माध्यम से आइजीआरएस पोर्टल पर की थी उसकी जांच तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा ने की और खेल मैदान की आरक्षित जमीन की पैमाइश किए बगैर ही विपक्षी गानों से भारी भरकम सुविधा शुल्क लेकर फर्जी रिपोर्ट लगा दी भूपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा लगाई गई अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया कि खेल मैदान की जमीन विद्यालय की बाउंड्री बोल के अंदर है और उक्त खेल मैदान की जमीन पर किसी भी व्यक्ति का कोई अवैध कब्जा नहीं पाया गया । लिखते हुए शिकायत का फर्जी निस्तारण कर अवैध कबजेदारों को आवेदन दे दिया गया ।उपरोक्त फर्जी वाले का खुलासा उसे समय हुआ जब खेल मैदान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पुणे शिकायत की गई आइजीआरएस पोर्टल पर पुणे की गई शिकायत की जांच को गठित जाति में क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा जब मौके पर जाकर पैमाइश की गई तो उक्त खेल मैदान पर लगभग आधा दर्जन लोगों के अवैध मकान बन पाए गए। क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत की गई जांच में आयात कवियों की पुष्टि की गई है जिससे पूर्व में तैनात रहे लेखपाल भूपेंद्र कुमार वर्मा के फर्जी वाले की पोल खोल कर सामने आ गई। लोगों का आरोप है अफसर की इस मनमानी के चलते योगी सरकार में आइजीआरएस पोर्टल महज मजाक बनकर रह गया है और लोगों का विश्वास इस आइजीआरएस पोर्टल से उठता जा रहा है लोगों का आप यह भी है कि यह आइजीआरएस पोर्टल जनता को न्याय दिलाने के बजाय दोषियों को आवेदन और अफसर को बचाने के लिए ही बना है।

## संक्षिप्त खबरें

### सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर रही दबंग महिला, स्थगनादेश हाशिये पर



**बस्ती।** बस्ती जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के भैसहियां गांव निवासी शुभान अली नाजिर अली ने गांव की ही खुशबुन्निशा पत्नी सुबराती एवं रनिया पुत्री सुबराती पर सार्वजनिक रास्ते को अवरूद्ध करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बताया है कि गांव के सार्वजनिक रास्ते पर आरसीसी पिलर लगाकर कब्जा किया जा रहा है। इस संदर्भ मे शेखावत बनाम खुशबुन्निशां का वाद उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के न्यायाल मे विचाराधीन है। 15 नवम्बर 2025 को मौके पर यथास्थिति बनाये रखने हेतु एसडीएम सदर के न्यायालय से स्थगन आदेश भी जारी हुआ लेकिन दबंग महिला न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर सार्वजनिक रास्ते को अवरूद्ध करना चाहती है जिससे गांव के सैकड़ों लोगों का आना जाना होता है। विरोध करने पर आरोपी महिला धमकियां देती है। उसे पैसों का घमंड है और यही धौंस दिखाकर वह अपना उल्लू सीधा करना चाहती है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले मे कोतवाली पुलिस और ग्राम प्रधान की भूमिका संदेहास्पद है जबकि उक्त सड़क ग्राम पंचायत के बजट से पटाई गई है। शिकायतकर्ता ने न्यायालय का फैसला आने तक प्रकरण मे यथास्थिति बनाये रखने के लिये प्रशासन से गुहार लगाया है।

### अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस के क्रम में बस्ती में किसान-मजदूर संगठनों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंसंयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को जिले में अखिल भारतीय प्रतिरोध दिवस मनाया गया। इस दौरान किसान सभा, खेत मजदूर यूनियन, सीटू और एटक से जुड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बीज विधेयक रद्द किए जाने सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।परशुराम, अंगद पांडेय और नरसिंह भारद्वाज के नेतृत्व में न्यायमार्ग स्थित कार्यालय से जुलुस निकाला गया, जो जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। वहां प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।ज्ञापन में बीज विधेयक 2025, बीवी ग्राम जी कानून, बिजली विधेयक 2025 को रद्द करने, चारों श्रम संहिताओं को वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर योजना को खारिज करने समेत कुल छह मांगें शामिल रहीं। प्रतिरोध दिवस में बिजली, मिड-डे मील, आशा और यूपीएमएसआरए से जुड़े कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। प्रदर्शन में विजेंद्र प्रसाद, केशव राम, राम सहाय, रंजीत श्रीवास्तव, राम निरख, फूल चंद्र, के.के. तिवारी, अशर्फी लाल, अनीता, आकाश, संतोष यादव, अरविंद, शेषमणि, शंकर दास, अनुपमा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल




**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम उदगुवां में रहने वाली सविता पत्नी आनन्द ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 6 बजे उसका पति आनन्द अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 पी 6794 से मजदूरी का पैसा लेने तालबेहट आया था और तालबेहट से वापस अपने घर उदगुवां जा रहा था। बताया कि वह जैसे ही अदरक मण्डी के पास पहुंचा तो वहां ऑटो चालक द्वारा अपनी ऑटो संख्या यू.पी.93 टी 0250 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ऑटो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# किसान कांग्रेस की चेतावनी, कर्मचारियों का वेतन भुगतान कर मिल चालू कराये सरकार

**●वाल्टरगंज मिल चालू कराने व वेतन भुगतान की मांग को लेकर आरपार के संघर्ष का ऐलानवाल्टरगंज सुगर मिल प्रकरण पर कांग्रेस नेतृत्व गंभीर, आरपार के संघर्ष का ऐलानकर्मचारियों का एक एक पाई भुगतान करे मिल प्रबंधन-रामभवन शुक्ल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केकिसान कांग्रेस उ.प्र. पूर्वी जोन के अध्यक्ष रामभवन शुक्ल ने कहा कि गोविन्दनगर सुगर मिल, वाल्टरगंज को चालू कराने ओर कर्मचारियों के बकाये वेतन भुगतान को लेकर कांग्रेस पार्टी आरपार का संघर्ष करेगी। जब तक कर्मचारियों के वेतन का एक एक रूपया वसूल नही कर लेंगे, तब तक न तो मिल कटने देंगे और न ही यहां से उपकरण बाहर जाने देंगे। रामभवन शुक्ल प्रेस क्लब मे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होने कहा वाल्टरगंज सुगर मिल के प्रकरण मे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद तनुज पुनिया सहित अन्य शीर्ष नेताओं से विस्तार से वार्ता हुई है। नेतृत्व ने भी इस प्रकरण पर निर्णायक संघर्ष छेड़ने को कहा है। किसान नेता ने कहा 2004 में बजाज हिन्दुस्तान लिमिटेड ने इस मिल को नारंग कम्पनी से खरीदकर फेनिल ग्रुप को दे दिया। 2020-21 में इस मिल की मरम्मत कराकर पूर्व मे ट्रायल किया जा चुका है, मिल चलने योग्य पाई गई थी। लेकिन सैकड़ों कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर मिल को काटकर कबाड़ के रूप मे बेंचने की साजिश रची जा रही है।

इलाके के 75 किसानों ने नौकरी की लालच में अपनी जमीनें दिया था, मिल बंद होने के साथ ही उनकी नोकरी भी खत्म हो चुकी है। इनमे कई किसान ऐसे हैं जो भूमिहीन हो चुके हैं और उनके पास आय का दूसरा कोई स्रोत नही है। 2018 से कर्मचारियों का करीब 10 करोड़ रुपया वेतन बकाया है। उनके परिवार भुखमरी के कगार पर हैं तथा कर्ज और सामाजिक अपमान की स्थिति जीने को विवश हैं। किसान नेता ने कहा गोविन्दनगर सुगर मिल बंद हो जाने से व्यापक जनहित की अनदेखी हो रही है। साथ ही इलाके के 45 हजार किसान सीधे तौर पर प्रभावित हैं। इतना ही नही ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। किसान नेता ने साफ कहा मिल प्रबंधन किसानों और कर्मचारियों के साथ धोखा कर रहा है। गन्ना किसानों के हितों की रक्षा करना राज्य सरकार का दायित्व है। बकाया वेतन का भुगतान न करना श्रम कानूनों का भी उल्लंघन है। रामभवन शुक्ल ने चेतावनी के लहजे मे कहा कि स्थानीय प्रशासन व सरकार वाल्टरगंज मिल प्रकरण को गंभीरता से लेकर मिल चलाने का वैकल्पिक प्रबंध करे और कर्मचारियों का बकाया वेतन अविलम्ब भुगतान किया जाये, अन्यथा की स्थिति में किसान कांग्रेस हजारों किसानों को लेकर मिल का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेगी, इसकी सारी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। पत्रकार वार्ता में किसान कांग्रेस के बस्ती जिला प्रभारी अभय शुक्ला, जिलाध्यक्ष कुंवर जितेन्द्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, गंगा प्रसाद मिश्रा, महेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# नि:शुल्क पुस्तकालय का भव्य शुभारंभ, युवाओं को मिला ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन का नया केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में युवाओं को सही दिशा, मार्गदर्शन और ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली एवं युवा विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तकालय का भव्य शुभारंभ मिश्रौलिया, जनपद बस्ती (उत्तर प्रदेश) में किया गया शुभारंभ कार्यक्रम के उद्घ अतिथि महेश शुक्ल, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि उदय शंकर सिंह ने की। जबकि कर्नल केसी मिश्र, शाखा राम गदाधर पाण्डेय, भानु प्रकाश राणा और आनंद कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पुस्तकालय में दुर्लभ और प्राचीन पुस्तकों, शोध ग्रंथों, पांडुलिपियों, पत्र-पत्रिकाओं के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी, धर्म-अध्यात्म, साहित्य, सामान्य ज्ञान एवं विभिन्न समसामयिक विषयों से संबंधित पुस्तकों का एक विशिष्ट और वृहद संग्रह उपलब्ध कराया गया है, जो सभी पाठकों के लिए नि:शुल्क रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेश शुक्ल ने कहा कि 'डिजिटल युग में तकनीक ने ज्ञान को सुलभ जरूर बनाया है, लेकिन पुस्तकों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। पुस्तकालय वह स्थान है जहाँ व्यक्ति न केवल पढ़ता है, बल्कि सोचता है, आत्ममंथन करता है और संस्कार ग्रहण करता है। ऐसे प्रयास युवाओं को सही मार्ग पर ले जाने में मील का पत्थर साबित होंगे।' उन्होंने कहा कि आज के समय में जब युवा भटकाव का शिकार हो रहे हैं, ऐसे पुस्तकालय उन्हें सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करेंगे। सरकार भी शिक्षा, संस्कृति और ज्ञान से जुड़े ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित कर रही है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उदय शंकर सिंह ने कहा कि पुस्तकालय समाज की बौद्धिक रीढ़ होते हैं। यह नि:शुल्क पुस्तकालय उन छात्रों और युवाओं के लिए वरदान साबित होगा, जो आर्थिक कारणों से महंगे संसाधन नहीं जुटा पाते। पुस्तकें व्यक्ति के व्यक्तित्व को गढ़ने का कार्य करती हैं और जीवन को सही दिशा देती हैं। उन्होंने कहा की यह पुस्तकालय विश्व युवक केंद्र के रीजनल सेंटर के रूप में युवाओं को सही मार्गदर्शन देने का काम करेगा। कर्नल केसी मिश्र ने अपने संबोधन में युवाओं से अपील की कि वे पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपने भविष्य को मजबूत बनाएं वहीं आनंद कुमार ने कहा कि बच्चों के लिए पुस्तकें जादू की तरह होती हैं और पढ़ने की आदत एक महाशक्ति है। यह पुस्तकालय आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान, संस्कार और आत्मविश्वास प्रदान करेगा। इस अवसर पर डॉ नवीन सिंह, भानु प्रकाश राणा, राम मूर्ति मिश्र, राजेश मिश्र, मंगला प्रसाद मौर्य, राम पूरन चौधरी, अरविन्द कुमार सिंह, राम गदाधर पाण्डेय ने भी संबोधित किया। शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षक, समाजसेवी, छात्र एवं पुस्तक प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में यहां पठन-पाठन कार्यक्रम, प्रतियोगी परीक्षाओं के मार्गदर्शन सत्र, संगोष्ठी और पुस्तक चर्चा जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जनपद बस्ती के शैक्षिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जिले भर में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर बलरामपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें निर्भय वातावरण प्रदान करना रहा। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन एवं मिशन शक्ति नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में गठित महिला सुरक्षा दलों ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और ग्राम चौपालों में पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं तथा कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपात सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध (डिजिटल अरेस्ट), महिला अधिकारों एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई। शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए तथा थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली और उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी बताया गया। बलरामपुर पुलिस का कहना है कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे, ताकि प्रत्येक महिला और बालिका सुरक्षित, सशक्त एवं स्वाभिमान के साथ जीवन व्यतीत कर सके।

# शिवली में विधायक सुरेश पासी ने सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**●प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह के सौजन्य से वितरित किए गए कंबल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत ग्राम सभा शिवली में कड़ाके की ठंड को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया। यह कंबल वितरण कार्यक्रम प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। विधायक सुरेश पासी ने इस अवसर पर कहा कि गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ही सच्ची जनसेवा है। सरकार और जनप्रतिनिधि सदैव समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के साथ खड़े हैं।कार्यक्रम के दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा,जय सिंह चंदेल, वीर सिंह, महेश दुबे, संतोष पांडे, पंडित राम उंजरे शुक्ला, विनय चौरसिया सहित अनेक प्रबुद्ध जन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। ग्रामीणों ने इस पुनीत कार्य के लिए विधायक सुरेश पासी एवं प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो पेड़ से टकराया

**पांच विद्यार्थी घायल, तीन छात्राएं मेडीकल कॉलेज में भर्ती**

**ललितपुर।** पास के गांव आलापुर के पास शुक्रवार की सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से एक ऑटो पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में ऑटो में सवार पांच छात्र-छात्राएं घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे जाखलौन से ललितपुर आ रही ऑटो के आलापुर तिराहे के पास पहुंचने पर हुई। पीछे से आ रहे गेहूं से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। घायलों में जाखलौन निवासी बीए की छात्रा काजल कुशवाहा (20), छात्रा रक्षा (17) और आलापुर निवासी छात्र अमित (20) शामिल हैं। घायल अमित ने बताया कि ऑटो में जाखलौन से ललितपुर कॉलेज आने के लिए करीब आठ से अधिक छात्र-छात्राएं सवार थे। टक्कर के बाद ऑटो में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण : डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थल का किया भ्रमण

**●आलेख्य मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन, पात्र नागरिकों से फॉर्म-06 भरवाने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गणना प्रक्रिया के कए जनपद में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाने की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा विधानसभा बलरामपुर के अंतर्गत रैंडम आधार पर मतदेय स्थल संख्या 264 प्राथमिक विद्यालय गोदीपुर का भ्रमण कर आलेख्य मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा मौके पर उपलब्ध भरवाया सूची का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी पात्र नागरिकों से फॉर्म-06 भरवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 17, 18, 31 जनवरी एवं 01 फरवरी 2026 को विशेष तिथियां निर्धारित की गई हैं। इन विशेष अभियान तिथियों में जनपद के सभी 1805 मतदेय स्थलों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे तथा नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नागरिकों की सुविधा के लिए फॉर्म-06, 07 एवं 08 की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदाता सूची में अपना नाम जांच सकें और आवश्यकता अनुसार दावा या आपत्ति दर्ज करा सकें।

# मखौड़ा परसुरामपुर से हरैया शिवालाघाट तक मनोरमा बदहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के प्रतिष्ठित नदी मनोरमा अपनी दुर्दशा पर आंसू बह रही है जनप्रतिनिधि और विधायक प्रतिनिधि द्वारा सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए का वर्णन न्यारा हो गया लेकिन नदी जस की तस्वीर बनी हुई है लंबी-लंबी झाड़ियां जगह-जगह नदी सूख चुकी है उसकी मर्यादा समाप्त हो रही है जबकि वह मर्यादित स्थान मुख्यक्षेत्र मखौड़ा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्म का श्रेय प्राप्त हरिधाम हरैया की पहचान पतित पावनी मनोरमा की बदहाली को दिखाते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय ने इसकी बदहाली के लिए स्थानीय स्तर पर शासन प्रशासन की निष्क्रियता व जनता की शिथिलता को जिम्मेदार बताते हुए चिंता जताते हुए बताया कि हरैया तहसील के अन्तर्गत प्रवाहित मनोरमा की बदहाली बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है किन्तु परसुरामपुर के मखभूमि मखौड़ा धाम जहां अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ कराया था वहां व हरैया नगर पंचायत स्थित शिवाला घाट के पास इसकी बदहाली अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है धार्मिक महत्व के चलते यहां के स्थानीय लोग यहां के दूषित जल में स्नान पूजन अर्चन करने को बाध्य हैं नदियों की सफाई हेतु केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं यहां कागजी साबित हो रही है यु तो पूर्व जिलाधिकारी राजशेखर व प्रियंका निरंजन ने मनोरमा सफाई का अभियान चलाया था खण्ड विकास अधिकारी परसुरामपुर तो आये दिन स्वच्छता अभियान चलाते दिखाई देते हैं किन्तु वो सफाई जमीन स्तर पर कहीं परिलक्षित नहीं होता घाटों की साफ सफाई न होना सफाईकर्मी की कार्यपद्धति पर सवाल खड़ा करता जबकि कूड़े करकट का निस्तारण जन जागरूकता का आभाव नदी किनारे आवास व कृषि कार्य हेतु अतिक्रमण सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित न होना व दर्जनो स्थानों पर मांस मछली की दुकान प्रशासनिक उदासीनता का परिणाम है उन्होंने कहा कि हरैया के स्वाभिमान सम्मान के प्रतीक मनोरमा के उत्थान हेतु जनता को जागृत होकर संगठित प्रयास करना होगा।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर 32 केंद्रों पर 1107 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच हेतु व्यापक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के तहत जिले के 2 जिला चिकित्सालय, 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित कुल 32 स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान जनपद भर में कुल 1107 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई, जिनमें से 118 गर्भवती महिलाओं को उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) श्रेणी में चिन्हित किया गया। चिन्हित एचआरपी महिलाओं को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, उपचार तथा विशेष निगरानी में रखने के निर्देश संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों को दिए गए, ताकि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसव पूर्व जांच की गुणवत्ता, पंजीकरण व्यवस्था एवं दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया तथा संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की समयबद्ध जांच एवं जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की शीघ्र पहचान सुरक्षित मातृत्व की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मातृ स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बरतने, एचआरपी गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान देने एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य जनपद में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाना है, जिसके लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग निरंतर प्रयासरत है ताकि प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## महिला उत्पीड़न मामलों को लेकर महिला आयोग अध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**●प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) डॉ बबीता सिंह चौहान ने तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान कुल 10 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए महिला आयोग की अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। इसके उपरांत डॉ बबीता सिंह चौहान ने महिला कल्याण विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना तथा घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस विभाग से जुड़े दहेज उत्पीड़न, अपहरण, छेड़छाड़ एवं हत्या के मामलों की भी समीक्षा की। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक विवाह योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न मामलों में सहायता राशि, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, महिला पेंशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान व छात्रवृत्ति योजना, स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व लाभ योजना, आयुष्मान कार्ड योजना तथा दिव्यांगजन कल्याण विभाग की पेंशन एवं कृत्रिम अंग/उपकरण वितरण योजना की भी समीक्षा की गई। महिला आयोग की अध्यक्ष ने माध्यमिक व बेसिक शिक्षा, कौशल विकास एवं परिवहन विभाग से संबंधित महिलाओं की योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि टैक्सी, ऑटो व स्कूली बसों में चालक का नाम व मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित कराया जाए। बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं एवं परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, क्षेत्राधिकारी मनोज मिश्र, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के आरोप में युवक पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस ने थाने पर पंजीकृत मु.अ.सं. 46/2026 धारा 123, 65(1), 61, 351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 67 बी आईटी एक्ट में वांछित थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम मुहारा निवासी विनय पुत्र मनीराम अहिरवार को हिरासत में लिया है। दुष्कर्म के आरोप में युवक को पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## हसनपुर में दो दिवसीय मेले का फीता काटकर राकेश त्रिवेदी एवं अनूप बाजपेई, ने किया शुभारंभ



**महराजगंज, रायबरेली।** विकास खंड क्षेत्र हसनपुर में आयोजित दो दिवसीय मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश त्रिवेदी (आलू महराज) एवं अनूप बाजपेई, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी (महराजगंज द्वितीय) द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मेले के उद्घाटन अवसर पर मेला कमेटी द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गेश द्विवेदी (BDC हसनपुर एवं अध्यक्ष मेला कमेटी) ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्याम शर्मा (पूर्व प्रधान हसनपुर), शिवम शर्मा, बद्री विशाल अवस्थी (एडवोकेट), रामकृष्ण तिवारी, नीरज शुक्ल, अभिषेक सिंह, विनय सिंह, रामकुमार वर्मा, सतीश पाण्डेय, ओम प्रकाश अवस्थी, सर्वेश पासवान, अभिनव सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, बिंदेश गुप्ता, गिरीश चौधरी, विक्की पाण्डेय, राजकुमार पांडे, अरुण द्विवेदी, राघवेंद्र द्विवेदी, संतोष द्विवेदी, प्रशांत द्विवेदी एवं अनुराग द्विवेदी सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मेले के अंतर्गत कल अपराह्न 3 बजे से भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा, जिसे देखने के लिए क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

## हसनपुर में दो दिवसीय मेले का आगाज,आलू महराज' और अनूप बाजपेई ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**महाराजगंज, रायबरेली–** क्षेत्र के हसनपुर ग्राम सभा में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक मेले का हर्षोल्लास से शुभारंभ हुआ। मेले के प्रथम दिन मुख्य अतिथि राकेश त्रिवेदी (आलू महराज) और विशिष्ट अतिथि अनूप बाजपेई ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेला आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथियों को माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूरा मेला परिसर जयकारों से गूंज उठा। मेला कमेटी के अध्यक्ष व हसनपुर बीडीसी दुर्गेश द्विवेदी और पूर्व प्रधान श्याम शर्मा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। मेला कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शनिवार से 'रामलीला' का मंचन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस मौके पर शिवम शर्मा, बद्री विशाल अवस्थी रामकृष्ण तिवारी, नीरज शुक्ल। अभिषेक सिंह, विनय सिंह, रामकुमार वर्मा, सतीश पाण्डेय, ओम प्रकाश अवस्थी। सर्वेश पासवान, अभिनव सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, बिंदेश गुप्ता, गिरीश चौधरी समेत सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## बेकाबू हाइड्रा की टक्कर से ई रिक्शा चालक और सड़क किनारे बैठी दो महिलाएं घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर के डलमऊ रोड मनोज धर्म कांटा के निकट शुक्रवार को तेज रफ्तार बेकाबू हाइड्रा ने सड़क किनारे खड़े ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई रिक्शा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और टक्कर के बाद पास की गुमटी से जा टकराया जहां बैठकर धूप सेक रही दो बुजुर्ग महिलाएं हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। वहां मौजूद राज्यों ने फौरन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल कर दिया। कस्बे के संत नगर मोहल्ला निवासी श्याम बाबू ई-रिक्शा लेकर सड़क किनारे खड़े होकर सवारियों का इंतजार कर रहे थे। तभी डलमऊ की तरफ जा रहे बेकाबू हाइड्रा ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्ती की ई रिक्शा का अगला हिस्सा मुड़कर पिछले हिस्से में जाकर चिपक गया और जोर का धक्का लगने के कारण पास में ही बेंच में बैठकर धूप सेक रही मोहल्ले की शीला व रानी यादव चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चिक पुकार मच गई मौके पर मौजूद लोगों ने फौरन घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा चालक को हिरासत में लेकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां तीनों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल में पर कर दिया।

# आनंदा डेयरी प्लांट में दूसरे दिन भी जारी रही आयकर विभाग की छापेमारी

● शनिवार तक चल सकती है जाँच।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** नगर के फतेहपुर रोड पर कोतवाली गेट के सामने स्थित आनंदा डेयरी प्लांट में आयकर विभाग की छापेमारी दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रही। सुबह से ही अधिकारी प्लांट परिसर में डटे रहे। इस दौरान पूरे परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। आयकर विभाग की इस कार्रवाई से डेयरी प्रबंधन और कारोबार से जुड़े लोगों में हलचल बनी हुई है। नगर के लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज परिसर में सामर्थ्या, राधे राधे, मदर डेयरी के साथ आनंदा डेयरी प्लांट संचालित है। इसी परिसर में दूध और दूध से बने उत्पादों की पैकेजिंग की जाती है। गुरुवार की सुबह करीब सात बजे हरियाणा और दिल्ली नंबर की कई गाड़ियों से आयकर विभाग की टीम यहां पहुंची थी। छापेमारी का नेतृत्व इनकम टैक्स विभाग के डिप्टी डायरेक्टर कुमार सौम्य कर रहे हैं। उनके साथ डीडीआईटी अविनाश चंद्र और इनकम टैक्स ऑफिसर सचिन गोयल की टीम मौजूद है। टीम ने डेयरी प्लांट के एडमिन ब्लॉक से कंप्यूटर, लैपटॉप और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। अधिकारी देर रात तक रिकॉर्ड खंगालते रहे। आय और व्यय से जुड़े कागजातों की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार डेयरी में कार्यरत कर्मचारियों के बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई के दौरान कोल्ड स्टोरेज परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। लेखा जोखा संभालने वाले अधिकारियों को छोड़कर अन्य कर्मचारियों के मोबाइल फोन जमा कराकर ही उन्हें घर जाने दिया गया। हालांकि पूरे दिन दूध सप्लाई से जुड़े टैंकरों की आवाजाही बनी रही। इस दौरान परिसर में तैनात सीआरपीएफ के जवानों ने चालकों की कड़ी निगरानी की। सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त रही। दूसरे दिन भी मीडिया कर्मियों को परिसर के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि जांच प्रक्रिया शनिवार को भी जारी रहेगी। शनिवार शाम तक ही जांच से जुड़ी आधिकारिक जानकारी मीडिया को दी जा सकती है।

## हैदरगढ़ टोल प्लाजा प्रकरण में महराजगंज के अधिवक्ताओं ने जताया विरोध दोषियों पर हो कार्यवाही



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** हैदरगढ़ टोल प्लाजा प्रकरण में महराजगंज के अधिवक्ताओं ने जताया विरोध दोषियों पर किया कड़ी कार्यवाही की मांग। सड़क पर उतरकर अधिवक्ताओं ने लगाया पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे। आपको बताते चलें कि, बुधवार शाम बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता के मामले में आज रायबरेली जनपद के महाराजगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने आपातकालीन बैठक कर घटना पर आक्रोश व्यक्त किया और सड़कों पर उतरकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर घटना की घोर निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग किया।

अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में घूम-घूम कर नारेबाजी करते हुए पुलिस चौकी तिराहे पर घूमते हुए वापस तहसील आए वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी ने बताया कि टोल प्लाजा पर साथी अधिवक्ता के साथ जो दुर्व्यवहार किया गया है उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है शासन प्रशासन से दोस्तों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग किया इस मौके पर महाराजगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामसनेही यादव महामंत्री पंकज प्रकाश श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री ज्योति प्रकाश अवस्थी, सर्वेश कुमार अवस्थी, मनीष तिवारी, मदन दीक्षित, अमित शुक्ला, राधेश्याम, सत्य प्रकाश मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार डंपर ने पिकअप को मारी टक्कर, चालक घायल



**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव हाईवे पर बाबा का पुरवा मजरे सेमरपहा गांव के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप चालक अनिल कुमार पाल को मामूली चोटें आई हैं। कानपुर के पनकी के रहने वाले अनिल कुमार पाल ने बताया कि वह कानपुर से पिकअप लोडर में शटरिंग का सामान लादकर रायबरेली जा रहे थे। इसी दौरान उलटी दिशा से आ रहे डंपर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप वाहन के आगे का हिस्सा पूरी तरह टूट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को बाहर निकाला गया। उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली है।

# सड़क सुरक्षा बैठक में जिलाधिकारी के दिखे सख्त तेवर

● जल्द से जल्द सड़कों के गड्ढे भरें, अनावश्यक स्पीड ब्रेकर तोड़ें-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**हमीरपुरः–** मुख्यालय के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में शुक्रवार के दिन विधायक सदर डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति की उपस्थिति में जिलाधिकारी घनश्याम मीणा द्वारा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विगत जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक सड़क दुर्घटनाओं के तुल्नात्मक विवरण, मृतकों एवं घायलों की संख्या, दुर्घटना का कारण एवं कमी लाये जाने हेतु उपायों पर विचार विमर्श किया गया साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के कैशलेश उपचार के संबंध में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित योजना 2025 के क्रियान्वयन, राहवीर योजना तथा जनपद में ब्लैक स्पॉट पर किये गये सुधारीकरण कार्यो की समीक्षा की गयी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जन जागरूकता एवं विद्यालयों में प्रचार प्रसार, नो हैल्मेट, नो फ्यूल हेतु शहरी पेट्रोल पम्पों पर सुरक्षा व्यवस्था, सुमेरपुर तिराहा के चौड़ीकरण एवं सड़क सुरक्षा मानकों को पूर्ण कराने के कार्य, सड़क दुर्घटना राहत एवं हिट एण्ड रन कमेटी, खनन परिवहन एवं ओवरलोडिंग यातायात नियमों का उल्लंघन कर संचालित वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही, शीतऋतु के दृष्टिगत ट्रैक्टर ट्रॉलियों एवं बड़े वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप तथा फैक्ट्री एरिया, जे0के0 सीमेन्ट फैक्ट्री के समीप रोड किनारे खड़े वाहनों के दुर्घटना से बचाव, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा एवं स्वैच्छिक मदद आदि की जानकारी ली गयी।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि ब्लैट स्पॉट एवं दुर्घटना बाहुल्य जगहों पर निर्धारित मानक के अनुरूप ऐसे ब्रेकर बनाये जाए जो वाहनों की स्पीड को तोड़ सकें। मानक के अनुरूप ब्रेकर बनाये जाने से सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आयेगी। उन्होने अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी को निर्देश दिए कि जनपद की सभी सड़को पर पैच मरम्मत एवं गड्ढा मुक्ति का कार्य सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने अवगत कराया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को कैशलेस उपचार के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित योजना 2025 का क्रियान्वयन किया गया है, जिसमें सड़क दुर्घटना के पीड़ितो को दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों के अन्दर रू0 1.50 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। उन्होने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाए। उन्होने कहा कि नो हैल्मेट, नो फ्यूल के नियम को अमल में लाया जाए तथा ओवर स्पीडिंग, रॉग साइड, मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रंकन ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीटबेल्ट को लेकर प्रवर्तन कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, मुख्य विकास अधिकारी अरूण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अभिताभ राय, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग दृगपाल सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद हमीरपुर हेमराज, यातायात क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारीध् कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# शोहरतगढ़ के लेदवा गांव में चौपाल कार्यक्रम औपचारिकता बनकर रह गया, ग्रामीणों में दिखी नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत लेदवा में आयोजित चौपाल कार्यक्रम महज औपचारिकता बनकर रह गया। यह कार्यक्रम मात्र 20 मिनट में ही समाप्त हो गया, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। कार्यक्रम में केवल ग्राम पंचायत अधिकारी अजय भारती ही उपस्थित रहे, जबकि अन्य संबंधित कर्मचारी नदारद नजर आए। वहीं ग्रामीणों की भागीदारी भी बेहद कम रही। चौपाल में मात्र चार महिलाएं उपस्थित हुई, जबकि अधिकांश ग्रामीण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि चौपाल का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं को सुनना और मौके पर समाधान करना होता है, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति और जल्दबाजी में कार्यक्रम समेट दिए जाने से लोगों का भरोसा कमजोर हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में चौपाल कार्यक्रम को गंभीरता से और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ आयोजित किया जाए, ताकि आम जनता अपनी समस्याएं खुलकर रख सके और उन्हें त्वरित समाधान मिल सके। इस संबंध में बीडीओ चन्द्र भूषण तिवारी ने कहा कि चौपाल कार्यक्रम की जानकारी कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## व्यापारियों ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन



**डलमऊ रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में राहगीरो एवं स्थानीय लोगों ने खिचड़ी का स्वाद चखा डलमऊ कस्बे के लालगंज रोड पर व्यापारियों ने स्टाल लगाकर खिचड़ी, मट्ठा, नींबू आदि का वितरण किया।व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने बताया कि वह पिछले कई वर्षो से खिचड़ी भोज का आयोजन कर रहे हैं व्यापारियों के सहयोग से विभिन्न अवसरों पर जनहित में ऐसे कार्य करते रहते हैं। इस मौके पर नीरज वैश्य, पुरुषोत्तम शुक्ला, पथवारी शंकर, सरयू प्रसाद सोनकर, हिमांशु वैश्य, दिनेश मौर्य, सीताराम कौशल, अमान वैश्य, रामू गुप्ता, संतोष कौशल एवं अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर अवैध मस्जिद निर्माण का आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मलिहाबाद।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भतोइया में सरकारी सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जे का मामला गरमाता जा रहा है। ग्राम पंचायत की खाद के गड्ढे खलिहान और सरकारी स्कूल की आरक्षित भूमि पर मस्जिद निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है।प्रशासन को सौंपा ज्ञापन शुक्रवार को भिम्मा खेड़ा निवासी राधेश्याम ने क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ एसडीएम मलिहाबाद को एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम सभा की कीमती और सुरक्षित भूमि पर बिना किसी वैध दस्तावेज के मस्जिद का निर्माण कर लिया गया है।

मस्जिद का निर्माण कथित तौर पर खाद के गड्ढे खलिहान और स्कूल के लिए आरक्षित जमीन पर किया गया है।शिकायतकर्ता का दावा है कि इस निर्माण के पास भूमि से संबंधित कोई भी वैध साक्ष्य या अनुमति पत्र मौजूद नहीं है।सुरक्षित भूमि पर कब्जे से सरकार को राजस्व की बड़ी क्षति हो रही है।ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल और खलिहान की जमीन पर कब्जे से गांव के सार्वजनिक कार्यों और बच्चों की शिक्षा के विस्तार में बाधा आ रही है।ज्ञापन के माध्यम से राधेश्याम ने एसडीएम से मांग की है कि उक्त स्थल की राजस्व टीम से पैमाइश कराई जाए और अवैध कब्जे को हटवाकर सरकारी भूमि को अविलंब मुक्त कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि न्यायहित में शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो वे उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाएंगे। इस संबंध में एसडीएम मलिहाबाद ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार उचित कार्यवाही की जाएगी।

# नंदकिशोर कैलाशचंद महाविद्यालय में NSS द्वारा विवेकानंद जन्मोत्सव पर प्रेरक संगोष्ठी

● डॉ. राहुल वर्मा ने आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का किया समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/सीतापुर।** नंदकिशोर कैलाशचंद महाविद्यालय, टिकरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स्) द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय की असिस्टेंट डीन सीडीसी डॉ. सुधाकर वर्मा ने की।

इस आयोजन का मूल उद्देश्य युवाओं में विवेकानंद की चेतना, आत्मबल, कर्मनिष्ठा, राष्ट्रवाद और मानवधर्म पर आधारित जीवन-दृष्टि को जागृत करना था। विवेकानंद का व्यक्तित्व केवल एक संन्यासी का नहीं बल्कि विचारों, साहस, अनुशासन, संगठन-शक्ति और आधुनिकता का समन्वय था, जो आज भी युवाओं को चुनौतियों से लड़ने की ऊर्जा देता है।

कार्यक्रम के मुख्य समागम में वक्ता डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि– 'युवा यदि विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा ग्रहण करें तो उनका जीवन लक्ष्यहीन नहीं रह सकता। विवेकानंद ने युवाओं को आत्मबल, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की वह चाबी दी है, जिससे सफलता के मुख्य द्वार सहज ही खुल जाते हैं।' उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आज आवश्यकता केवल पुस्तकीय ज्ञान की नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, नैतिकता और कर्तव्यभाव की है–जो विवेकानंद के दर्शन के केंद्र में स्थित है।

संस्था की डायरेक्टर संतोष वर्मा ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को विवेकानंद की कार्यनिष्ठा और राष्ट्र-समर्पण की भावना से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि– 'आज का युवा यदि सोच ले कि वह अपने क्षेत्र, समाज और देश के लिए कुछ सार्थक करेगा, तो उसकी दिशा और गति दोनों बदल जाएंगी। '

महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए युवाओं को अनुशासन, समय-प्रबंधन, सेवा-भाव और लक्ष्य-सिद्धि की ओर प्रेरित किया।

अंत में कार्यक्रम की ओएसडी डॉ. राहुल वर्मा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम एवं एम.एस.सी. के छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे, जिनके उत्साह ने यह स्पष्ट कर दिया कि विवेकानंद आज भी भारतीय युवाओं की प्रेरणा के आधारस्तंभ हैं।

विवेकानंद : युवाओं के लिए जीवन-दिशा विवेकानंद ने कहा था– 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। 'यह वाक्य केवल प्रेरक नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन-नियतिवाक्य है। आज का युवा बेरोजगारी, तनाव, प्रतिस्पर्धा और मूल्य-संकट के बीच खड़ा है। ऐसे समय में विवेकानंद का संदेश उसे



भय से मुक्त करता है, संकोच तोड़ता है और आत्मविश्वास की लौ प्रज्वलित करता है। उनकी दृष्टि में युवाओं की शक्ति समाज-निर्माण, राष्ट्र-निर्माण और मानव कल्याण की सबसे बड़ी धुरी थी। वे कहते थे–'युवा ही वह शक्ति है जो भविष्य को आकार देती है। ' राष्ट्र को आज भी ऐसे ही निष्ठावान, विचारशील, कर्मठ और जागरूक युवाओं की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना और विवेकानंद की आत्मा राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल तत्व–'मैं नहीं, तू'–विवेकानंद की ही आध्यात्मिकता और समाजधर्म का विस्तार है। सेवा, त्याग, दायित्व और मानवता उनके विचारों की प्राणवायु थी। हस्स् इस चेतना को धरातल पर सक्रिय करने का एक प्रभावी माध्यम है। इस आयोजन से स्पष्ट हुआ कि विवेकानंद केवल इतिहास के नायक नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता और भविष्य की दिशा हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सफलता केवल शीर्ष पर पहुँचने का नाम नहीं बल्कि चरित्र, कर्म, समर्पण और संकल्प का परिणाम है। युवा यदि थोड़ी सी जागरूकता, थोड़ी सी कर्मठता और थोड़ी सी राष्ट्रचिंतन को अपने जीवन में शामिल कर लें तो उनका मार्ग स्वयं सुगम हो जाता है।

# हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता और जागरूकता का संदेश

● मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देते प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डलमऊ मठ के प्रख्यात संत महामंडलेश्वर देवेंद्रानंद गिरी महराज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने सामाजिक समरसता,एकता और जागरूकता पर जोर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की आरती और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। वॉलीबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी सधोले शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डलमऊ मठ के प्रख्यात संत महामंडलेश्वर देवेंद्रानंद गिरी महराज ने कहा कि हिंदू समाज अब जागरूक हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके सहयोगी संगठन समाज में समरसता और संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं। शताब्दी वर्ष में संघ पांच परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रहा है। इससे समाज में जन जागरण का वातावरण बन रहा है। इस मौके पर पद्मश्री विजेता एथलीट सुधा सिंह, श्वेता तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि



राजेश फौजी, विकल्प पांडेय, शिवबरन कुशवाहा, अशोक बाजपेई प्रियंका वाजपेई, बृजलाल तिवारी, विनीत सैनी, रमेश माली, पुनीत सैनी, आशीष वर्मा शैलेंद्र कुमार, अमरेंद्र गिरीं, राहुल अजीत, निर्भय, गयादीन, भोला यादव, इंद्रेश यादव, रामधनी यादव, अखिलेश, दिलीप सिंह, रामविलास लोधी, सोनी निर्मल, पुत्तीलाल, राम बहादुर, बाबूलाल बघेल, पुष्पम सुशील कुमार गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में दी गई विभिन्न जानकारियां

● अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को जारी किया गया नोटिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः–** मौदहा ब्लाक प्रमुख सुशीला निषाद की अध्यक्षता में शुक्रवार के दिन मौदहा विकासखण्ड सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आहूत की गयी। बैठक में राघवेन्द्र सिंह उपायुक्त श्रम रोजगार हमीरपुर/खण्ड विकास अधिकारी मौदहा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद, अमर सिंह सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), अनिल त्रिपाठी सहायक विकास अधिकारी (आई.एस.बी.) एवं डा0 धर्मेन्द्र सिंह उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी, संजीव कुमार अवर अभियन्ता नलकूप, राजेन्द्र प्रसाद अवर अभियन्ता सिंचाई विभाग, संजय यादव अवर अभियन्ता लघु डाल नहर, राजबहादुर अवर अभियन्ता ग्राम्य विकास विभाग, पुष्पेन्द्र पाल ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), पूजा बाल विकास परियोजना अधिकारी मौदहा, नेहा सुपरवाईजर बाल विकास विभाग मौदहा, समस्त सचिव, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी की बैठक मुख्यालय में होने के कारण उक्त बैठक में उपपस्थित नहीं हो सके। अमर सिंह सहायक विकास अधिकारी (पं0) द्वारा अवगत कराया गया कि जिन व्यक्तियों की आय एक लाख रूपये से कम है, मान्यता प्राप्त विद्यालयों में उन परिवारों के बच्चों को शिक्षा शुल्क में 25 प्रतिशत् छूट प्रदान की जायेगी।

डा0 धर्मेन्द्र सिंह, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों को 05 बकरियां एवं 01 बकरा पर रू0-45000.00 तथा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को रू0-80000.00 अनुदान अनुमन्य है। इसी प्रकार 20 भेड़ों पर 131000.00 का अनुदान, मिनी नन्दिनी गाय पर 80000.00 का अनुदान। कामधेनु योजनान्तर्गत 10 गाय पर 80 प्रतिशत् की छूट है जिसमें गिरि साहीवाल कारपर गाय ही कय की जायेगी। नेहा शर्मा सुपरवाईजर द्वारा अवगत कराया गया कि गर्भवती धात्री 0 से 03 वर्ष एवं 03 वर्ष से 06 वर्ष तक के बच्चों को राशन वितरण के बारे में विशेष जानकारी दी गयी। उपायुक्त श्रम रोजगार द्वारा अवगत कराया गया कि सभा मनरेगा श्रमिक व अन्य श्रमिक जो 60 दिन कहीं भी कार्य करते है उन श्रमिकों को जन्म से लेकर मृत्यु तक ई-श्रम कार्ड के तहत बच्चों को साईकिल, छात्रवृत्ति, बीमा, आदि का लाभ प्राप्त होगा। संबन्धित श्रमिक किसी जनसेवा केन्द्र में 100 रू0 के शुल्क पर बनवाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये टोल फ्री नम्बर-18001805412 एवं बेवसाइट upbocw.in व cessupbocw.in पर प्राप्त की जा सकती है। सदन में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने राशन की दुकान में निरमा एवं 21 पैकेट साबुन, चाय की पत्ती के बदले में 100 रू0 लिये जाते है तब राशन दिया जाता है। उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने इसका विरोध किया जिसमें उपायुक्त मनरेगा द्वारा जनपद स्तर पर वार्ता कर समस्या का निदान किये जाने की बात कही गई। बैठक में नमामि गंगे, जल निगम के कर्मचारी अनुपस्थित रहे जिस पर सदन ने निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया। उपायुक्त मनरेगा द्वारा संबन्धित के विरूद्ध स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

# खजाना लुटा और कोयले पर मुहर लगाने की जुगत

एक वरिष्ठ पत्रकार चिंतक संपादक जी ने फेसबुक पर लिखा है - 'कल खिचड़ी खाने के पूर्व पाँच मुट्ठी चावल और पाँच मुट्ठी उड़द की दाल दान के वास्ते हर सदस्य ने निकाली थी। घर में पाँच लोग हैं। इसलिए ढेर सारी खिचड़ी, रेवड़ियाँ, घी का पैकेट दे कर कहा गया, मंदिर में दे आओ। इसमें रुपये भी थे। मंदिर गया पर वहाँ जा कर लगा, पत्थर के देवता तो आस्था के प्रतीक हैं। ये तो खाएँगे नहीं। मंदिर की प्रबंध कमेटी के लोग हर तरह के धतकर्म करते हैं, वे रख लेंगे। यदि पुजारी को दूँ तो वही कौन-सा धर्मात्मा है ! इसलिए मैंने वह सारा सामान जाड़े से ठिठुरते झाड़ू लगा रही एक स्त्री को दे दिया। पत्थर की मूर्ति से क्या अपेक्षा और मंदिर के दानपात्र में डाल दो तो उस प्रबंध कमेटी के सेठ संभव है मेरी सामग्री को अपनी दुकान में ले जा कर बेच दें। मैंने निष्कर्ष निकाला कि दान वंचित को करें। भरे पेट सेठों को नहीं। '

अब उनकी इस टिप्पणी पर मैंने सहृदयता से यह जबाव लिखा -' देने वाला और है देवत है दिन रैन /लोग भरम मो पर करे ताको नीचे नैन। 'मैं ने आगे लिखा कि गीता के अनुसार सात्त्विक दान वह है जो एक हाथ से दूसरे हाथ को भी पता न चले। गीता में तीन तरह के दान बताए गए हैं एक सात्विक दूसरा राजसिक और तीसरा तामसिक। इसे आधुनिक कालखंड में इस तरह भी समझ सकते हैं राजसिक दान इन दिनों अडानी के हिस्से में आ रहा है तामसिक दान ट्रंप दादा येन-केन प्रकरेण वसूली करने पर आमादा है बचा सात्विक दान कथित अस्सी करोड़ लोगों को दीनदयाल अंत्योदय योजना से पिछले दशक से मिल रहा है जिनमें से आधे होंडा स्प्लेंडर बाइकों वैगन-आर सैंट्रो कार में बैठ कर मुफ्त का राशन लेने आते हैं और उसे बाजार में आधे पोने दाम पर बेच कर अपने राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण कर रहे हैं। अब अगर कोई श्रेष्ठ जन अपनी श्रद्धा आस्था से पांच मुठ्ठी चावल दाल मूंगफली और रेवड़ी मिला कर सुपात्र ढूंढ़ने का प्रयास करें और ढूंढ भी ले तो इस से किसी कर्मणाडी पंडित या भिखारी के परिवार का कितना भला हो सकता है? यह तो सिर्फ आत्म संतोष है बिल्कुल ऐसा कि सोना लुट गया और हम कोयले पर मुहर लगा रहे हैं।

देश पूंजीपति चला रहे हैं दल बदलते हैं दिल नहीं बदलते। अटल बिहारी वाजपेयी सही बता कर गए' सरकारें सब एक सी होती हैं कुछ कम खराब कुछ अधिक खराब सरकारों का मुखौटा बदलता है चरित्र नहीं बदलता क्योंकि जैसे ही सत्ता की लगाम किसी दूसरे राजनीतिक दल के पास पहुंचती है तो उसमें पिछले सत्ता धारी दूसरे दलों के कथित चरित्रवान सत्ता का आनंद उठाने के लिए एंट्री मार लेते हैं सत्ताधारी दल की मजबूरी होती है कि वह चीन की तर्ज पर विस्तार वादी नीति अपनाता है ताकि कुछ घटत बढ़त हो तो सत्ता बनी रहे और जब से विभिन्न क्षेत्रीय दलों के समर्थन और एलायंस से सत्ता पाने और चलाने का सिलसिला चला है हालात और भी रसातल में पहुंच गए हैं। अब एक गरीब वो वोट बैंक है जो जन्म से पैदा होता है और संविधान के दस साल की सीमा रेखा को 76 साल तक खींच कर मौज ले रहा है बेशक आइएएस आइपीएस सुप्रीम कोर्ट का न्यायमूर्ति बन जाए लेकिन आरक्षण की रेवड़ी को नहीं छोड़ ना चाहता इसी तर्ज पर कुछ और दबंग जाति से जुड़े होकर भी ओबीसी की मिठाई खाकर सेहत बना रहे हैं बचा कुचा बेड़ा गर्क उन अस्सी करोड़ मुफ्त के राशन खोरों में शामिल है जो पांच किलो मुफ्त राशन लेकर गरीब होने का फर्जी ढोंग कर पात्रों का हक मार रहें हैं यह सारा खेल भ्रष्ट व्यवस्था और नैतिकता के अलंबरदारों के देखरेख में चलता है और चलता रहेगा और हम मे से कुछ निरीह सज्जन हैं जो अपनी नेकी की कमाई से खरीदे पांच मुठ्ठी खिचड़ी के लिए भी सुपात्र की खोज करने की कोशिश कर रहे हैं। व्यवस्था धता बता रही है सत्ता खिलखिला रही है और आम आदमी रामराज की कल्पना में नैतिकता की नाव पर सवार होकर नीति नियंताओ की खोदी खाई से बाहर आने के लिए तिलमिला रहा है जय हो संविधान की जिसकी छत्रछाया में सब कुछ चल रहा है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# सनातन हिन्दू धर्म में अंतिम यात्रा के महत्व को भूलती आधुनिक पीढ़ी

हिन्दू धर्म परंपरा के अनुसार मनुष्य के जीवन में गर्भाधान से लेकर मृत्यु तक षोडश संस्कार, अर्थात प्रकार के सोलह संस्कार, किए जाते हैं। भारतीय हिन्दू धर्मग्रंथों में इन सभी संस्कारों का विधि-विधान विस्तार से वर्णित है। इन सोलह संस्कारों में सबसे अंतिम और अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार होता है अन्त्येष्टि संस्कार, जिसे मृत्यु कर्म संस्कार भी कहा जाता है। जब जीवात्मा अपने कर्मभोग के अनुसार मानव रूप में निर्धारित आयु पूर्ण कर शरीर का परित्याग करती है, उसी क्षण मृत्यु घटित होती है और उसी के साथ हिन्दू धर्म के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया आरंभ होती है । यह संस्कार मृतात्मा की शांति और मोक्ष की कामना से किया जाता है, इसलिए इसकी प्रक्रिया लंबी और जटिल मानी गई है। गरुड़ पुराण के अनुसार मृत्यु लोक से यमलोक की दूरी छियासी हजार योजन, अर्थात लगभग सात लाख किलोमीटर मानी गई है । शरीर त्यागने के बाद जीवात्मा को यम मार्ग की यात्रा अपने कर्मों के फलस्वरूप तय करनी पड़ती है । यदि मनुष्य ने जीवन में निष्पाप रहकर सत्कर्म किए हों तो यह मार्ग सुगम होता है, किंतु छल, कपट, दंभ, झूठ और दूसरों को पीड़ा देने वाले कर्मों के कारण यह यात्रा अत्यंत कष्टदायक बन जाती है, जहाँ मृतात्मा को प्रत्येक कोस पर घोर यातनाएं सहनी पड़ती हैं।

आज के आधुनिक, स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त युग में अधिकांश लोग शास्त्र सम्मत बातों को या तो नजरअंदाज कर देते हैं या उन पर विश्वास ही नहीं करते। विज्ञान पर बढ़ते भरोसे के कारण भारतीय धर्मग्रंथों की बातों को लोग महत्व नहीं देते, जबकि विज्ञान आज भी मृत्यु और उसके रहस्य को समझने में असमर्थ है । पूर्व के पंद्रह संस्कारों की तरह अंतिम संस्कार में भी मृतक के परिजन, रिश्तेदार और परिचित एकत्र होकर मृतक को श्मशान तक ले जाते हैं और तब तक वहां से वापस नहीं लौटते, जब तक कि देह अग्नि को पूर्ण रूप से समर्पित न कर दी जाए। यह परंपरा आज भी हिन्दू समाज में प्रचलित है। समय के साथ रीति-रिवाजों के निर्वहन के तरीकों में परिवर्तन अवश्य आया है, परंतु संस्कारों की मूल प्रक्रिया आज भी प्राचीन परंपराओं के अनुसार ही की जाती है। शास्त्रों के अनुसार यदि संस्कार विधि-विधान से किए जाएँ तो जीवात्मा को परलोक में कम कष्ट भोगना पड़ता है । वर्तमान समय में लोग कार्य व्यस्तता का हवाला देकर धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक और शोक कार्यक्रमों से दूरी बनाने लगे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि भारत में इंटरनेट और स्मार्टफोन का सर्वाधिक उपयोग होता है और एक व्यक्ति प्रतिदिन चार से पाँच घंटे मोबाइल पर व्यतीत करता है। ऐसे में यह कहना कि अंतिम यात्रा में शामिल होने का समय नहीं है, तो गहन आत्ममंथन का विषय है।

आज की विडंबना यह है कि शिक्षित और आधुनिक कहलाने वाले लोग अपने ही परिचित की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं होते हे या केवल औपचारिकता निभाकर बीच में ही लौट आते हैं। हिन्दू धर्म में दाह संस्कार के मध्य श्मशान से लौटना वर्जित माना गया है । कपाल क्रिया से पूर्व लौटना अशुभ माना जाता है और पितरों की नाराज़गी की मान्यता भी इससे जुड़ी है । नियमों के अनुसार उठावने की तिथि का समय दाह संस्कार पूर्ण होने के बाद मृतक के घर से तय किया जाना चाहिए, किंतु आज समयाभाव के कारण लोग श्मशान में ही इसकी घोषणा कर देते है, जो परंपरा के विरुद्ध है। जहाँ एक ओर बुजुर्ग आज भी परंपराओं का पालन कर रहे हैं, वहीं आधुनिक शिक्षित वर्ग सुविधानुसार नियमों में परिवर्तन कर रहा है। तेरह दिन का शोक, जो हिन्दू धर्म में अनिवार्य माना गया हे किन्तु वर्तमान में कई समाज के लोगो द्वारा अपने व्यापार और व्यस्तता के कारण तीसरे दिन ही मृतक के सारे कर्म पूरे करने का चलन समाज मे बड़ी तेजी से चल रहा हे जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है ।

शास्त्र अनुसार देव पूजा या अन्य संस्कारों में त्रुटि होने पर क्षमा का विधान है, किंतु अंतिम संस्कार में त्रुटियों के लिए क्षमा का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए यह संस्कार शुद्धता, शालीनता और पूर्ण श्रद्धा से संपन्न किया जाना चाहिए। आज आधुनिक युग में व्यक्ति धन से संपन्न और भौतिक सुख सुविधा से संपन्न होने के बाद भी दुखी और बीमार ही नजर आता हे ! विलासिता और सुख सुविधाओं के हजारों संसाधनों के बावजूद प्रायः अधिकांश घरों में घरेलू कलह का वातावरण बना रहना, घरों में ही अपनों से दुखी होते लोग या किसी न किसी प्रकार से घर परिवार में बीमारी का वातावरण निर्मित रहना यह सब क्यों होता हे इस पर कभी आधुनिक आदमी ने चिंतन नहीं किया हे ! बेशक ऐश्वर्य कि सब कुछ सुविधाएं घरों में होने के बाद भी यदि शांति और प्रेम नहीं हे तो यह पितरों के नाराजगी का ही परिणाम माना जाएगा ! व्यक्ति कितनी भी तरक्की कर ले यदि उसके पितरु नाराज हे तो वह मानसिक रूप से सदैव दुखी ही नजर आएगा ! यह मान्यता है कि जब तक पितरों की आत्मा को शांति नहीं मिलती तब तक परिवार में कलह, रोग और अशांति बनी रहती है, जिसे पितृदोष कहा जाता है। चाहे हम कितने भी आधुनिक हो जाएँ, मृत्यु एक शाश्वत सत्य है–अटल है। इससे कोई नहीं बच सकता। अतः यदि जीवन को सुखमय और निरामय बनाना है, तो अपने परिवार, समाज और संबंधियों के अंतिम संस्कार को विधि-विधान से संपन्न करना होगा तभी पितरों की प्रसन्नता और आशीर्वाद परिवार पर बना रहेगा।

**अरविंद रावल**

# पाषाण की उपासना धर्म की नही,बल्कि अन्ध विश्वास की है

भारत की आत्मा सदा से तर्क, विवेक और करुणा की साधना में रमी रही है, किंतु विडंबना यह है कि इसी धरती पर अंध-विश्वास की जड़ें भी गहराई तक फैली हुई दिखाई देती हैं। भगवान महावीर का यह कथन कि धर्मतत्त्व में श्रद्धा अत्यंत दुर्लभ है, आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। श्रद्धा का अर्थ आंख मूंदकर किसी बात को मान लेना नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण आस्था है, जो सत्य, करुणा और आत्मबोध पर आधारित हो। जब श्रद्धा विवेक से कट जाती है, तब वह अंध-विश्वास का रूप ले लेती है और यही अंध-विश्वास व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के लिए संकट का कारण बनता है।

आज हम देखते हैं कि समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसे विश्वासों में उलझा हुआ है जिनका न तो कोई तर्कसंगत आधार है और न ही नैतिक औचित्य। गांवों में ही नहीं, शहरों में भी यह प्रवृत्ति कम नहीं हुई है। शिक्षित और अशिक्षित का भेद भी यहां धुंधला पड़ जाता है। बिल्ली के रास्ता काटने पर यात्रा रोक देना, छींक को अपशकुन मान लेना, किसी पेड़ या पत्थर को देवता मानकर उससे मनौतियां मांगना, भूत-प्रेत के भय से जीवन के निर्णय लेना, ये सब उदाहरण बताते हैं कि अंध-विश्वास किस तरह हमारे दैनिक जीवन को संचालित करने लगा है। इसका सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह है कि मनुष्य अपने भीतर की शक्ति और विवेक को भूलकर बाहरी प्रतीकों और ढोंगियों पर निर्भर हो जाता है।

संत नामदेव का यह कथन कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अपना भय है, आज के संदर्भ में और भी सार्थक हो जाता है। भूत-प्रेत का भय हो या ग्रह-नक्षत्र का डर, इन सबका मूल मनुष्य का असंयमित और अशांत मन ही है। भय जब मन पर हावी हो जाता है, तब तांत्रिक, ओझा और पाखंडी लोग उसका लाभ उठाते हैं। इच्छाओं और वासनाओं में उलझा हुआ व्यक्ति त्वरित समाधान की तलाश में विवेक त्याग देता है और ऐसे रास्तों पर चल पड़ता है जो अंततः विनाश की ओर ले जाते हैं। इतिहास और वर्तमान, दोनों ऐसे उदाहरणों से भरे पड़े हैं जहां अंध-विश्वास ने अपराध, हिंसा और मानसिक विकृति को जन्म दिया है।

धर्म का वास्तविक स्वरूप आत्मशुद्धि और नैतिक उत्थान से जुड़ा है, किंतु अंध-विश्वास ने धर्म को भी विकृत कर दिया है। जब धर्म कर्मकांड, डर और दिखावे तक सीमित हो जाता है, तब वह समाज को जोड़ने के बजाय तोड़ने लगता है। भगवान महावीर ने अपने समय में इसी विकृति के विरुद्ध आवाज उठाई थी। उन्होंने आत्मदेव की आराधना पर बल दिया, न कि जड़ वस्तुओं की पूजा पर। महर्षि दयानंद और महात्मा कबीर जैसे चिंतकों ने भी स्पष्ट शब्दों में कहा कि जड़ की पूजा से ईश्वर की प्राप्ति नहीं होती, बल्कि आत्मा की शुद्धि और सत्याचरण से ही परम तत्व का साक्षात्कार संभव है।

अंध-विश्वास का सबसे खतरनाक पक्ष यह है कि यह मनुष्य को सत्य से दूर ले जाकर असत्य के दलदल में फंसा देता है। जब व्यक्ति अपने कर्मों की जिम्मेदारी लेने के बजाय हर घटना का कारण किसी अदृश्य शक्ति को मान लेता है, तब वह आत्मविकास की दिशा में आगे नहीं बढ़ पाता। समाज में फैलते अंध-विश्वास का सीधा संबंध कमजोर आध्यात्मिक चिंतन से है। जहां विवेक और नैतिक शिक्षा का अभाव होता है, वहां डर और भ्रम आसानी से जगह बना लेते हैं। परिणामस्वरूप, लोग पुण्यकर्म छोड़कर पापकर्म में प्रवृत्त हो जाते हैं और इसे भी किसी दैवी इच्छा का नाम दे देते हैं।

विज्ञान के इस युग में अंध-विश्वास की पकड़ और भी चिंताजनक लगती है। विज्ञान हमें प्रश्न करना सिखाता है, प्रमाण मांगना सिखाता है और हर बात को तर्क की कसौटी पर परखने की प्रेरणा देता है। इसके बावजूद यदि हम अंध-विश्वास के सहारे जीवन जीते हैं, तो यह हमारी बौद्धिक आलस्य का प्रमाण है। विज्ञान और धर्म विरोधी नहीं हैं, बल्कि दोनों का लक्ष्य सत्य की खोज है। अंतर केवल पद्धति का है। जब धर्म विवेक से जुड़ता है, तब वह मानवता का मार्गदर्शक बनता है, और जब उससे कट जाता है, तब वह अंध-विश्वास का रूप ले लेता है।हम देख रहे है कि समाज मे अंध विश्वास और ठोंगी बाबाओं के चंगुल में फंसकर अपने परिवार की हत्या तक कर दी जाती है।यह एक पाखंड और अधोपतन का मार्ग है।

श्रद्धा और संदेह के बीच संतुलन अत्यंत आवश्यक है। संदेह का अर्थ नकारात्मकता नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण जांच है। जहां संदेह पूरी तरह हावी हो जाता है, वहां आस्था कमजोर पड़ जाती है, किंतु जहां अंधी आस्था होती है, वहां विनाश निश्चित हो जाता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम श्रद्धा को विवेक के साथ जोड़ें। नवकार महामंत्र या किसी भी आध्यात्मिक साधना का उद्देश्य बाहरी चमत्कार नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और नैतिक बल प्रदान करना है। जो मन से मजबूत और संकल्पवान होता है, उसे बाहरी शक्तियां कभी परास्त नहीं कर सकतीं।

अंध-विश्वास केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, यह सामाजिक समस्या है। इसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि उन्हें डर, भ्रम और अविवेक का वातावरण मिलेगा, तो वे भी उसी रास्ते पर चलेंगे। इसके विपरीत यदि उन्हें तर्क, करुणा और आत्मविश्वास का संस्कार मिलेगा, तो वे एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज की नींव रखेंगे। इसलिए शिक्षा व्यवस्था, परिवार और सामाजिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दें।

अंततः यह समझना आवश्यक है कि ईश्वर, धर्म या आध्यात्म किसी बाहरी जड़ वस्तु में नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना में निहित है। अपनी आत्मा की उपेक्षा करके बाहर ईश्वर को खोजने का प्रयास करना स्वयं को धोखा देना है। जब मनुष्य भीतर की शक्ति को पहचान लेता है, तब अंध-विश्वास स्वतः समाप्त होने लगते हैं, जैसे वर्षा होने पर धूल बैठ जाती है। जीवन में स्पष्टता, साहस और आनंद का संचार होता है।

अंध-विश्वास छोड़ना केवल किसी परंपरा को त्यागना नहीं, बल्कि चेतना का विस्तार करना है। यह एक साहसिक कदम है, जो व्यक्ति को भय से मुक्त करता है और उसे अपने जीवन का कर्ता बनाता है। जब समाज इस दिशा में आगे बढ़ेगा, तब न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुख-शांति आएगी, बल्कि राष्ट्र भी बौद्धिक और नैतिक रूप से सशक्त होगा। यही भगवान महावीर, कबीर और दयानंद का संदेश है और यही आज के भारत की आवश्यकता भी है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## मीडिया और लोकतंत्र के बेहतर संतुलन से समाज को नई दिशा

**मीडिया समाज व सरकार के बीच विवेक का सेतु**

मीडिया का भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका हैद्य लोकतांत्रिक समाज में मीडिया की भूमिका केवल सूचना पहुँचाने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वह समाज की चेतना को दिशा देने, सत्ता को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा करने और जनमानस के विवेक को जाग्रत रखने का दायित्व भी निभाता है। मीडिया वस्तुतः वह आईना है, जिसमें समाज स्वयं को देखता है और सरकार अपनी छवि पहचानती है। इसीलिए मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है, जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका इन तीनों स्तंभों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में मीडिया की भूमिका ऐतिहासिक रही है। राष्ट्रवादी चेतना के निर्माण में अखबारों और पत्रिकाओं ने जो भूमिका निभाई, वह किसी भी राजनीतिक आंदोलन से कम नहीं थी। इसी परंपरा के संवाहक, स्वतंत्रता सेनानी और महान पत्रकार स्वर्गीय माखनलाल चतुर्वेदी ने 'कर्मवीर' के पुनः प्रकाशन (1925) के अवसर पर जो आत्मसंयम और नैतिकता की बात कही थी।वह आज के मीडिया परिदृश्य में और भी अधिक प्रासंगिक हो उठती है। उन्होंने लिखा था कि 'प्रभु करें, इस सेवा में मुझे अपने दोषों का पता रहे और आडंबर, अभियान और आकर्षण मुझे पथ से भटका न पाए।' यह वाक्य आज के मीडिया के लिए नैतिक उद्घोषणा की तरह है। पिछले दो तीन दशकों में मीडिया के स्वरूप में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्रिंट मीडिया से आगे बढ़कर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, फिर डिजिटल और सोशल मीडिया तक की यात्रा ने सूचना को अत्यंत सुलभ बना दिया है। टेलीविजन, सिनेमा, इंटरनेट, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे मंच आज गाँव-गाँव तक अपनी पहुँच बना चुके हैं। परिणामस्वरूप समाज के रहन-सहन, भाषा, व्यवहार, सोच और जीवनशैली पर मीडिया का गहरा प्रभाव पड़ा है।




विशेषकर युवा वर्ग, महिलाएँ और बच्चे इस प्रभाव के सबसे संवेदनशील केंद्र बन गए हैं।

मीडिया की शक्ति का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वह जनमत का निर्माण करने में सक्षम है। जनमत के निर्माण से ही समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया प्रारंभ होती है चाहे वह जनक्रांति हो या लोकतांत्रिक सुधार। इतिहास गवाह है कि मीडिया के दबाव और खुलासों के कारण कई देशों में सरकारें बदलीं और सत्ता के समीकरण उलट गए। भारत में भी चारा घोटाला, 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला, राष्ट्रमंडल खेल घोटाला, मैच फिक्सिंग जैसे अनेक मामलों में मीडिया ने भ्रष्टाचार के पर्दे हटाकर सत्ता को जवाबदेह बनाया।

यूरोप के प्रसिद्ध पत्रकार जिम मॉरिसन का कथन— 'जनसंचार माध्यमों पर नियंत्रण करना बुद्धि पर नियंत्रण करना है' मीडिया की शक्ति को रेखांकित करता है। इसी तरह नेपोलियन बोनापार्ट का यह कथन भी ऐतिहासिक है कि 'मैं लाखों संगीनों की अपेक्षा तीन विरोधी समाचार पत्रों से अधिक डरता हूँ।' ये वक्तव्य सिद्ध करते हैं कि मीडिया केवल सूचना नहीं, बल्कि सत्ता का संतुलन है। परंतु आधुनिक मीडिया का दूसरा पक्ष भी उतना ही चिंताजनक है। ग्लैमर, टीआरपी की होड़, सनसनी और पीत पत्रकारिता ने मीडिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। पेड न्यूज़, विज्ञापन आधारित कंटेंट और कॉर्पोरेट स्वामित्व ने मीडिया को कई बार जनहित से दूर कर दिया है। आज भारत के अधिकांश बड़े मीडिया संस्थानों का स्वामित्व बड़े औद्योगिक घरानों के हाथ में है, जिनके व्यावसायिक हित कई बार निष्पक्ष पत्रकारिता के मार्ग में बाधा बनते हैं।

सरकारें भी मीडिया प्रबंधन पर भारी धनराशि खर्च कर अपनी छवि गढ़ने का प्रयास करती हैं। विज्ञापन, सरकारी प्रचार और सूचना नियंत्रण के माध्यम से मीडिया को प्रभावित करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। दूसरी ओर, मीडिया संस्थानों की आर्थिक मजबूरियाँ भी वास्तविक हैं—क्योंकि मीडिया चलाना अत्यधिक पूंजी, तकनीक और मानव संसाधन की माँग करता है। ऐसे में व्यावसायिक दबाव और नैतिक दायित्व के बीच संतुलन बनाना मीडिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। इसके बावजूद, मीडिया का दायित्व समाप्त नहीं होता। लोकतंत्र में निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार मीडिया ही जनता का वास्तविक मार्गदर्शक बन सकता है। मीडिया का कार्य केवल मनोरंजन या सनसनी फैलाना नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करना है। चुनाव के समय तो मीडिया की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि वही जनता को नीतियों, विचारधाराओं और नैतिक मूल्यों से अवगत कराता है। आज जब समाज तीव्र आधुनिकता के दौर से गुजर रहा है, तब मीडिया को केवल आधुनिकता का वाहक नहीं, बल्कि संवेदनशीलता का संरक्षक भी बनना होगा। आधुनिकता यदि मानवीय मूल्यों से कट जाए, तो वह केवल उपभोक्तावाद बनकर रह जाती है। मीडिया को यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक और सूचना की गति के साथ-साथ विवेक, संवाद और सत्य की गति भी बनी रहे।

अंततः कहा जा सकता है कि एक स्वतंत्र राष्ट्र में स्वतंत्र, सशक्त और उत्तरदायी मीडिया की नितांत आवश्यकता है। मीडिया यदि लोकतंत्र का प्रहरी है, तो उसे स्वयं भी नैतिक अनुशासन और आत्मालोचना के दायरे में रहना होगा। जब मीडिया समाज की आवाज़ बने, सरकार को जवाबदेह बनाए और सत्य के पक्ष में निर्भीकता से खड़ा हो—तभी वह अपने चौथे स्तंभ होने की गरिमा को सार्थक कर सकता है।

**संजीव ठाकुर**

# जयपुर की सड़कों पर पहली बार गूंजा सेना दिवस का शौर्य

**आमजन के बीच हुई ऐतिहासिक परेड ने दिखाया भारत की सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प**

जयपुर ने गुरुवार को ऐसा दृश्य देखा जो इतिहास में दर्ज हो गया। 78वें सेना दिवस के अवसर पर पहली बार मुख्य सेना परेड आर्मी कैंट क्षेत्र से बाहर निकालकर शहर की सड़कों पर आम नागरिकों के बीच आयोजित की गई। हरे कृष्णा मार्ग और महल रोड पर जब सेना के टैंक, आधुनिक हथियार प्रणालियां, युद्धक टुकड़ियां और आकाश में गरजते फाइटर जेट दिखाई दिए तो करीब डेढ़ लाख से अधिक लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। तिरंगे लहराते हाथ, भारत माता की जय के गगनभेदी नारे और गर्व से भरी आंखों ने इस आयोजन को केवल सैन्य प्रदर्शन नहीं बल्कि जन-जन की सहभागिता वाला राष्ट्रीय उत्सव बना दिया। सेना दिवस के इस ऐतिहासिक आयोजन में देश की सैन्य ताकत, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश दिया गया। राजधानी जयपुर की सड़कें उस समय देशभक्ति के रंग में रंग गई जब परेड में भारतीय सेना ने अपनी अत्याधुनिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। जगुआर फाइटर जेट, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, टैंक, एयर डिफेंस सिस्टम और भैरव बटालियन द्वारा प्रस्तुत रोबोटिक डॉग्स ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय सेना भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार है। तकनीक और परंपरा का यह संगम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एसएमएस स्टेडियम में आयोजित शौर्य संध्या कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक आतंक की सोच पूरी तरह समाप्त नहीं होती, तब तक शांति के लिए भारत का प्रयास जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने केवल अपनी सैन्य शक्ति ही नहीं दिखाई बल्कि अपने राष्ट्रीय स्वभाव और मानवीय मूल्यों का भी परिचय दिया। पूरी कार्रवाई में यह सुनिश्चित किया गया कि मानवीय दृष्टिकोण बना रहे और निर्दोषों को कोई नुकसान न पहुंचे। उनके शब्दों में आत्मविश्वास और संकल्प दोनों झलक रहे थे।

परेड के दौरान भारतीय वायुसेना की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पाकिस्तान सीमा से लगभग 150 किलोमीटर दूर बीकानेर के नाल एयरबेस से उड़ान भरकर तीन जगुआर फाइटर जेट सीधे जयपुर पहुंचे और परेड स्थल के ऊपर से हवाई पास्ट किया। अपाचे, प्रचंड और ध्रुव हेलिकॉप्टरों ने आसमान में उड़ान भरते हुए पुष्पवर्षा की। जैसे ही हेलिकॉप्टरों से फूल बरसने लगे, नीचे खड़े लोगों की आंखें नम हो गई और पूरा वातावरण देशभक्ति के भाव से भर उठा। यह दृश्य न केवल सैन्य सामर्थ्य का प्रदर्शन था बल्कि सेना और जनता के बीच गहरे भावनात्मक संबंध का भी प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए वीर जवानों को इस अवसर पर विशेष श्रद्धांजलि दी गई। 25 पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार मेजर पवन कुमार, 625 ईएमई बटालियन के हवलदार सुनील कुमार सिंह, 5 फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार, 7 जाट रेजिमेंट के लांस नायक सुभाष कुमार और 1 पैरा स्पेशल फोर्सेज के लांस नायक प्रदीप कुमार को मरणोपरांत वीरता पुरस्कार प्रदान किए गए। जब इन शहीदों के नाम मंच से पुकारे गए तो पूरा स्टेडियम सम्मान में खड़ा हो गया। यह पल गर्व के साथ-साथ गहरी संवेदना से भी भरा हुआ था।

सेना दिवस समारोह की शुरुआत आर्मी एरिया स्थित प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम से हुई। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सप्त शक्ति कमान के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर में वीरगति को प्राप्त सैनिकों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया। इस दौरान कई भावुक क्षण देखने को मिले। पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार मेजर शहीद पवन कुमार की माता सम्मान समारोह के दौरान भावुक होकर बेसुध हो गई। यह दृश्य यह याद दिलाने के लिए काफी था कि देश की सुरक्षा की कीमत कितने परिवार अपने आंसुओं और बलिदान से चुकाते हैं। इस बार सेना दिवस की परेड को आमजन के बीच आयोजित करने का निर्णय अपने आप में एक बड़ा संदेश था। इसका उद्देश्य सेना और नागरिकों के बीच की दूरी को कम करना और यह दिखाना था कि भारतीय सेना केवल सीमाओं पर तैनात एक संस्था नहीं बल्कि देश के हर नागरिक की सुरक्षा और सम्मान की प्रतीक है। जयपुर की सड़कों पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, महिलाओं से लेकर युवाओं तक, हर वर्ग के लोग इस आयोजन के साक्षी बने। कई लोगों के लिए यह पहली बार था जब उन्होंने इतनी नजदीक से सेना के हथियार, टैंक और जवानों को देखा। परेड में आत्मनिर्भर भारत की झलक भी साफ दिखाई दी। स्वदेशी हथियार प्रणालियों और तकनीकों ने यह साबित किया कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल और पिनाका जैसे सिस्टम केवल हथियार नहीं बल्कि भारत की वैज्ञानिक क्षमता और रणनीतिक सोच के प्रतीक हैं। रोबोटिक डॉग्स और आधुनिक एयर डिफेंस सिस्टम ने भविष्य की युद्ध तकनीक की झलक भी दिखाई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि भारतीय सेना बदलते समय के साथ खुद को लगातार उन्नत कर रही है।

जयपुर में आयोजित यह सेना दिवस समारोह केवल एक परेड या कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह एक संदेश था। यह संदेश था कि भारत शांति चाहता है लेकिन अपनी सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा। यह संदेश था कि आतंक और हिंसा की सोच के खिलाफ भारत का संघर्ष जारी रहेगा। यह संदेश था कि सेना और जनता एक साथ खड़े हैं। जब शाम को एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई और सैन्य बैंड की धुनों पर देशभक्ति के गीत गूंजे, तो पूरा माहौल गौरव और सम्मान से भर गया। जयपुर की धरती ने उस दिन केवल एक शहर के रूप में नहीं बल्कि पूरे देश की भावना के रूप में सांस ली। 78वां सेना दिवस जयपुर के लिए हमेशा यादगार रहेगा। पहली बार आम सड़कों पर हुई मुख्य परेड ने इतिहास रच दिया और यह साबित कर दिया कि भारतीय सेना का शौर्य केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, वह हर भारतीय के दिल में बसता है। यह दिन उन शहीदों को नमन करने का था जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया और उन जवानों को सलाम करने का था जो हर पल देश की रक्षा के लिए तैयार खड़े हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म के आरोपी पर एससी/ एसटी,मारपीट का केस दर्ज

**सहजनवां - गोरखपुर** गीडा थाना क्षेत्र के राखी पुत्र दशरथ निवासी बहरामपुर 4 अगस्त 2025 को दिन में 11 बजे नौसढ़ चौराहे पर बीएसएफ का फार्म भरने गई थी।तभी दोनों आरोपी अपने कार से पीछा करने लगे। और जबरन रोक लिया।और गाड़ी में जबरन बैठाने लगे। और पूर्व में आरोपी के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म एससी/एसटी,मारपीट के मुकदमे को सुलह करने से इंकार करने पर जातिसूचक गालिया देते हुए मारने पीटने लगे। और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ गीडा थाने में शिकायत किया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कारवाई नहीं किया गया। पीड़िता ने कोर्ट से का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी शंभु यादव पुत्र राम नारायण निवासी अहिरौली पटखौली तथा सचिन यादव निवासी अज्ञात के खिलाफ एससी/ एसटी,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

### नशीली इंजेक्शन के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार



**एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीली इंजेक्शन के साथ बाइक सवार नेपाली युवक को दबोचा**

**रतनपुर/महाराजगंज।** सोनौली कोतवाली अंतर्गत भगवानपुर चौकी पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक बाइक सवार नेपाल राष्ट्र निवासी युवक के पास से 39 एम्पुल नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है। संयुक्त टीम ने आरोपी युवक को अवैध दवाओं के साथ हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली अंतर्गत भगवानपुर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की शाम नोमेन्सलैण्ड पर नशीली इंजेक्शन के साथ एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। संयुक्त टीम के जांच-पड़ताल में आरोपी युवक के पास से डायजापाम 13 एम्पुल, फेनेरगान 13 एम्पुल व बुप्रेनार्फिन 13 एम्पुल सहित कुल 39 एम्पुल नशीली इंजेक्शन बरामद हुआ है। टीम के पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान 22 वर्षीय अंकित गुरूंग पुत्र सुधीर गुरूंग निवासी बुद्ध चौक अंचलपुर थाना भैरहवा जिला रूपनदेही राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस ने नेपाली युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। इस संबंध में भगवानपुर चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि एक नेपाली युवक के कब्जे से नशीली इंजेक्शन बरामद किया गया है जिसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया है।

### सड़क सुरक्षा अभियानः नियम तोड़ने वालों पर यातायात पुलिस की सख्ती



**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जनपद बलरामपुर पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जाति सूचक व भड़काऊ शब्द लिखे वाहनों, ॥स्त्रक्कनंबर प्लेट के बिना चल रहे वाहनों, हूटर व सायरन लगे वाहनों, मोडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों तथा तीन सवारी चलाने वाले चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान और समन की कार्रवाई की गई। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप भी लगाए गए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# मंदिर में शादी, होटल में सुहागरात और फिर धोखाः खजनी में युवती से छल का सनसनीखेज मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी ।** गोरखपुर जनपद के खजनी थाना क्षेत्र के एक गांव से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती को शादी का झांसा देकर पहले मंदिर में विवाह किया गया, फिर दो दिन तक होटल में पति-पत्नी की तरह रखा गया और बाद में उसे बीच मझधार में अकेला छोड़ दिया गया। इस घटना से पीड़िता और उसका परिवार मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से टूट चुका है। पीड़ित युवती अपने भाई के साथ खजनी थाने पहुंची और फूट-फूट कर रोते हुए अपनी आपबीती सुनाई। थाने परिसर में युवती की हालत देखकर मौजूद लोग भी भावुक हो उठे। युवती ने बताया कि खजनी थाना क्षेत्र के रहने वाले गुलाब उर्फ पारस ने उसे प्रेमजाल में फंसाया, शादी का भरोसा दिलाया और मंदिर में विवाह भी कराया। इसके बाद युवक उसे होटल ले गया, जहां




दो दिन तक पति-पत्नी के रूप में साथ रहा और शारीरिक संबंध बनाए। लेकिन इसके बाद अचानक युवक का व्यवहार बदल गया और वह युवती को छोड़कर फरार हो गया।

पीड़िता के भाई ने बताया कि जब उन्होंने युवक और उसके परिवार से बात की तो साफ इनकार कर दिया गया। लड़के पक्ष ने किसी भी हालत में युवती को बहू के रूप में स्वीकार करने से मना कर दिया। भाई का कहना है कि अब उसकी बहन समाज में उपहास का कारण बन गई है। गांव में तरह-तरह की बातें हो रही हैं, जिससे बहन का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि यह केवल धोखा ही नहीं, बल्कि युवती के जीवन और सम्मान के साथ किया गया गंभीर अपराध है। मंदिर में शादी कर पति का दर्जा देने के बाद शारीरिक शोषण और फिर छोड़ देना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके, पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्हें अभी तक न्याय मिलता नजर नहीं आ रहा है।

युवती ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि उसने युवक पर भरोसा किया था और अब वह पूरी तरह टूट चुकी है। परिवार ने मांग की है कि आरोपी युवक और उसके परिवार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई और बेटी इस तरह के छल और शोषण का शिकार न हो। फिलहाल मामला खजनी थाने में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि पुलिस इस गंभीर आरोप पर कितनी तेजी और निष्पक्षता से कार्रवाई करती है और पीड़िता को कब तक न्याय मिल पाता है।

# हिंदू सम्मेलन में पंच परिवर्तन का आह्वान, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भर भारत पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर ।** सहजनवां क्षेत्र के भीटी रावत स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन ने सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक चेतना को नई दिशा दी। सम्मेलन में सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों को लेकर गहन विमर्श हुआ, वहीं पंच परिवर्तन को जीवन में उतारने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरुदेव हरिशंकर दास जी ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि आज समाज को संगठित होकर सनातन मूल्यों की ओर लौटने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं है और आत्मनिर्भरता ही भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जा सकती है। पर्यावरण संरक्षण



और नागरिक कर्तव्यों का पालन प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है, जिसे अपनाकर ही सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद आदर्श करुणेश ने भी ओजस्वी भाषण देते हुए हिंदू समाज को एकजुट होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और वैज्ञानिक संस्कृति है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की मांग है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शुक्ल की उपस्थिति ने सम्मेलन की गरिमा को और बढ़ाया। उनके आगमन पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों से स्वागत किया। सम्मेलन के दौरान संजय गुप्ता और श्रवण गुप्ता द्वारा मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन भीटी रावत के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की सफलता पर सनातन धर्म उत्थान संगठन के संयोजक विनोद अग्रहरी ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में परशुराम शुक्ल, राकेश, श्याम नारायण, भगवंत पांडे, भोलानाथ पाण्डेय, कपिलदेव विश्वकर्मा, राम सहारे मिश्र, पवन निषाद, उमेश त्रिपाठी, शिव सागर, जितेंद्र बारी, जी.के. श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नए गृहकर के विरोध में सभासदों हुए लामबंद, गृहकर हटाने की हुई मांग

**●शासनादेश का हवाला देकर ईओ ने दी सफाई, बोले-विकास कार्यों का धन हो सकता है प्रभावित**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार - गोरखपुर ।** नगर पंचायत गोला में नये गृहकर को लागू किए जाने के विरोध में नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में सभी सभासदों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नये गृहकर प्रणाली को निरस्त कर पूर्व से लागू पुरानी गृहकर प्रणाली को ही बहाल किया जाए। बैठक के दौरान सभासद प्रतिनिधि शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि बिना बोर्ड प्रस्ताव और बिना सभासदों की सहमति के नये गृहकर को आम जनता पर जबरन थोपना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिशासी अधिकारी द्वारा नये गृहकर प्रणाली को तत्काल प्रभाव से निरस्त नहीं किया गया, तो आगामी बोर्ड बैठक में नये गृहकर के विरोध में प्रस्ताव लाकर उसे खारिज कर दिया जाएगा। शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि नगर की जनता पहले से ही महंगाई से जूझ रही है, ऐसे में नये गृहकर के रूप में अतिरिक्त बोझ डालना जनविरोधी कदम है। सभासदों ने एक स्वर में इस फैसले का विरोध किया।

वहीं इस पूरे मामले पर अधिशासी अधिकारी गोला वैभव चौधरी ने बताया कि नयी गृहकर प्रणाली शासनादेश के तहत बीते वर्ष से लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में गृहकर के लिए सर्वे का कार्य चल रहा है। कर निर्धारण के तहत मकान के कुल वर्गफुट क्षेत्रफल का 20 प्रतिशत हिस्सा खुला क्षेत्र मानते हुए शेष क्षेत्र पर कर लगाया जाएगा। इसके साथ ही गृहकर की दर मकान के सामने बनी सड़क की श्रेणी के अनुसार तय की जाएगी। ईओ वैभव चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शासनादेश के अनुसार गृहकर नहीं वसूला गया, तो नगर पंचायत को विकास कार्यों के लिए मिलने वाला अनुदान प्रभावित हो सकता है। बैठक में सभासद शशिलता देवी, दिनेश सिंह, अनीता कसौधन, सुनीता, भीम कुमार, रमाशंकर, विद्यावती जायसवाल, प्रमिला देवी, सच्चिदानंद राय, तिलकधारी, श्रीकांत, महबूब आलम तथा निर्मला गुप्ता सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम यात्रा का महोबा में हुआ शंखनाद, वकीलों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रदेशव्यापी अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की यात्रा शुक्रवार को यहां महोबा पहुंची। आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन द्वारा निकाली जा रही अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का नेतृत्व राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने किया। यहां वकीलों ने विधेयक की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की। आम सभा को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अभी हाल ही में बाराबंकी जिले में टोल प्लाजा पर अराजकतत्वो ने अधिवक्ताओं से मारपीट की। वही उन्होने कहा कि बलराम जिले मे भी अधिवक्ता के साथ अराजकतत्वों द्वारा गंभीर अपराध कारित किया गया। उन्होने कहा ऐसे में केंद्र सरकार फौरन संसद के बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को विधेयक के रूप में पारित कराए। वही उन्होने बार काउन्सिल आफ उ0प्र0 के चुनाव में साथियों से सदस्यों पद के प्रत्याशी के रूप में सहयोग भी मांगा। यहां एकजुट अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा को लेकर एसोसिएशन के संघर्ष की सराहना करते हुए अनिल कुमार तिवारी महेश को प्रथम वरीयता का मत दिये जाने का ऐलान किया। यहां अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष शंकर अभिष्ट व अधिवक्ता नंदकिशोर यादव की अगुवाई में स्वागत भी किया गया। इस मौके पर शिवपाल सिंह जाडौन, सुशील विश्वकर्मा, अवधेश सेन, धीरेन्द्र सिंह, कृष्णकांत चौरसिया, राजेन्द्र राजपूत, राकेश कुमार, अभिषेक तिवारी, आदि अधिवक्ता रहे।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक पर किया गया प्रतिभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय में शुक्रवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के निन्यान्वे विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में आपातकाल के पचास वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक, विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किये। निर्णायक मण्डल ने प्रतिभागी छात्र आदर्श पाण्डेय, वैभव भट्ट, कौशिकी सिंह, आनन्द सिंह, रीतू तिवारी, विभा चौरसिया, मीनाक्षी




कोरी, श्रेया मिश्रा, हिमांशु पाण्डेय व स्वाती यादव को चयनित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संवैधानिक मूल्यों का पालन जरूरी है। इससे लोकतंत्र को और मजबूती मिल सकेगी। बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्यक्रम के युवा अधिकारी राजेश तिवारी तथा एपीए विजय कुमार मिश्र ने भी अपने विचार रखते हुए लोकतंत्र के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की बात कही। अध्यक्षता इं. जितेन्द्र त्रिपाठी ने किया। प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की विषय वस्तु से प्रतिभागियों को परिचित कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने आभार जताया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज के नई बिल्डिंग का किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**●जिला अस्पताल की समस्त ओपीडी को मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में 15 दिवस के भीतर संचालित करने के दिये निर्देश जिलाधिकारी**

**मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश-जिलाधिकारी**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन द्वारा मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज की नई इमारत के प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल तथा पंचम तल का गहन अवलोकन किया और वहां उपलब्ध एवं प्रस्तावित स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) जिला अस्पताल को स्पष्ट निर्देश दिये कि जिला अस्पताल की समस्त ओपीडी सेवाओं को आगामी 15 दिवस के भीतर मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में अनिवार्य रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि ओपीडी के स्थानांतरण से मरीजों को एक ही परिसर में बेहतर, आधुनिक एवं सुव्यवस्थित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे उपचार की गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नई बिल्डिंग में ओपीडी संचालन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। इसमें साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण कक्ष एवं चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है, अतः किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य कर्मचारी समय से उपस्थित रहें और मरीजों के साथ संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार करें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में ओपीडी संचालन से न केवल मरीजों को उन्नत सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि जिला अस्पताल पर भी दबाव कम होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारीडॉक्टर संत लाल पटेल, सीएमएस जिला अस्पताल डॉक्टर अनिल तिवारी, डॉक्टर कुलदीप पाण्डेय, डॉक्टर डीएन सिंह सहित सभी अन्य संबंधित आधिकारिक उपस्थित रहे।

# कैंट थाना पुलिस की बड़ी कामयाबीः चोरी की मोटरसाइकिल संग दो शातिर चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देश पर जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कैंट पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। कैंट थाना क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अतुल वर्मा व उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 17/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों को धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों में सतीश निषाद पुत्र कामेश्वर प्रसाद निवासी मांटेसरी



गली चारफाटक मोहद्दीपुर थाना कैंट तथा संजय यादव पुत्र स्वर्गीय सुभाष यादव निवासी ग्राम मेंहदरिया थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, आवेदक द्वारा 15 जनवरी 2026 को तहरीर दी गई थी कि उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। तहरीर के आधार पर थाना कैंट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सटीक सूचना व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त सतीश निषाद कोई नया नाम नहीं है। उसके खिलाफ थाना कैंट में पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें आबकारी अधिनियम के तहत मामले तथा चोरी और चोरी का माल रखने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। वहीं संजय यादव का नाम भी इसी मुकदमे में सामने आया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों से पूछताछ में चोरी की अन्य घटनाओं से जुड़े सुराग भी मिलने की संभावना है, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जनपद में अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अतुल वर्मा, कांस्टेबल नंदन शर्मा (पुलिस चौकी पैडलेगंज, थाना कैंट) शामिल रहे। फिलहाल दोनों अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और अपराधियों में कानून का भय साफ नजर आ रहा है।

# सोनभद्र मुडिसेमर में खड़ंजे की ईंट उखाड़कर नाली निर्माण में इस्तेमाल करने पर ग्रामीणों का हंगामा, प्रधान प्रतिनिधि पर मनमानी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंढमगंज (सोनभद्र)-** विकासखंड दुद्धी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडिसेमर में विकास कार्यों के नाम पर धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मामला मलिया नदी के किनारे स्थित यादव बस्ती का है, जहाँ पूर्व में बिछाए गए ईंट के खड़ंजे को उखाड़कर उसी पुरानी ईंट से नाली निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्र पंचायत सदस्य (BDC) विनोद पासवान के अनुसार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरजू यादव द्वारा मनमाने तरीके से अपनी निजी जेसीबी लगाकर उस खड़ंजे को उखाड़ दिया गया, जिससे लोग मलिया नदी तक आते-जाते थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह खड़ंजा आवागमन का मुख्य साधन



था, जिसे नष्ट कर अब सरकारी धन के दुरुपयोग की कोशिश की जा रही है। ग्रामीण जय मौर्य और अन्य उपस्थित लोगों ने आरोप लगाया कि नियम के अनुसार, नाली निर्माण के लिए नई ईंटों की खरीदारी की जानी चाहिए थी। पुरानी ईंटों का इस्तेमाल करना सीधे तौर पर सरकारी धन के गबन और भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। रास्ते को उजाड़ने से अब ग्रामीणों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पूरे विवाद पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरजू यादव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्वीकार किया कि उन्होंने खड़ंजे की ईंट का उपयोग नाली निर्माण में किया है। उन्होंने कहा, यदि ग्रामीणों को इस पर ऐतराज है, तो मैं इस ईंट का भुगतान (पेमेंट) सरकारी खाते से नहीं कराऊँगा। हालांकि, इस जवाब से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर मुख्य रूप से बी डी सी विनोद, बनवारी, नीतीश, जय मौर्य, मनोज (पूर्व बी डी सी), राकेश, हृदय कुशवाहा, चंदन, दिलीप, गोलू, उदय, राजेश और करमु यादव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य जारी रहा, तो वे इसकी शिकायत जिले के उच्चाधिकारियों से करेंगे।

# चोपन में अनियंत्रित होकर पलटी निजी बस, मची चीख-पुकार ग्रामीणों ने शीशे तोड़कर बचाई यात्रियों की जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चोपन (सोनभद्र)-** सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटा खास गांव के समीप आज एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। इस भीषण हादसे में बस में सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण बस की स्टेयरिंग फेल होना बताया जा रहा है। हादसा होते ही मौके पर यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुँचे। बस के पलटने के कारण अंदर फंसे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल था। ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए बस के शीशे तोड़ दिए, ताकि बस के भीतर हवा का संचार हो सके और घबराए हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर



निकाला जा सके। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों के अनुसार, बस में तकरीबन 35 से 40 यात्री सवार थे।

गनीमत रही कि स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई, जिससे कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। हादसे के तुरंत बाद चालक (ड्राइवर) और परिचालक (खलासी) मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से सभी घायल यात्रियों को तुरंत एम्बुलेंस और निजी वाहनों के माध्यम से नजदीकी अस्पतालों में पहुँचाया गया, जहाँ उनका प्राथमिक उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फरार ड्राइवर और खलासी की तलाश की जा रही है और बस के फिटनेस व अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी ताकि हादसे के सटीक कारणों का पता चल सके।

# बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने निकाले 8100 रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला घुसयाना में रहने वाले विकास पुत्र रमेश रैकवार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका बैंक ऑफ इण्डिया में खाता खुला हुआ है। आरोप है कि 15 जनवरी 2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते से 8100 रुपये चोरी से निकाल लिये गये हैं, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

# संक्षिप्त खबरें

## तहसील शिकोहाबाद मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा आज

**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में आज दिन शनिवार को तहसील शिकोहाबाद में प्रातः 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसील सभागार में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा, जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रातः 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

## साढ़े चार सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**सिंगाही खीरी।** इंडो नेपाल बार्डर पर के गांव तिकुनियां कोतवाली के एक गांव के मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले नशेड़ी युवक को पकड़ कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। नेपाल से चोरी छिपे सफेद पाउडर ब्राउन शुगर लाकर भारत के सीमावर्ती इलाकों में सप्लाई कर नौजवानों में नशे की लत लगाना के साथ नशे का काला कारोबार करने वाले के पास से पुलिस ने साढ़े चार सौ ग्राम ब्राउन शुगर व मोटर साइकिल पुलिस को मिली है। सिंगाही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को रात्रि गश्त कर रही पुलिस के सामने से जनरैल सिंह पुत्र गुरुमुख सिंह निवासी रननगर थाना तिकुनियां अपनी मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना यूपी 31 ष्टश्च 8245 से सवार होकर पुलिस के सामने से सड़क पर फराटा भर कर तेज गति से निकला पुलिस को शक होने पर उस कों दौड़ा कर दलराजपुर तिराहे पर पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त के पास से तलाशी के दौरान पुलिस को 450 ग्राम सफेद पाउडर ब्राउन शुगर मिली पुलिस ने बताया कि ब्राउन शुगर की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 लाख रुपए की बताई जा रही है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी को एनडीपीएस एक्टम मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

## ग्राम सिंगहा में प्रधानप्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने विशाल खिचड़ी भोज का किया आयोजन



**सिंगाही खीरी।** निघासन विकासखंड क्षेत्र की सिंगहा कला ग्राम पंचायत में मकर संक्रांति के अवसर पर सामाजिक समरसता और श्रमिक सम्मान का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। शुक्रवार को ग्राम पंचायत की प्रधान सुनीता देवी ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में गांव के लोगों के साथ खिचड़ी भोज का आयोजन किया। यह आयोजन निज निवास पर किया गया। कार्यक्रम में प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर एक साथ बैठकर खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक तरीके से खिचड़ी परोसी गई और सभी ने एक साथ बैठकर भोजन किया। खिचड़ी भोज जैसे कार्यक्रम आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। आयोजन को लेकर प्रधानप्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित ने बताया कि करीब पांच वर्षो से लगातार खिचड़ी भोज कार्यक्रम चल रहा और दो वर्ष से लगातार सामुहिक खिचड़ी भोज का कार्यक्रम चल रहा। ऐसे आयोजन से लोगों का मनोबल बढ़ता है और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत सिंगाही पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्रा,गया प्रसाद विश्वकर्मा, रामसनेही गुप्ता, मुनेश प्रसाद शुक्ला, रामकिशोर लोधी, रविन्द्र त्रिवेदी, राम गोपाल शर्मा सहित गांव के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# डीसीएम-ट्रैक्टर भिड़ंत रामापुर तिराहे पर हुआ हादसा गनिमत कोई हताहत नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी** जिले के कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत रामापुर तिराहे पर शुक्रवार को डीसीएम और ट्रैक्टर की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब डीसीएम तेज रफ्तार में रामापुर तिराहे की ओर आ रही थी, जबकि ट्रैक्टर दूसरी दिशा से गुजर रहा था। तिराहे पर अचानक दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। फिलहाल इस हादसे में किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, पुलिस द्वारा वाहन चालकों और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

## तन मन से एसआईआर पर लग जाए कार्यकर्ता, सुनील सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शुक्रवार 16 जनवरी को नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में भारतीय जनता पार्टी लखीमपुर खीरी की आवश्यक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक का शुभारंभ पार्टी के पुरोधा पं0 दीनदयाल उपाध्याय,डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान से की गई।इसके उपरांत जिला महामंत्री रामजी मौर्य ने एसआईआर पर मण्डल अध्यक्षों से फार्म 06 ,07 तथा 08 के द्वारा नये मतदाता बनाने, संशोधन तथा गलत मतदाताओं के नाम हटाने की समीक्षा रिपोर्ट ली। जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि,' 2003 के बाद एसआईआर हो रही है यह मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य है इसलिए तन मन धन से एसआईआर पर लग जाइए।

जिला उपाध्यक्ष/चेयरमैन नगर पालिका परिषद गोला विजय शुक्ला रिंकू ने कहा,' दस दिन का समय ही शेष बचा है, सब काम छोड़कर नये मतदाता बनाना होगा।




जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक ज्योतिर्मय बरतरिया ने कहा कि,' कार्यकर्ताओं को मनोयोग से एसआईआर के ड्राफ्टेड वोटर तथा नये मतदाताओं के फार्म भरवाने होंगे। कोई भी पात्र व्यक्ति रहना नही चाहिए।

बैठक में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामू पाण्डेय, जिला महामंत्री आशू मिश्रा, विनोद लोधी, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, संतोष कुमारी, जिला मंत्री उमेश शुक्ला, उमा राज, बृजेश सिंह, राकेश अर्कवंशी, दुर्गेश नंदन पाण्डेय, विनय गुप्ता, पूर्व जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, अशोक अवस्थी, रामजी रस्तोगी,बालमुकुंद दीक्षित, संदीप मौर्य, रामानुज मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, दीपक मिश्रा, नीरज सिंह चौहान, अरविन्द गुप्ता, धीरज बाजपेयी, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 25 हजार मतदाताओं के नाम और पते में गलतियां, सुधार के लिए दिया जा रहा है एक और मौका

**जासं, आगरा।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं ने गणना प्रपत्र को भरने में लापरवाही बरती है। मतदाताओं की गलतियों को समय पर बूथ लेवल अधिकारी भी नहीं पकड़ सके हैं। 25 हजार मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम और पता में गलतियां मिली हैं। ऐसे मतदाताओं को इसी सप्ताह नोटिस जारी कर संबंधित दस्तावेज मांगे जाएंगे। इससे नाम व पता को सही किया जा सकेगा। वहीं मतदाता सूची को लेकर जो भी दावे एवं आपत्तियां आ रही हैं। उन सभी का निस्तारण 209 अधिकारी करेंगे। छह मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। नौ विधानसभा क्षेत्रों में वर्तमान में 27.63 लाख मतदाता और 3696 बूथ हैं। मतदाता सूची का प्रकाशन छह जनवरी को हुआ है। नो मैपिंग वाले 3.25 लाख मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। ऐसे मतदाताओं को नोटिस जारी कर बैंक पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, सरकारी कार्यालय से जारी परिचय पत्र सहित 13 में कोई एक दस्तावेज मांगा गया है। इसकी अंतिम तिथि छह फरवरी है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाया गया था। 25 हजार मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र को ठीक तरीके से नहीं भरा। नाम और पता में गलतियां मिली हैं। इन्हें दूर कराया जा रहा है।

## उन्नतशील प्रजातियों के साथ ट्रेंच विधि से करें बुवाई- डॉ पी के कपिल सहायक निदेशक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला के मिल गेट क्षेत्र के ग्राम भल्लिया बुजुर्ग में बसंतकालीन गन्ना बुआई अभियान के तहत एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान शाहजहाँपुर के सहायक निदेशक व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पी के कपिल,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, चीनी मिल के वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी एवं मिल पारिक्षेत्र के लगभग 156 कृषकों ने भाग लिया।

गन्ना संस्थान के सहायक निदेशक प्रवीण कुमार कपिल ने बसंतकालीन गन्ना उत्पादन तकनीक एवं गन्ना पेड़ी प्रबंधन, गन्ने में खाद एवं उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, गन्ने की स्वीकृत किस्मों एवं गन्ना बीज बदलाव, रिंग पिट बुवाई एवं गन्ना फसल सुरक्षा प्रबन्धन आदि पर प्रकाश डाला।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला ने विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा उनमे देय अनुदान के बारे में तथा बसंत कालीन बुवाई में ध्यान देने योग्य आवश्यक बातें, प्रजातियों,ड्रिप सिंचाई महिला स्वयं सहायता समूह से उत्पादित सीडलिंग के लगाने के लाभ बताये,साथ ही फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध यंत्रों के सदुपयोग किफायती दरों में किराये पर ले जाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने तथा समिति द्वारा दी जाने वाली नैनो यूरिया तथा अन्य दवाइयां आदि के बारे में विस्तार से बताया।इसी क्रम में वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना ने कृषकों से अपील की कि अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को0 15023, कोशा0 13235, कोलख014201 तथा जल भराव वाले क्षेत्रो के लिए को0 98014 एवं कोलख 94184 का चयन कर ट्रेंच विधि से गन्ना बुआई करे। उन्होंने बताया कि गन्ने के ऊपरी एक-तिहाई हिस्से का जमाव अच्छा होता है, इसलिए ऊपरी एक तिहाई हिस्से को बीज में प्रयोग करके शेष भाग को मिल में आपूर्ति कर दें। तथा पेड़ी गन्ने की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए गन्ना कटाई के तुरन्त बाद सिचाई करके 75 किग्रा0 यूरिया प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करे। साथ ही उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा कृषकों को बीज उपलब्ध कराया जा रहा है तथा मृदा उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा व बीज उपचार हेतु फफूंदीनाशक थायोफिनेट मिथाइल भी मिल द्वारा कृषकों को अनुदान पर उपलब्ध कराई जा रही है और ये भी बताया कि अपना बेसिक कोटा मजबूत बनाए रखने के लिए सारा गन्ना मिल को ही आपूर्ति करें। इस मौके पर सहायक महा प्रबन्धक गन्ना ओ डी शर्मा, प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र, वरिष्ठ गन्ना अधिकारी रामेश्वर दुबे, इंद्रपाल सिंह यादव, सहायक अधिकारी राहुल यादव, प्रगतिशील कृषक रामचन्द्र, राजकुमार, रामनरेश, रामकुमार पाण्डे, सराकतहीन, मो सलीम, मारूफ, बरकत अली सहित गन्ना समिति के गन्ना पर्यवेक्षक व चीनी मिल के मोटिवेटर/कामदार सहित सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने तहसील सदर में निर्वाचन संबंधी की बैठक

### लंबित कार्यो की समीक्षा की, काम समय से पूरे करने के निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को तहसील सदर में उपजिलाधिकारी अश्वनी सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी चुनावी प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान निर्वाचन कार्य से जुड़े नोटिस जारी करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। एसडीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी सभी कार्य पूरी पारदर्शिता, समयबद्धता और निर्धारित नियमों के अनुसार किए जाएं। तहसील सदर में एसडीएम ने बैठक की।बैठक में निकाय स्तर और ब्लॉक स्तर के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष और व्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी संबंधित कर्मियों को उनके चुनावी दायित्वों के प्रति जागरूक करना और आगामी निर्वाचन कार्यो को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए समन्वय स्थापित करना था।

## कैम्प में पंजीकृत पेंशन, राशनकार्ड तथा अन्य आवेदनों का यथाशीघ्र निस्तारण होगा:- विजय शुक्ला रिंकू

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

### ● अंतिम दिन 406 लोगों ने कराया पंजीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शुक्रवार 16 जनवरी को नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में कैम्प के अंतिम दिवस कुल 406 रजिस्ट्रेशन हुए। नगर पालिका प्रांगण में विभिन्न समस्याओं को लेकर लोगों नें रजिस्ट्रेशन कराए जिसमें वृद्धावस्था के 39 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें 31लोगों की पेंशन रुकी हुई थी 08 नये रजिस्ट्रेशन किए गए, राशनकार्ड के 221 लोगों ने कैम्प में पंजीकरण कराया जिसमें 209 कार्डधारक थें जिनको यूनिट बढवानी थी शेष 12 नये कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन हुए, विद्युत विभाग के 03 पंजीकरण हुए 01स्मार्ट मीटर की रीडिंग के रजिस्ट्रेशन थे तथा 02 बिल बढोत्तरी के लिए पंजीकरण हुए,दिव्यांग पेंशन के 02, विधवा पेंशन के 07 पंजीकरण हुए। नगर पालिका परिषद से सम्बंधित 33 पंजीकरण हुए जो जन्मप्रमाण के थे ।साथ ही नये मतदाता बनने के भी 103 फार्म वितरित किए गए।

नगर पालिका आपके द्वार अभियान में उपस्थित आमजन को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि,' अभी तक केकैम्प में पंजीकृत सभी की समस्याओं का शतप्रतिशत निस्तारण किया जाएगा।

इस अवसर पर सभासद नानक चन्द्र वर्मा, इजरान, राजेश पटेल, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, हरिओम वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, एस आई संदीप वर्मा, जेई अनिल कुमार यादव, जेई आदर्श मिश्रा, श्रवण कुमार मिश्रा, अंकित गुप्ता,अशोक मिश्रा, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, अनुज अवस्थी, विमलेश वर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से विकास वर्मा, जिला समाज कल्याण विभाग अंकित सिंह, खाद्य एवं रसद विभाग से अजय कुमार, आनंद कुमार, प्रोवेशन कार्यालय लखीमपुर से रामकुमार वर्मा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, नगर महामंत्री राजेश राठौर, शत्रोहन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## माघमेला में संत कालिदास जी महाराज की अद्भुत लीला



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के माघमेला में मध्य प्रदेश के रीवा से आए संत कालिदास जी महाराज ने अपनी अद्भुत लीलाओं से सबको आकर्षित किया है। महाराज जी ने बताया कि वे महाकुंभ मेले में आए थे और अब दूसरी बार माघ मेले में आए हैं। उन्होंने अब तक 108 महायज्ञ करने का संकल्प लिया है, जिसमें से 40 यज्ञ पूरे हो चुके हैं। महाराज जी ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन मां काली की भक्ति नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि मरने के बाद भी उन्हें पुनः जीवन प्राप्त हुआ, जो मां काली की कृपा थी। महाराज जी अपनी जीभ को 24 घंटे लगातार बाहर निकालकर रथ यात्रा के दौरान रहते हैं और जहर के समान सिंदूर उनके जीभ पर चढ़ाया जाता है। उन्होंने सभी भक्तों से अनुरोध किया कि वे किसी भी देवी-देवता का भक्त बनें, लेकिन भगवान नहीं।

## भाजपा शिविर कार्यालय पर SIR/विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधित टूण्डला विधानसभा की आवश्यक बैठक




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** एटा रोड टूण्डला स्थित भारतीय जनता पार्टी शिविर कार्यालय पर स्ढ्ढक्र/विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधित टूण्डला विधानसभा की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में हाल ही में प्रकाशित हुई ड्राफ्ट/मसौदा मतदाता सूची की विस्तृत चर्चा उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष की गई। आगामी 17 व 18 जनवरी को फॉर्म 6, फॉर्म 7, व फॉर्म 8 को लेकर विधानसभा के कुल 458 बूथों पर लगाए गए प्रवासी कार्यकर्ता अपने-अपने आवंटित बूथों पर जाकर घर-घर जाकर यह पता करेंगे कि किसी का भी वोट बनने से अगर छूट गया है तो उसका फॉर्म 6 भरवा कर उसका वोट बनवाना है। प्रत्येक बूथ पर हमको ड्डक्कG-RAM-G के बारे में सभी को जागरूक करना है। बैठक में पूर्व जिला संयोजक वृंदावन लाल गुप्ता, टूंडला विधानसभा पूर्व विधायक शिव सिंह चक, टूंडला नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह, जिला महामंत्री दीपक चौधरी, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, जिला उपाध्यक्ष नीलम दिवाकर, महिपाल निषाद, जिला मंत्री संजय चक, टूंडला विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, आकाश शर्मा, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, योगेन्द्र सिंह चौहान, सीताराम, सचिन जैन, आशु चक, सुशील चक, दिनेश गुप्ता, महावीर बघेल, देवेंद्र बेनीवाल, पूरन सिंह बीडीसी, विनोद पाल सिंह बिन्नू, धर्मेंद्र पाल सिंह संजू, ब्रजवीर सिंह चौहान, अजीत सिंह जुरैल, सुनील पाठक, आजाद जैन, सूरज धाकरे, धर्मेंद्र तेनगुरिया, देवांशू उपाध्याय, दीपक ठैनुआ, अनंत प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस के वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शिकोहाबाद:-** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद में राष्ट्रीय गणित दिवस के जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य ओम प्रकाश यादव एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ विजय प्रताप सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, फिरोजाबाद, राजीव गुप्ता, प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, शिकोहाबाद, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह, ओम प्रकाश यादव एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों, पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विजय प्रताप सिंह ने गणित के जादूगर देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को नमन करते हुए सभी बाल वैज्ञानिकों के गणित के मॉडलों एवं पोस्टरों की सराहना करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की। राजीव गुप्ता ने जनपद के सभी बाल वैज्ञानिकों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की की। कृष्ण मोहन सिंह ने सभी विद्यार्थियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही व्याख्यानकर्ता इंजीनियर अभिषेक एवं सौरव प्रकाश द्वारा देश के महान गणतिज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के कार्यो एवं गणित विषय पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 270 विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने गणितीय मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें कोणों के प्रकार, थ्री डी नेट शेप, ग्राफ इन्वर्स, ट्रिग्नोमेट्री पार्क, वर्ग विधि,वर्ग प्रमेय, इंटरसेक्शन ऑफ सेट, एल सी एम, नंबर सिस्टम, लाइन्स एंड एंगल्स आदि मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने गणित पर विभिन्न आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन दीपक ओहरी, संजय शर्मा और दिनेश चाहर ने किया। गणित मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान नैतिक, द्वितीय स्थान हिमांशी एवं तृतीय स्थान रिषभ और रियांशु ने प्राप्त किया। गणित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पल्लवी, द्वितीय स्थान स्वेता एवं तृतीय स्थान अभय भारती और अनमोल ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गौरव प्रकाश, दुन्द्रसेन यादव, शुभांकर यादव, अंकुश गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, भगेन्द्र सिंह, प्रेमस्वरूप, अभय पचौरी, कीर्ति तेनगुरिया, अनीता यादव, हरगिन्द्र एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## अन्नपूर्णा भवन का मामला सुलझा, घोसियाना से करदहिया में बनेगा अन्नपूर्णा भवन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** सिगाही। विकास खण्ड निघासन की ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया में अन्नपूर्णा भवन को लेकर उपजे विवाद के बाद शुक्रवार को बीडीओ जयेश कुमार सिंह ने लेखपाल के साथ किया ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान घोसियाना में बना अर्धनिर्मित अन्नपूर्णा भवन करदहिया में बनना हुआ तय।

बताते चले कि ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया में प्रस्तावित अन्नपूर्णा भवन को लेकर ग्रामीणों ने विरोध उसवक्त तेज कर दिया जब प्रधान पति ने अन्नपूर्णा भवन को घोसियाना मजरे में बनवाने को लेकर प्रस्ताव करवा लिया था। इस प्रस्ताव को निरस्त करवाने को लेकर ग्रामीणों ने 29 दिसम्बर को क्षेत्रिय विधायक शशांक वर्मा को ज्ञापन देते हुए बताया था कि घोसियाना मजरे में अन्नपूर्णा भवन बनने जा रहा वहां केवल 40 राशन कार्ड हैं, जबकि उसके दूसरी तरफ करदहिया मजरे में 300 राशनकार्ड धारक हैं। कार्ड धारक की अधिक जनसंख्या को देखते हुए करदाहिया में अन्नपूर्णा भवन निर्माण करना अधिक उचित होगा। ज्ञापन को लेते हुए विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था की जनता की मांग के अनुरूप निर्माण कार्य कराया जाएगा। विधायक के आश्वासन और ग्रामीणों के प्रयास के कारण शुक्रवार को वीडिओ जयेश कुमार निघासन ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया पहुंचे जहां पर दोनों मजरों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि करदहिया मजरे में जगह चिन्हित कर अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा और घोसियाना मजरे में पहुंचकर, बन रहे अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य बंद करवा दिया। अपनी मांग को पूरी होता देख ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

इस बाबत वीडियो जयेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर जगह चिन्हित करने के लिए लेखपाल के साथ ग्राम पंचायत के मजरा करदहिया को गए थे जैसे ही जगह चिन्हित हो जाती है तब अग्रिम कार्रवाई की जाएगी घोसियाना में बना रहे अन्नपूर्णा भवन निर्माण का कार्य अभी रोका गया है।

## झपकी आने से पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

**उरई(जालौन)-** डकोर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की जान चली गई। यह हादसा उस समय हुआ जब चालक मटर की फसल की तुड़ाई के लिए मजदूर लेने ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जा रहा था। रास्ते में नींद की झपकी आने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चालक उसके नीचे दब गया। मृतक की पहचान संजय (25) पुत्र दयाशंकर निवासी मोहना थाना डकोर के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, संजय शुक्रवार सुबह गांव से खाली ट्रैक्टर लेकर मजदूर लेने निकला था। मोहना के पास पहुंचते ही उसे झपकी आ गई और ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से उतरकर पलट गई। हादसे में संजय ट्रैक्टर के नीचे दब गया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद संजय को बाहर निकाला। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि संजय परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था और खेती-किसानी के साथ ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। अचानक हुई इस दुर्घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पिता के सपनों को साकार करना ही मेरा उद्देश्य है विशाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार के पुत्र विशाल गंगवार आज विकासखंड भदपुरा मैं खिचड़ी भोज एवं भंडारे में पहुंचे यहां की ग्राम पंचायत बिजासन के गांव मौसम नगला ठाकुरदास के ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार उर्फ कमलू के भाई सर्वेश कुमार गंगवार द्वारा दुर्गा जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। यहां पहुंचे स्वर्गीय विधायक केसर सिंह गंगवार के पुत्र विशाल गंगवार ने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा उनके पिता ने जो बीणा उठाया था इस पिछड़ी हुई विधानसभा नवावगज को जनपद में प्रथम स्थान पर लाने का जिसके तहत उन्होंने अपने कार्यकाल में काफी विकास कार्य किया परंतु जो अपूर्ण रह गए परंतु देश में आई आपदा कोरोना में उनका स्वर्गवास हो गया।

परंतु वह आज भी अपने पिता का सपना साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं इसके लिए वह कार्य कर रहे हैं जनता ने अवसर दिया तो उनको सारकार करने में पीछे नहीं हटूंगा वह आज हरैया एवं मौसम नगला ठाकुरदास में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे उनके साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अखिलेश गंगवार राजू गंगवार भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार भाजपा जिला अध्यक्ष सोम पाल शर्मा समेत तमाम बड़े नेता उपस्थित हुए।

# संक्षिप्त खबरें

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ एवं जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माधवी शुक्ला ने किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुशासित ढंग से पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं को अपने आस पास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की सलाह दी।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजिका डॉ शिखा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन सहसंयोजिका डॉ मंजुला शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ कुसुम लता,डॉ दीप नारायण,डॉ शेफालिका राय,डॉ अवधेश कुमार सिंह,डॉ विद्या सिंह, डॉ अमित कुमार यादव,डॉ रामानंद पुजारी,धर्मेंद्र कुमारी, रामकेश सोनकर,धर्मचंद्र,जय प्रकाश के साथ साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थिति रहें।

## आदर्श ब्राह्मण मंच के विस्तार पर हुई चर्चा



**चुनार, मीरजापुर।** मकर संक्रांति पर नगर के बेलबीर मुहल्ले में स्थित श्री राम मंदिर के प्रांगण में आदर्श ब्राह्मण मंच के नगर अध्यक्ष पंडित शशिकांत मिश्रा के साथ संगठन के विस्तार ,एवं ब्राह्मणों के उत्थान पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष रमाशंकर पांडेय, कोषाध्यक्ष सौरभ पुजारी, महामंत्री बंगलेश पांडेय, प्रतीकराव वैद्य के उपस्थित रहे।

## 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान



**भदोही।** कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के अंतर्गत अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में आज दिनांक- 16/01/2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/ स्कूलों/ कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/ बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## महर्षि आज़ाद मैदान मेढ़ी में कल से शुरू होगी राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आज़ाद मैदान, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कल 18 जनवरी से होने जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न होगा, जबकि उद्घाटन के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शैलेष कुमार होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों की टीमें भी प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बाँदा और पड़ौना की टीमों के मध्य खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अति प्रतिष्ठित प्रतियोगिता वर्ष 1982 से लगातार आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रतिवर्ष देश के दिग्गज खिलाड़ी भाग लेते हैं। प्रतियोगिता में रणजी स्तर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी देखने को मिलता है, जिससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को निखरने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है।

# माघ मेला प्रयागराज-2026 के दृष्टिगत भदोही में बने अस्थायी श्रद्धालु शिविरों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

● श्रद्धालुओं को जनपद की सीमा में प्रवेश से लेकर प्रस्थान तक किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है- जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** शासन के निर्देशों के क्रम में माघ मेला प्रयागराज- 2026 को सकुशल, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु- हितैषी ढंग से संपन्न कराने हेतु जनपद भदोही में श्रद्धालुओं के सुगम यातायात, रुकने, ठहरने एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में जनपद में कुल 05 अस्थायी श्रद्धालु शिविरों का निर्माण किया गया है। इन अस्थायी श्रद्धालु शिविरों में प्रमुख रूप से काशीराज इंटर कॉलेज, औराई; गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज, गोपीगंज; तथा रामदेव पीजी कॉलेज, जंगीगंज को चिन्हित किया गया है, शेष रामलीला मैदान गोपीगंज एवं राजपूत ढाबा के पीछे बगिया है। जहां माघ मेला के दौरान प्रयागराज जाने वाले एवं लौटने वाले श्रद्धालु ठहराव एवं विश्राम कर सकेंगे। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा उक्त अस्थायी श्रद्धालु शिविरों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने शिविरों में उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

द्वय अधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं हेतु स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, भोजन व्यवस्था, वाहन पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंध जैसी आधारभूत आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिविरों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप समयबद्ध रूप से संचालित की जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को जनपद की सीमा में प्रवेश से लेकर प्रस्थान तक किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, पार्किंग स्थलों के समुचित संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

जनपद प्रशासन द्वारा माघ मेला प्रयागराज-2026 के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां लगातार की जा रही हैं। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, उप जिलाधिकारी औराई श्याम मणि त्रिपाठी ,तहसीलदार ज्ञानपुर अजय सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी संदीप सरोज, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, बीडीओ औराई, ज्ञानपुर, डीघ व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत 16वें दिन परिवहन विभाग द्वारा सघन वाहन जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों के अनुपालन एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में जनपद भदोही में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन दिनांक 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा सप्ताह के 16वें दिवस (16 जनवरी 2026) को परिवहन विभाग द्वारा सघन प्रवर्तन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग की टीम द्वारा विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट न पहनने, रांग साइड ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, ड्रंकन ड्राइविंग तथा सीट बेल्ट न लगाने जैसे यातायात नियमों के उल्लंघन पाए गए।

जांच के दौरान कुल चालानों की स्थिति इस प्रकार रहे -हेलमेट न पहनने परः 25 वाहन, रांग साइड ड्राइविंग पर : 08 वाहन, मोबाइल फोन का प्रयोग करते पाए जाने पर : 05 वाहन, ड्रंकन ड्राइविंग मेंः 04 वाहन, सीट बेल्ट न लगाने परः 08 वाहन। इसके साथ ही औराई विकास खण्ड में खण्ड विकास अधिकारी दिलीप कुमार की उपस्थिति में ग्राम प्रधानों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों के पालन पर विशेष रूप से जोर दिया गया। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा भी सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की गई। जनपद प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस प्रकार के प्रवर्तन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

## बन रहे अंत्येष्टि स्थल का डीपीआरओ ने किया



**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गलरा में बन रहे अंत्येष्टि स्थल का जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान दिया आवश्यक निर्देश वही बगल में बन रहे आर आरसी सेटर का भी डीपीआरओ ने निरीक्षण दिया उचित निर्देश अंत्येष्टि स्थल देखकर डीपीआरओ मिर्जापुर ने संतुष्ट होकर बताया कि थोड़ा सा नशे में बनने से आता है सुंदरता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा को जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि आपको जरूर पुरस्कृत कराया जाएगा इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा लालपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशफाक अहमद ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया बावन दास केसरी सहित लोग मौजूद रहे।

## केदारपुर में बना RRC सेंटर बना शोपीस, जिम्मेदार बने मुकदर्शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** जिले के डीघ ब्लॉक अंतर्गत केदारपुर गांव में बना रिसोर्स रिकवरी सेंटर (RRC) निष्प्रयोज्य साबित हो रहा है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र अब शराबियों का अड्डा बन गया है और गंदगी से भरा पड़ा है। दीवारे फट गई है, कार्यालय और शौचालय केवल सिस्टम को मुंह चिढ़ा रही है लेकिन कोई भी जिम्मेदार इसकी सुधि लेने वाला नहीं है। सेंटर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ और परिसर के अंदर शराब की बोतलें, पन्नी, पाउच, डिस्पोजल गिलास तथा अन्य प्लास्टिक कचरे का अंबार लगा था। शौचालय भी बोरियों और प्लास्टिक की थैलियों से भरे पड़े है। यह केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का हिस्सा है, जिस पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं।

इसका मुख्य उद्देश्य घरेलू और अन्य ठोस कचरे को अलग करना, पुनर्चक्रित करना, खाद बनाना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। हालांकि, संचालन न होने के कारण यह निवेश निरर्थक साबित हो रहा है। इसके दुर्दशा के पीछे कहीं न कहीं जिम्मेदारों की मिलीभगत और लापरवाही का खेल है, यदि जिम्मेदार अधिकारी इस तरह की सेंटर की सही निगरानी और जानकारी लेते तो इस तरह सरकार की मंशा खुले आम तार तार न होती। यह नजारा न केवल एक सेंटर का है बल्कि ऐसा है नजारा कई सेंटर पर देखा जा सकता है जहां ग्राम प्रधान और जिम्मेदार अधिकारियों के मिलीभगत से 'खेला' होता है। सब लोक जानते हुए भी मुकदर्शक बने है और जिले के अधिकारियों को केवल मनमानी रिपोर्ट देकर गुमराह कर रहे है।

## जन्म से लेकर अंतिम तक सरकार देती है योजनाओ का लाभ जिला पंचायत राज अधिकारी मिर्जापुर

● चौपाल लगाकर राशन कार्ड की जांच करने की दिए निर्देश डीपीआरओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हलिया, मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गलरिया के देवरी पुरब पंचायत भवन पर शुक्रवार को चौपाल लगाकर जिला पंचायत राज अधिकारी मिर्जापुर संतोष कुमार ने सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को बताया कि जन्म से लेकर अंतिम दाह संस्कार तक सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलता है आप लोग एक काम में परेशान हो जाते हैं तमाम सरकार की योजना छोड़ देते हैं तमाम योजनाओं की जानकारी देते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी जल जीवन मिशन संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों को कहीं पर स्वास्थ्य की समस्या पानी की समस्या होती है तो तुरंत सब सक्षम अधिकारी से संपर्क करें ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज कुमार गौतम को फटकार लगाते कहां की किसी भी प्रकार की कार्य में लापरवाही बरतने पर तुरंत कार्रवाई किया जाएगा वहीं ग्रामीणों ने कोटे की दुकान को लेकर आक्रोश जताते हुए राशन न मिलने की शिकायत किया यहां तक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती ने बताया कि बच्चों तक का राशन खा जाते हैं कोटेदार जिला पंचायत राज अधिकारी ने कोटेदार को फटकार लगाते हुए बताया कि तुम्हारी जांच कर कर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा एडीयो पंचायत हलिया रूपेश श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि सोमवार को कैंप लगाकर लोगों को इकट्ठा करके राशन कार्ड की जानकारी करो गड़बड़ी पाए जाने पर कोटेदार के खिलाफ तत्कालीन प्रभाव से कार्रवाई करवाओ वही ग्राम पंचायत गलरिया के देवरी पुरब शौचालय ना बने होने से ग्रामीणों ने शिकायत किया वहीं पंचायत सहायक से लिस्ट मांगने पर पंचायत सहायक ने किसी भी कार्य का लिस्ट नहीं दे पाई जिससे जिला पंचायत राज अधिकारी नाराज होते हुए कहा कि आपके ऊपर कारवाई किया जाएगा नहीं तो सही से काम करो और पूरी जानकारी रखो वहीं प्रधानमंत्री आवास की जानकारी लेते हुए सचिव ने बताया कि 248 आवास प्रस्तावित किया गया है हर काम की पंचायत भवन पर सूची चिपकाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने निर्देशित किया वही ग्रामीणों की समस्या को सुना बन रहे शौचालय की भी जानकारी लिया विधवा विकलांग दिव्यांग की प्रथम वरीयता देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया वही वही चौपाल खत्म होने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने बने आर आरसी सेंटर का भी निरीक्षण किया वही सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया सामुदायिक शौचालय में मौजूद केयर टेकर से वार्तालाप भी किया साफ-सफाई रखने का निर्देश दिए वहीं अंत्येष्टि स्थल कभी निरीक्षण किया और ग्राम प्रधान को निर्देशित किया की मानक मे बनाए किया। इस मौके पर उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी मिर्जापुर संतोष कुमार एडीयो पंचायत रूपेश श्रीवास्तव पोस्ट चिकित्सा अधिकारी बरौधा डॉक्टर नीलम जिले से सुनील कुमार ब्लाक कोऑर्डिनेटर मोहसिन खान स्वास्थ्य विभाग आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सहित तमाम सरकारी कर्मचारी मौजूद रहे वहीं क्षेत्र से आए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा ग्राम प्रधान गुलाब पटेल शिव गोविंद चौरसिया अशफाक अहमद मनकामना मिश्र कोटे दार तेज वली चतुर्वेदी शाहिद तमाम क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा पीड़िता के खाते में 2000/- रु0 धनराशि को कराया गया वापस

**भदोही।** साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां व थानाध्यक्ष सुरियावां को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक रोहित यादव पुत्र अशोक यादव निवासी बनकट थाना सुरियावां जनपद भदोही मो0नं0 7755895255 से फ्रॉडस्टर आवेदक के भाई की फर्जी इन्स्टाग्राम आईडी बनाकर दिनांक 12/01/2026 को 5000 रुपये का फ्राड कर लिया जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा आनलाइन साइबर कम्पलेन दर्ज किया गया था। साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा NCRP पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए लेयर 06 में गये 2000/- रुपये की धनराशि को पीड़िता के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावाँ जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

## नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ जघन्य अपराध के दोषी अभियुक्त को न्यायालय द्वारा 20 वर्ष का कारावास व 32,000/-अर्थदंड से किया गया दंडित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** दिनांक-14.07.2024 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत वादी मुकदमा की पुत्री उम्र करीब 15-16 वर्ष के साथ आरोपी द्वारा जघन्य अपराध के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग धारा-137(2), 64(1), 351 बी.एन.एस. धारा-5 (एम)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित वैज्ञानिक विवेचना व प्रभावी साक्ष्य संकलन करते हुए के अल्पसमय में आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश एवं अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत चिन्हित व महिला सम्बंधित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा अधिकतम व त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंजीकृत अभियोग में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक(SPP), श्री धीरज शुक्ला की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक- 16.01.2026 को न्यायालय विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो)- प्रथम, ज्ञानपुर- भदोही लोकेश कुमार मिश्र (एच0 जे0 एस0) द्वारा अभियुक्त सफीक अली उम्र 27 वर्ष पुत्र शौकत अली निवासी चुड़िहारी मोहाल, गोपीगंज, थाना गोपीगंज, जनपद भदोही को नाबालिग के साथ जघन्य अपराध में दोषी सिद्ध करते हुए धारा-137(2) भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत तीन वर्ष के कारावास एवं 2,000/- (दो हजार) रूपए के अर्थदण्ड एवं धारा 64 (1) भारतीय न्याय संहिता व धारा-5 (m)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अनुसार गुरूत्तर आनुकल्पिक दण्ड के रूप में बीस वर्ष के कारावास एवं 30,000/-(तीस हजार रूपए) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में उसे तीन वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। इस धारा में अधिरोपित अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को प्रदान की जाएगी।

## कार्पेट डाइंग उद्योगों से प्रदूषित जल निस्तारण की शिकायतों के दृष्टिगत गठित संयुक्त समिति द्वारा डाइंग प्लांटों की जांच



● जिलाधिकारी के आदेश पर कार्पेट डाइंग उद्योगों की जांच हेतु संयुक्त समिति की कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोहीः-** जनपद भदोही में संचालित कार्पेट उद्योग के विभिन्न डाइंग प्लांटों से निकलने वाले अत्यधिक प्रदूषित जल को बिना किसी उपचार के सीधे नालों, जलस्रोतों एवं भूमिगत जल में प्रवाहित किए जाने सम्बंधी प्राप्त हो रही शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी, भदोही द्वारा आदेश 06 जनवरी, 2026 से 08 अर्न्तविभागीय सदस्यों की संयुक्त समिति का गठन किया गया था। उक्त संयुक्त समिति उप जिलाधिकारी न्यायिक बरखा सिंह उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी बीड़ा अनीता देवी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र आशुतोष सहाय पाठक रिलेशनशिप मैनेजर राजेश अधिशासी अभियंता भूगर्भ जल विभाग स्वप्निल कुमार राय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका धर्मराज सिंह सहायक अभियंता सिंचाई विनय प्रताप मौर्य क्षेत्रीय बना अधिकारी आलोक रंजन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वाराणसी सुशील कुमार सहायक वैज्ञानिक अधिकारी पीसी वर्मा वैज्ञानिक सहायक द्वारा 16 जनवरी 2026 को जनपद-भदोही में स्थापित/ संचालित निम्नलिखित डाईंग उद्योगों की जॉच की गई मेसर्स कार्पेट इण्टरनेशनल, हरियॉव बाईपास रोड, भदोही।

मेसर्स कार्पेट पैलेस, कार्पेट सिटी, अहमदपुर, फुलवरियों, भदोही।, मेसर्स दीपक डाइंग हाउस, बीडा, कार्पेट सिटी, भदोही, मेसर्स मैम्ब वूलेन्स, जमुनीपुर, भदोही। मेसर्स मीरा इण्डस्ट्रीज, कार्पेट सिटी, बीडा, भदोही। मेसर्स रूपेश कुमार एण्ड ब्रदर्स, बीडा, कार्पेट सिटी, भदोही। मेसर्स शोभा वूलेन्स प्रा0 लि0, नेशनल चौराहा ज्ञानपुर रोड, भदोही। मेसर्स ए0डी0सी0 यार्न डायर्स, कार्पेट सिटी, बीडा, भदोही। मेसर्स राधा डाईंग, कार्पेट सिटी, बीडा, भदोही। मेसर्स एम0के0आर0 इण्टरनेशनल (माबूद इण्टरनेशनल), कार्पेट सिटी, बीडा, भदोही। मेसर्स एस0के0 डाईंग हाउस, कार्पेट सिटी, बीडा, भदोही। मेसर्स अरविन्द एक्सपोर्ट, कार्पेट सिटी, बीडा, भदोही।, मेसर्स मार्डन डाईंग हाउस, कार्पेट सिटी, बीडा, भदोही।

जॉच के दौरान उपरोक्त कुल उद्योगों में से 1 से 7 एवं 10, 12 पर उल्लिखित उद्योग से निस्तारित औद्योगिक उत्प्रवाह के नमूने का एकत्रण कर क्षेत्रीय कार्यालय, उ0 प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वाराणसी की प्रयोगशाला में जमा कराया गया है। विश्लेषण आख्या प्राप्त होने पर प्रचालकों की मात्रा निर्धारित मानको के अनुरुप न होने की दशा में उद्योग के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## अध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में ब्लॉक अभोली के सदौपुर एवं नागमलपुर गांव में चौपाल का आयोजन



**भदोही।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आज जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में ब्लॉक अभोली के सदौपुर एवं नागमलपुर गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर व भदोही प्रभारी श्री दयाशंकर पांडेय एवं जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है, जिससे मजदूरों को काम और मजदूरी समय पर नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस पार्टी मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी। मनरेगा बचाओ संग्राम के कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश चंद्र मिश्रा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे 'राजन' ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवनरेखा है और इसे समाप्त करने की किसी भी साजिश का कांग्रेस विरोध करेगी। यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिवनाजिम अली एवं कार्यक्रम के संयोजक सुमित शुक्ला 'चिंटू ने संयुक्त रूप से कहा कि इस आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर किसान कांग्रेस सोशल मीडिया राष्ट्रीय संयोजक दिलीप मिश्रा राजेश्वर दुबे, सुबुकतगीन अंसारी, आशुतोष पाण्डेय, मृत्युंजय पांडेय, रमाशंकर बिंद, सुरेश चौहान, शक्ति मिश्रा, नितिन सिंह, ओम प्रकाश चौटाला, लक्ष्मण पांडेय, इंद्रमणि पांडेय, रमेश गौतम कांति देवी, जोखू हरिजन, खिचड़ी गौतम, धर्मराज गौतम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, आजमगढ़ को देश का शीर्ष जिला सैनिक बोर्ड घोषित किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आजमगढ़** सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, कार्यालय आजमगढ़, उत्तर प्रदेश देशभर में सैनिक कल्याण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर उभरा है। दिनांक 14 जनवरी, 2026 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित दसवें राष्ट्रीय भूतपूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आजमगढ़ जिले को भारत का सर्वोच्च जिला होने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जनरल उपेंद्र द्विवेदी, परम् विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, थल सेना अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान जिले में भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण, पुनर्वास एवं उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट और समर्पित कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, विंग कमांडर कुमार राजीव रंजन (अ0प्रा0) ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय राज्य सरकार के मार्गदर्शन, निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, लखनऊ एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि सेना अध्यक्ष से यह पुरस्कार प्राप्त करना जिले के लिए एक अविस्मरणीय गौरव की बात है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री एवं सैनिक कल्याण मंत्री श्री योगी अदित्यनाथ जी के प्रेरणादायी नेतृत्व एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ उनकी कटिबद्धता का परिचायक है। यह हमारे लिए अत्यंत गौरव की बात है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने सैनिक कल्याण विभाग अपने पास रखा है जो स्वतः भूतपूर्व सैनिको के प्रति उनके हृदय में लगाव को दर्शाता है। लखनऊ स्थित राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर अतुल कुमार (अ0प्रा0), सेना मेडल के निरंतर मार्गदर्शन के बिना यह उपलब्धि संभव नही थी। उन्होने निरंतर हमे आगे बढ़ने, कुछ नया करने तथा भूतपूर्व सैनिको से अधिकाधिक संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही जनपद के जिलाधिकारी एवं समस्त प्रशासनिक तंत्र का पूर्ण सहयोग इस यात्रा की रीढ़ रहा है। जिलाधिकारी महोदय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, अपर जिलाधिकारी महोदय (प्रशासन) तथा मुख्य राजस्व अधिकारी महोदय के सक्रिय प्रयास से भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव हो पाया है।

सेवा पुनर्योजन, केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं का सम्यक अनुपालन तथा सैनिको की समस्याओं का साह निस्तारण सैनिक कल्याण के तीन स्तम्भ है। यह पुरस्कार जिले द्वारा भूत्तपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए क्रियान्वित की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर सृजित करने त्वरित व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने, पेशन एवं अन्य लाभों के समयबद्ध वितरण, तथा उनके सम्मान एवं गरिमा को सुनिश्चित करने के लिए किए गए समन्वित प्रयासों का परिणाम है। इस राष्ट्रीय सम्मान से जिले का मान बढ़ा है और यह हमारे वीर भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के प्रति प्रदेश सरकार निदेशालय व जनपद प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आजमगढ़ जिला प्रशासन एवं सैनिक कल्याण विभाग भविष्य में भी हमारे राष्ट्र निर्माताओं की सेवा में इसी प्रकार समर्पित रहने के लिए कटिबद्ध है।

## सनातनी अग्रदूत ऋषि शुक्ला के सेवा धर्म की हर जगह हो रही सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** काशी प्रयाग बंग परिषद के व्यवस्थापक विनय दुबे के नेतृत्व में परिषद परिवार द्वारा गंगा सागर तीर्थ यात्रियों के स्वागत सम्मान एवं सेवा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता पहुंचे भदोही के सनातनी अग्रदूत एवं युवा हिंदू वाहिनी के नेता ऋषि शुक्ला का विशेष स्वागत सम्मान किया गया। बंग परिवार के सेवा धर्म कार्यक्रम में ऋषि शुक्ला का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। उन्होंने सनातनी युवाओं की टीम के साथ नारियल फोड़कर गंगासागर तीर्थ यात्रा के दल की विधिवत अगवानी की और यात्रा की सफलता पर मंगल कामना की। इस अवसर पर ऋषि शुक्ला के साथ सनातनी समाज की एकजुट टीम उपस्थित रही। जिसमें तरुण मिश्रा, गुड्डू पांडे, विमल तिवारी, राजू पांडे, मनीष शुक्ला, मोनू शुक्ला, अरविंद पांडे, आशीष चौबे, विपुल पांडे, श्रीकांत दुबे, आकाश मिश्रा, आजाद मिश्रा, खन्ना तिवारी, सुमित दूबे, रामजी दूबे एवं कुशल पांडे प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस मौके पर समाजसेवी ऋषि शुक्ला ने कहा कि गंगासागर तीर्थ यात्रा सनातन संस्कृति की आस्था एकता और सेवा भाव का जीवन उदाहरण है। उन्होंने काशी प्रयाग बंद परिषद परिवार के साथ मिलकर तीर्थ यात्रियों की सेवा को पुण्य कार्य बताया और परिषद के व्यवस्थापक विनय दुबे के प्रति आभार भी व्यक्त किया। भदोही से जुड़ी गंगासागर तीर्थ यात्रा को लेकर यह आयोजन क्षेत्र के लिए बड़ी और प्रेरणादायक मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि युवा सनातनी अग्रदूत युवा समाजसेवी ऋषि शुक्ला स्वयं भी बंग परिवार के आयोजक मंडल में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिससे सनातनी युवाओं में उत्साह एवं संगठन आत्मक मजबूती देखने को मिल रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुशील तिवारी शिक्षा समिति के तत्वावधान में भंडारे का आयोजन




**नैनी, प्रयागराज।** मकर संक्रांति पर्व पर माघ मेला क्षेत्र सेक्टर सात संकट मोचन मार्ग पर स्थित सुशील तिवारी शिक्षा समिति के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। समिति के अध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा, कि यह भंडारा शिक्षा और समाज सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को चाहिए कि मेला क्षेत्र में गंदगी न फैलाएं। जगह- जगह पर लगे कूड़ा दान का प्रयोग करें। सफाई की जिम्मेदारी सभी की है। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी प्रदीप महरा (शास्त्री), समिति के साहब लाल, त्रिभुवन यादव, पंकज शर्मा, नरेंद्र द्विवेदी, फूलचंद, अरुणेश यादव, पंकज केसरी, विनय त्रिपाठी, ओम शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### कारडेट लगातार किसानो की सेवा में प्रयासरतः डॉ0 डी0 के0 सिंह



**ब्यूरो प्रयागराज।** कारडेट द्वारा आयोजित किसान चौपाल के माध्यम से संबोधित करते हुए कारडेट के प्रधानाचार्य डॉ0 डी0 के0 सिंह ने बताया की इफको किसानों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और भारतीय कृषि तकनीक में आधुनिक उर्वरकों के प्रयोग के लिए लगातार अनुसंधान कर रही है। इसी क्रम में इस समय रवि फसलों में नैनो डीएपी तरल, नैनो यूरिया प्लस, सागरिका, जल विलेय उर्वरक, जैव उर्वरक एवं जैव अपघटक के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी और सुझाव दिया की सभी किसान भाई मृदा परीक्षण के आधार पर ही खेतों में उर्वरकों का प्रयोग करें, इसके लिए कारडेट में खेतों की मिट्टी की जांच निःशुल्क की जाती है। इस सभा में उपस्थित महिलाओं को कारडेट में आकर विभिन्न तरह की ट्रेनिंग प्राप्त कर अपने आय के स्रोत को बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुपरावारी के ग्राम प्रधान सुभाष पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को ठंड से बचाव के लिए कंबल भी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित कृषक दौलत भारतीया, लालजी धुरिया, वीरेंद्र कुमार, त्रिभुवन यादव, उर्मिला देवी चनरी देवी, पप्पू यादव, बच्चू लाल पटेल सहित भारी संख्या में कृषक जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने किया।

### लखनऊ के चिनहट में दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, एक व्यावसायिक निर्माण सील; रष्ह ने की कार्रवाई

**एलडीए की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को चिनहट में अभियान चलाकर 28 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया।**



**लखनऊ।** एलडीए की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को चिनहट में अभियान चलाकर 28 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। वहीं, चिनहट में एसटीपी रोड पर एक अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया गया। प्रवर्तन जोन-एक की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया, राजकिशोर, डिंपल सिंह व अन्य द्वारा चिनहट के जुग्गौर में 20 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह उपेंद्र व अन्य द्वारा चिनहट के ग्राम लौलाई के फत्ते का पुरवा में आठ बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

जोनल अधिकारी ने बताया, प्रकाशिनी मिश्रा व अन्य द्वारा चिनहट के भैंसौरा में एसटीपी रोड पर 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया।

# महाभियोग प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो पयागराज। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने लोकसभा स्पीकर के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें जजेस (जांच) एक्ट, 1968 के तहत उनके खिलाफ तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई गई थी। दरअसल जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से बड़ी मात्रा में जली और अधजली करेंसी बरामद हुई थी। एक जज बके यहां से इस कैश बरामदगी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा महाभियोग प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं।

शुक्रवार को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा, 'हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता इस मामले में किसी भी राहत का हकदार नहीं है।' पिछले हफ्ते जस्टिस दत्ता की बेंच ने सभी पक्षों की लंबी दलीलें सुनने के बाद जस्टिस वर्मा की रिट याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अपनी याचिका में जस्टिस वर्मा ने मुख्य रूप से प्रक्रियात्मक आधार पर लोकसभा स्पीकर के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में तर्क दिया गया कि हालांकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में एक ही दिन महाभियोग के नोटिस दिए गए थे, लेकिन स्पीकर ओम बिरला ने राज्यसभा चेयरमैन के फैसले का इंतजार किए बिना या अनिवार्य संयुक्त परामर्श किए बिना एकतरफा रूप से जांच समिति का गठन कर दिया।



यह तर्क दिया गया कि जजों (जांच) अधिनियम की धारा 3(2) का प्रावधान यह कहता है कि जब दोनों सदनों में एक ही दिन नोटिस दिए जाते हैं, तो कोई भी समिति तब तक गठित नहीं की जा सकती, जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न हो जाए और वह भी स्पीकर और चेयरमैन की संयुक्त कार्रवाई से। लोकसभा सचिवालय ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि राज्यसभा ने महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया था। यह बताया गया कि तत्कालीन चेयरमैन और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के जुलाई में इस्तीफा देने के बाद 11 अगस्त 2025 को राज्यसभा के उपसभापति ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था।

यह भी तर्क दिया गया कि धारा 3(2) का प्रोविजो लागू नहीं होता है और लोकसभा स्पीकर स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ने के लिए अपने अधिकारों के दायरे में थे। लोकसभा और राज्यसभा के अधिकारियों की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि सेक्शन 3(2) के प्रोविजो का मकसद सिर्फ एक ही आरोपों पर दो अलग-अलग जांच कमेटियों के गठन से बचना था। सेक्शन 3(2) के प्रोविजो के मुताबिक अगर दो प्रस्ताव अलग-अलग दिनों में संसद के दोनों सदनों में दिए जाते हैं, तो बाद वाला प्रस्ताव स्वतः रद्द हो जाएगा।

केंद्र के दूसरे सबसे बड़े कानून अधिकारी ने कहा कि महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार करना ऑटोमैटिक नहीं होता और इसके लिए संबंधित सदन के पीठासीन अधिकारी को सोच-समझकर फैसला लेना होता है। जस्टिस वर्मा मार्च 2025 से विवादों के केंद्र में हैं, जब कथित तौर पर उनके आधिकारिक आवास के एक आउटहाउस में जले हुए नोट मिले थे, उस समय वह दिल्ली हाई कोर्ट के जज थे। हालांकि आग लगने के समय वह वहां मौजूद नहीं थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय इन-हाउस जांच कमेटी ने बाद में यह निष्कर्ष निकाला कि उन्होंने कैश के ढेर पर गुप्त या सक्रिय नियंत्रण रखा था।

जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने हटाने की कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की थी। पिछले साल अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें इन-हाउस जांच को चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तय की गई इन-हाउस प्रक्रिया 'निष्पक्ष और न्यायसंगत' है और यह न्यायिक स्वतंत्रता से समझौता नहीं करती है, जो संविधान का बुनियादी सिद्धांत है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को नोट किया था कि लोकसभा और राज्यसभा में एक ही दिन (21 जुलाई) को सांसदों ने जस्टिस वर्मा के मामले में नोटिस दिया था। राज्यसभा के उपसभापति ने 11 अगस्त को नोटिस अस्वीकार कर दिया। इसके बाद 12 अगस्त को लोकसभा स्पीकर ने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय कमेटी बनाई।

मामले को सुनते हुए जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने पूछा था कि राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन की तरफ से प्रस्ताव खारिज करने के बाद लोकसभा स्पीकर की तरफ से कमेटी बनाने में क्या गलती है? जस्टिस यशवंत वर्मा की तरफ से पेश वरिष्ठ वकीलों मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने दलील दी थी कि संविधान के अनुच्छेद 91 के मुताबिक सभापति की अनुपस्थिति में उपसभापति के अधिकार सीमित हैं। वह सदन चला सकते हैं, लेकिन सभापति के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी फैसले नहीं ले सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार, 8 जनवरी को जस्टिस वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। उस दिन कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के वकीलों से पूछा था, 'एक सदन की तरफ से कमेटी गठित होना आपके प्रति पूर्वाग्रह कैसे हुआ? अगर लोकसभा ने कमेटी बनाई है, तब भी बाद में प्रस्ताव दोनों सदनों में जाएगा। दोनों सदनों की सहमति से ही जज को हटाया जा सकता है। 14 मार्च, 2025 को जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली के घर पर आग लगी थी। उस समय वह दिल्ली हाई कोर्ट के जज थे। आग बुझने के बाद पुलिस और दमकल कर्मियों को वहां बड़ी मात्रा में जला हुआ कैश दिखा। इस विवाद के बाद जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इलाहाबाद हाई कोर्ट कर दिया गया। साथ ही उन्हें न्यायिक कार्य से भी अलग कर दिया गया।यानी वह जज तो हैं, पर किसी मामले की सुनवाई नहीं कर सकते।

# एक दिवसीय विश्वदर्शन-दिवस का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई, दिल्ली, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय विश्वदर्शन-दिवस का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय पारिस्थितिकीय नीतिशास्त्र रहा। कार्यक्रम के आयोजक सचिव डॉ. राम कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा निदेशक उ0 प्र0 प्रो0 बी0 एल0 शर्मा सहित संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रो0 शशी कपूर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य प्रो0 ओम प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो0 जटाशंकर तिवारी ने पर्यावरणीय नीतिशास्त्र और आभ्यांतर प्रकृति विषय पर, प्रो0 शिवभानु सिंह, इविंग क्रिश्चियन कालेज, प्रयागराज के पूर्व विभागाध्यक्ष ने पारिस्थितिकीय दर्शन के विविध आयाम के अन्तर्गत विवेक, प्राकृतिक संरक्षण, संपोषणीय विकास विषय पर,प्रो0 अमिता पाण्डेय, विभागाध्यक्ष दर्शनशास्त्र,ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज, प्रयागराज ने अन्तर्राष्ट्रीय वित्तपोषण एवं नैतिकता तथा डॉ0 नंदिता सिंह सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने दर्शनशास्त्र में पारिस्थितिकीय संतुलन विषय पर व्याख्यान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 नीतू सिंह विभागप्रभारी, गृह विज्ञान ने तथा विषय प्रवर्तन डॉ0 अमित कुमार मिश्र ने किया। आयोजक सचिव डॉ0 रामकुमार सिंह, विभाग प्रभारी दर्शनशास्त्र ने कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र नगर,महा पालिका 29 निगमो में से 23 निगमो की जीत

**मीरजापुर।** मुबई महा पालिका मे पहली बार भाजपा का मेयर के चुनाव मे शानदार बंपर जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने नगर अध्यक्ष पश्चमी नितिन विश्वकर्मा के नेतृत्व मे मुकेरी बाजार चौराहे एक दुसरे को मिठाई खिलाकर,अतिशबाजी कर नारे लगा रहे थे जीत गऐ हम जीत गऐ बम्बई महापालिका जीत गऐ, भाजपा जिंदाबाद, मोदी जी जिंदाबाद आदी नारे लगाते हुए जीत का जश्न मनाया,,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा ने कहा की बिहार, केरल के चुनाव के बाद महाराष्ट्र नगर पालिका,महा पालिका चुनाव जितने के बाद बंगाल के जीत की बारी है,महाराष्ट्र की जनता ने विकसित भारत के पक्ष मे मतदान किया है,मुबई की जनता विकाश के ब्रांड जीता है,नकरात्मक राजनीती करने वालो की हार हुई है,वोट चोरी का आरोप लगाने वालो को महाराष्ट्र की जनता ने नकार दिया है। जीत का जश्न बनाने वालो मे मुख्य रूप से नगर महामंत्री संतोष जायसवाल, कृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दीपा उमर, अजय रंजक, रूपेश यादव, मंडल मंत्री अमरेश सोनकर, पुनीत मिश्रा,गोपाल अग्रवाल, सुमन यादव, सुन्दरम सोनी,शिव शंकर जायसवाल, राजेश गुप्ता, राहुल सोनकर, शिव कुमार मोदनवाल, धर्मेन्द्र कुमार, हरिनरायण, पवन कुमार गुप्ता,किशन गुप्ता,राम प्रकाश सेठ,रामेश्वर सोनी,राजु सोनी,गोपाल सोनी,प्रभात केशरवानी,आदी प्रमुख कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# सनातन स्वराज पार्टी' को रजिस्टर कराने की याचिका, दिल्ली हाई कोर्ट ने ECI को 2 हफ्ते में जवाब मांगा

**● दिल्ली हाई कोर्ट ने 'सनातन स्वराज पार्टी' के पंजीकरण मामले में चुनाव आयोग (ECI) को नोटिस जारी किया है. पार्टी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव लड़ने और अपने नाम की मंजूरी व पंजीकरण की मांग कर रही है. कोर्ट ने ECI से दो सप्ताह में हलफनामा दाखिल करने को कहा है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**दिल्ली** हाई कोर्ट ने 'सनातन स्वराज पार्टी' नाम की एक पार्टी द्वारा दायर याचिका पर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ECI) को नोटिस जारी किया है. याचिका में ECI को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह प्रस्तावित राजनीतिक पार्टी के नाम को मंजूरी दें और उसे रजिस्टर करें. इस मामले की सुनवाई जस्टिस अमित बंसल की कोर्ट में हुई. याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मेरी अर्जी पिछले साल से पेंडिंग है।

वकील ने कहा कि हमें मार्च में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव लड़ने हैं. हमें 8 अखबारों में नाम छपवाना है जिसमें 45 दिन लगेंगे. सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि यह याचिका ECI को निर्देश देने के लिए दायर की गई है कि वह याचिकाकर्ता के प्रस्तावित नाम 'सनातन स्वराज पार्टी' को तुरंत मंजूरी दें और ECI को प्रस्तावित राजनीतिक पार्टी को रजिस्टर करने का निर्देश दें।

**2 हफ्ते में दाखिल किया जाए हलफनामा**

याचिकाकर्ता का कहना है कि यह ज़रूरी है क्योंकि याचिकाकर्ता पार्टी पश्चिम बंगाल में होने वाले आने वाले विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है. कोर्ट ने नोट किया कि चुनाव आयोग ने नोटिस स्वीकार कर लिया है. कोर्ट ने कहा कि 2 हफ़्ते में एक छोटा हलफनामा दाखिल किया जाए।

**कोर्ट ने खारिज की थी याचिका**

दिल्ली हाई कोर्ट ने बीते शुक्रवार को एक याचिका खारिज कर दी, जिसमें इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (EC) की तरफ से राजनीतिक पार्टियों को नेशनल या स्टेट-लेवल पार्टियों के तौर पर मान्यता देने को चुनौती दी गई थी।

याचिकाकर्ता, हिंद साम्राज्य पार्टी - एक रजिस्टर्ड राजनीतिक पार्टी की तरफ से राजनीतिक पार्टियों को नेशनल पार्टी या स्टेट पार्टी के तौर पर क्लासिफाई करने वाले इलेक्शन सिंबल (रिजर्वेशन एंड अलॉटमेंट) ऑर्डर, 1968 की वैधता को चुनौती दी थी.जस्टिस नितिन सांब्रे और जस्टिस अनीश दयाल की बेंच ने कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे पहले ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुलझाए जा चुके हैं और इस ऑर्डर को बिना किसी कानूनी शक्ति वाला या भेदभावपूर्ण मानने का कोई कारण नहीं है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि चुनाव आयोग ने गैर-कानूनी तरीके से राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर राजनीतिक पार्टियों को मान्यता दी, जबकि उसके पास ऐसा करने की कोई शक्ति नहीं है।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना भी फेल फंड का सिर्फ 4% ही खर्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मोदी सरकार की एक और योजना फ्लॉप साबित होती दिख रही है। युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ाने वाली प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का खूब ढोल पीटा गया। युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप दी जानी थी और सरकार की ओर से इसके लिए फंड मुहैया कराना जाना था। लेकिन सरकारी फंड का सिर्फ़ 4 फीसदी ही खर्च हुआ। पाँच साल में एक करोड़ की इंटर्नशिप देने की इस योजना का हाल ऐसा है कि कुछ हज़ार युवा ही अब तक इंटर्नशिप पूरी कर पाए हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का हाल भी ऐसा ही होने की ख़बर आई थी। सीएजी ने तो इसमें बहुत बड़े घपले का इशारा किया है और कहा है कि योजना का पूरा मक़सद ही भटक गया है।

युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करने के मक़सद से शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पर अब सवाल उठ रहे हैं। सरकारी खर्च के आंकड़े इस बात को साफ-साफ दिखा रहे हैं कि योजना जमीन पर ठीक से नहीं चल पा रही है। हिंदू बिजनेस लाइन की रिपोर्ट में कंट्रोलर जनरल ऑफ़ एकाउंट्स यानी सीजीए के आँकड़ों के हवाले से कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीनों यानी अप्रैल से नवंबर में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय को 11500 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट मिला था, लेकिन मंत्रालय ने सिर्फ़ 500 करोड़ रुपये के आसपास ही खर्च किए। यानी कुल बजट का महज 4 प्रतिशत ही इस्तेमाल हुआ।

इसमें सबसे बड़ा हिस्सा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए रखा गया था। कुल बजट में से करीब 10800 करोड़ रुपये यानी 94 प्रतिशत सिर्फ इसी योजना के लिए थे। लेकिन योजना की खराब स्थिति की वजह से इतना बड़ा फंड इस्तेमाल ही नहीं हो पाया। यह पहली बार नहीं हुआ है। पिछले साल यानी वित्तीय वर्ष 2025 में भी ऐसा ही हुआ था। शुरू में मंत्रालय को 2667 करोड़ रुपये का बजट दिया गया था, लेकिन बाद में इसे घटाकर सिर्फ 1078 करोड़ कर दिया गया क्योंकि बहुत सारा पैसा खर्च नहीं हुआ।

संसदीय समिति को मंत्रालय ने खुद बताया था कि इंटर्नशिप योजना में कम इस्तेमाल की वजह से पैसा वापस करना पड़ा। पिछले वित्त वर्ष में कुल ख़र्च सिर्फ 680 करोड़ रुपये के आसपास रहा। आँकड़े बताते हैं कि युवाओं की तरफ़ से भी योजना में ज़्यादा दिलचस्पी नहीं दिख रही। संसद में 15 दिसंबर 2025 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लिखित जवाब में बताया था कि योजना के पहले दौर के पायलट प्रोजेक्ट में 1.27 लाख इंटर्नशिप के मौक़ों को लेकर 6.21 लाख आवेदन आए।

कंपनियों ने 82000 से ज्यादा ऑफर दिए, लेकिन सिर्फ 28000 ही युवाओं ने स्वीकार किए। यानी स्वीकृति दर महज 34 प्रतिशत रही। 30 नवंबर 2025 तक सिर्फ 2066 इंटर्न्स ने अपनी इंटर्नशिप पूरी की थी।दूसरे दौर में भी हालत लगभग वैसी ही रही। 1.18 लाख मौकों पर 83,000 से ज्यादा ऑफर गए, लेकिन स्वीकृति सिर्फ 24600 के आसपास रही, यानी दर 30 प्रतिशत से भी कम। सरकार की तरफ़ से इसका कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है, लेकिन अधिकारी मानते हैं कि इंटर्न्स को मिलने वाली बहुत कम आर्थिक मदद इसका बड़ा कारण हो सकता है। योजना के तहत इंटर्न को 12 महीने के लिए हर महीने सिर्फ 5000 रुपये मिलते हैं। साथ में एक बार में 6000 रुपये का ग्रांट और बीमा कवर भी दिया जाता है। कई युवा इसे कम मानकर शायद बेहतर विकल्प तलाश रहे हैं।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए 18 जनवरी को बूथों पर विशेष अभियान

**● बीएलओ करेंगे ड्राफ्ट मतदाता सूची व एएसडीडीआर सूची का वाचन, जनभागीदारी पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उरई(जालौन)-** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विशेष अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 18 जनवरी को समस्त बूथ लेबिल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और अपने बूथ से संबंधित ड्राफ्ट मतदाता सूची एवं एएसडीडीआर सूची का वाचन कर आम नागरिकों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक तक यह सूचना पहुँचना आवश्यक है कि बीएलओ निर्धारित तिथि को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों के माध्यम से इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराया जाए। प्रत्येक ग्राम प्रधान को अपने-अपने गांव में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से उद्घोषणा तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही राजस्व विभाग के लेखपाल, स्वास्थ्य विभाग के ग्राम स्तरीय कार्मिकों तथा ग्राम स्तर पर तैनात अन्य सभी राजकीय कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस अभियान को प्रभावी रूप से पहुँचाने के निर्देश जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए गए। नगर क्षेत्रों में कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे वार्ड सभासदों एवं तैनात कार्मिकों के माध्यम से प्रत्येक वार्ड में जानकारी पहुँचाना सुनिश्चित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी को बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा की जाने वाली समस्त कार्यवाहियों के गहन अनुश्रवण के निर्देश दिए गए। ग्राम स्तर पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी देकर यह सुनिश्चित कराने को कहा गया कि 18 जनवरी के आयोजन की सूचना प्रत्येक नागरिक तक पहुँचे। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि समस्त प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को तत्काल सूचित किया जाए, ताकि वे अपने-अपने ग्रामों में नागरिकों से इस कार्यक्रम में सहभागिता करने का अनुरोध करें। समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में प्रत्येक बूथ का गहन पर्यवेक्षण करते हुए नागरिकों को मतदाता सूची संबंधी जानकारी से अवगत कराएं। बैठक में अवगत कराया गया कि 18 जनवरी को बीएलओ सुबह 10:45 बजे से शाम 4:15 बजे तक अपने-अपने पोलिंग स्टेशनों पर उपस्थित रहेंगे। उन्हें संबंधित पोलिंग स्टेशन की सूची उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे ड्राफ्ट इलेक्टोरल रोल के साथ-साथ एएसडीडीआर सूची का वाचन कर सकें। प्रत्येक बीएलओ को फॉर्म-6 एवं फॉर्म-7 की 50-50 प्रतियां, फॉर्म-8 की 100 प्रतियां तथा डिक्लेरेशन फॉर्म की 50 प्रतियां उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान बीएलओ की सहायता के लिए एक सहायक भी तैनात रहेगा और प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर सहयोग हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बीएलओ एवं आम जनता के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से महिला बीएलओ के लिए पेयजल एवं स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। सभी बीएलए को भी राजनीतिक दलों को पूर्व में लिखित सूचना देकर कार्यक्रम में आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम को अधिक सहभागितापूर्ण और प्रभावी



बनाने के लिए ग्राम प्रधानों, वर्तमान एवं पूर्व वार्ड सदस्यों, राशन डीलरों तथा अन्य स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बीएलओ और सुपरवाइजर लगातार मोबाइल पर सक्रिय रहें और प्रत्येक पोलिंग स्टेशन का भ्रमण करें, जिससे सभी कर्मचारी सतर्क और सक्रिय रहें। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान जनसहभागिता एवं प्रशासनिक सक्रियता को दर्शाती स्पष्ट और गुणवत्तापूर्ण तस्वीरें खींचकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से साझा करने तथा मीडिया को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें प्रशासन और जनता की संयुक्त सहभागिता लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएगी।

# उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का जनपद जालौन में भव्य आयोजन, 24 से 26 जनवरी तक होंगे विविध कार्यक्रम

**● विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत' थीम पर सांस्कृतिक, साहित्यिक व विकासपरक आयोजनों के साथ उत्कृष्ट प्रतिभाओं का होगा सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**उरई(जालौन)-** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को भव्य रूप से आयोजित किए जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि दिनांक 24 जनवरी से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का आयोजन राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय सांस्कृतिक, साहित्यिक, सामाजिक एवं विकासपरक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों, कवियों, साहित्यकारों एवं प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के सभी आयोजन 'विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत' की थीम पर आधारित हों, जिससे प्रदेश की प्रगति, नवाचार, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर से प्रदर्शनियां, संगोष्ठियां, वीर रस की कविताओं का पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं पारंपरिक खेलों का आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर दिनांक 24 से 26 जनवरी के मध्य उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान के विजेताओं, माटी कला बोर्ड के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, चिकित्सकों, प्रगतिशील किसानों एवं वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि समस्त विभाग शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाकर आम जनमानस को योजनाओं की जानकारी दें तथा अधिक से अधिक पात्र लोगों को उनसे लाभान्वित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के0के0 सिंह, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में नियुक्ति घोटाले का आरोप, सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग, झारखंडः-** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति में घोटाले का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को विरोध दर्ज कराया गया। पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान ने हजारीबाग उपायुक्त एवं अस्पताल अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरक्षण नियमों की अनदेखी और मनमानी नियुक्ति का आरोप लगाया। उन्होंने नियुक्ति रद्द करने, संबंधित एजेंसी पर कार्रवाई तथा पूरे मामले की जांच की मांग की, साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

### श्री शनि हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव 23-24 जनवरी को, तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा के नेताजी सुभाष चौक स्थित श्री शनि हनुमान मंदिर में आगामी वार्षिक महोत्सव को भव्य रूप से मनाने को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री लाल प्रदीप नाथ शाहदेव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मंदिर परिसर की व्यापक साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा विधिवत पूजन-हवन के साथ महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 23 जनवरी 2026 को देवी-देवताओं का विधिवत पूजन एवं अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 24 जनवरी 2026 (शनिवार) को दोपहर से भव्य महाभंडारा एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर निर्मल भारती, सुधीर प्रसाद, राजेश चंद्र पाण्डेय, प्रमोद दुबे, उत्तम साहनी, धर्मेंद्र भारती, राजकुमार केशरी, निरंजन अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, अजीत बनारसी, जीतू गुप्ता, प्रकाश जयसवाल, कैलाश बैठा, रामचन्द्र ठाकुर, मनोज साव, बालजी उरांव, मुकेश कुमार, जयप्रकाश गिरी, विवेकानंद प्रसाद, बहादुर जयसवाल, दिलीप साहू, दिलीप पाठक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 25 जनवरी को महरौनी में होगा विशाल हिन्दू महासम्मेलन, 18 को निकलेगी भव्य बाइक रैली

**महरौनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ के आह्वान पर देशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 जनवरी को महरौनी नगर में विशाल हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में सहभागिता के लिए हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा समस्त हिंदू समाज से आह्वान किया गया है। जन-जागरण के उद्देश्य से 18 जनवरी को महरौनी नगर में विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें नगर व क्षेत्र के हजारों युवा मोटरसाइकिलों के साथ सहभागिता करेंगे। इसके पूर्व शुक्रवार को ई-रिक्शा रैली निकाली गई, जबकि शनिवार को ट्रैक्टर रैली आयोजित की जाएगी।

आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नाराहट रोड स्थित हिंदू सम्मेलन समिति कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें नगर प्रचारक राघवेंद्र, कार्यक्रम नगर संयोजक सुरेश, समिति संयोजक डॉ. अखंड, संयोजक ब्रजेश, नगर प्रचार प्रमुख अनुज सहित बड़ी संख्या में पत्रकार व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। बताया गया कि 25 जनवरी को नगर के सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में होने वाले हिंदू महासम्मेलन में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं बच्चों सहित हजारों लोग शामिल होंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए नगर व क्षेत्र के सभी सामाजिक संगठनों एवं समितियों से जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर सहभागिता का आह्वान किया गया है। हिंदू महासम्मेलन समिति द्वारा सम्मेलन में आने वाले सभी लोगों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

## मनरेगा में भ्रष्टाचार पर सख्त रुखः लातेहार में झामुमो नेता सौरभ श्रीवास्तव का बड़ा खुलासा, दोषियों पर कार्रवाई की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** अबुआ सरकार में मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना में भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। योजनाओं को पूरी तरह पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारी एवं मनरेगाकर्मियों को ईमानदारी से कार्य करना होगा। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता सौरभ श्रीवास्तव ने कही। शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 को लातेहार जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सौरभ श्रीवास्तव ने जिले सहित राज्य स्तर पर मनरेगा में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार को लेकर कई गंभीर खुलासे किए। प्रेस वार्ता के दौरान सौरभ ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य सरकार पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। लातेहार में मनरेगा से जुड़े मामलों पर आयोजित यह प्रेस वार्ता इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार मनरेगा को पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने दावा किया कि उनके संज्ञान में आया है कि राज्य के 55 जिलों में करीब 302 करोड़ रुपये का बड़ा मनरेगा घोटाला सामने आया है। सौरभ ने बताया कि लातेहार जिले की मोंगर एवं सीसी पंचायतों में 600 टीसीबी योजनाएं स्वीकृत थीं, लेकिन इनमें से 10 प्रतिशत भी पूर्ण नहीं हो सकी। इसके बावजूद कई योजनाओं में भूमिहीनों के नाम पर राशि की निकासी कर ली गई, जो गंभीर जांच का विषय है। सौरभ श्रीवास्तव ने गारू प्रखंड के कूटाम पंचायत का उल्लेख करते हुए कहा कि लातेहार के रहने वाले कामिल हुसैन, सोमन प्रवीण, मासूम प्रवीण सहित कई ऐसे लोगों के नाम मनरेगा लाभुक सूची में दर्ज पाए गए हैं, जिन पर सवाल उठते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा में कार्यरत संविदा कर्मियों एवं इससे जुड़े लोगों की संपत्तियों में असामान्य वृद्धि भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती है। इस संबंध में उन्होंने एसीबी एवं ईडी को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

एक और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए सौरभ ने कहा कि सीसी पंचायत में सोनू कुमार, जो पिछले वर्ष मई से जुलाई तक जेल में बंद थे, उनके नाम पर भी मनरेगा की राशि की निकासी की गई, जो पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने चंदवा प्रखंड का भी जिक्र करते हुए बताया कि वहां के डाकघरकर्मी मनीष कुमार पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी द्वारा उपायुक्त को पत्र लिखकर आरोप लगाया गया था कि मनोज मुंडा, सोमा मुंडा एवं तारा देवी के नाम से फर्जी खाते खोलकर राशि की निकासी की गई। मनरेगा वेंडरों पर सवाल उठाते हुए सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में कई ऐसे वेंडर पंजीकृत हैं, जिनके पास न तो दुकान है और न ही कोई स्टॉक, फिर भी फर्जी बिलों के माध्यम से करोड़ों रुपये की हेराफेरी की जा रही है। इस मामले में भी वे जल्द एसीबी से जांच की मांग करेंगे।

उन्होंने कहा कि फर्जी जॉब कार्ड, बिचौलियों की सक्रियता और योजनाओं का धरातल पर नहीं उतरना मनरेगा की सबसे बड़ी समस्या है। सौरभ ने जानकारी दी कि उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत उपविकास आयुक्त एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से मनरेगा से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं मांगी हैं। सूचना प्राप्त होने के बाद वे पुनः प्रेस वार्ता कर तथ्य सामने लाएंगे और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली लोकप्रिय अबुआ सरकार आने वाले दिनों में मनरेगा को जमीन पर प्रभावी ढंग से उतारने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। झामुमो की पूरी टीम यह सुनिश्चित करेगी कि लातेहार जिले के जंगलों, पहाड़ों और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले गरीब आदिवासी परिवारों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे।

## चंदवा में भाजपा संगठन को मिला नया ठिकाना, पूर्वी मंडल कार्यालय उद्घाटन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** चंदवा शहर के इंदिरा गांधी चौक स्थित लाल कौशल नाथ शाहदेव के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्वी मंडल कार्यालय का विधिवत एवं भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे पूरा माहौल संगठनात्मक उत्साह और ऊर्जा से सराबोर नजर आया। पूर्वी मंडल कार्यालय का उद्घाटन विधायक प्रकाश राम, भाजपा जिलाध्यक्ष बंशी यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह, लाल कौशल नाथ शाहदेव एवं वरिष्ठ नेता अमित कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के साथ ही कार्यकर्ताओं में नई उमंग और सक्रियता देखने को मिली।

**भाजपा राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम : प्रकाश राम**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश राम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा और समाजसेवा का मजबूत मंच है। उन्होंने कहा कि मंडल कार्यालय के संचालन से संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं को आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करने में सुविधा होगी। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा की मूल प्रतिबद्धता है।

**संपर्क, संवाद और रणनीति का केंद्र बनेगा कार्यालय : आशीष सिंह**

पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशीष सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नया मंडल कार्यालय संगठन के लिए संपर्क, संवाद और रणनीति का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत करें।

**इन नेताओं व कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति**

उद्घाटन समारोह में भाजपा नेता अमलेश सिंह, गौरव दुबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव, आदर्श रविराज, विजय दुबे, इरशाद मुन्ना, संजीव आजाद, राजेंद्र यादव, दीपक निषाद, राजन भगत, मंटू केसरी, श्रवण प्रसाद, शिकेश्वर यादव, राजेश यादव, सुनील मुंडा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## चौपारण में अवैध अफीम की खेती पर करारा प्रहार, 40 एकड़ में लगी फसल नष्ट

**● अब तक 60 एकड़ से अधिक अफीम की फसल का हो चुका है विनष्टीकरण, हज़ारीबाग पुलिस का सघन अभियान जारी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त और सुनियोजित अभियान के तहत चौपारण थाना क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने वन विभाग के सहयोग से अफीम की अवैध खेती पर निर्णायक कार्रवाई करते हुए तस्करों और माफियाओं को करारा झटका दिया है। दिनांक 16 जनवरी 2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम सिलोदर में पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम ने व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 05 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को चिन्हित कर मौके पर ही पूरी फसल को नष्ट कर दिया गया। अभियान के दौरान अफीम की खेती में प्रयुक्त 03 डिलीवरी पाइप भी बरामद किए गए, जिन्हें वहीं पर विनष्ट कर दिया गया। पुलिस द्वारा अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान के बाद उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में अग्रतर कार्रवाई लगातार जारी है।

इस प्रभावी संयुक्त अभियान में एसडीपीओ बरही अजित कुमार बिमल, अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, एसआई सुबिन्दर राम, एसआई सरवन कुमार पासवान, एएसआई बदल महतो, सशस्त्र बल के जवान तथा वन विभाग से बनपाल सरवन कुमार सक्रिय रूप से शामिल रहे। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती, मादक पदार्थों के कारोबार और तस्करी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस का यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती और निरंतरता के साथ जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि अफीम की खेती रोकने को लेकर चौपारण थाना द्वारा खेती से पूर्व व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया था। इसी क्रम में 16 जनवरी को ग्राम अहरी में चलाए गए विनष्टीकरण अभियान के दौरान यह सकारात्मक तथ्य सामने आया कि जिन स्थानों पर पहले अफीम की खेती होती थी, वहां अब किसान सरसों एवं मूंगफली जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती कर रहे हैं। हजारीबाग पुलिस के निरंतर जागरूकता और विनष्टीकरण अभियानों के सकारात्मक परिणाम अब साफ तौर पर दिखने लगे हैं। अब तक चौपारण थाना क्षेत्र में 60 एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया जा चुका है, जिससे इस क्षेत्र में अफीम की खेती पर प्रभावी अंकुश लगा है। पुलिस प्रशासन ने दोहराया है कि यह अभियान आगे भी बिना रुके पूरी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा।

## प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में अभिभावक-शिक्षक बैठक संपन्न, शिक्षा की गुणवत्ता और अनुशासन पर हुआ चर्चा

**● विधायक मनोज कुमार यादव बोले - शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** प्लस टू उच्च विद्यालय बरही परिसर में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहे। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, मुखिया समशेर आलम एवं राजदेव यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक का संचालन दिलीप कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों तथा मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और प्रेरणा का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही बच्चे अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने, शिक्षकों की कमी दूर करने और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अभिभावकों से उन्होंने अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके नैतिक एवं सामाजिक विकास पर भी विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष कपिलदेव राणा, प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम सहित राजकुमार केशरी, इंद्रदेव ठाकुर, कैलाश पति सिंह, शिक्षक सुनील द्विवेदी, अनिल कुमार नीरज, खेल शिक्षक अश्विनी श्रीवास्तव, शिक्षिका हुस्ना आरा, विकास मिश्रा, रामचन्द्र मण्डल, राजेश कुमार, अतहर हसन, तबरेज आलम, संत राम सिंह, संदीप पासवान, ओम प्रकाश सिंह, खेमलाल महतो, पवन सिंह, भूपेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अतिथियों और उपस्थित अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## प्लस टू उच्च विद्यालय गिरिडीह का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**●निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा, संबंधित एजेंसी पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्यों को पूरा करेंगेः- उपायुक्त**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गिरिडीह, झारखंडः-** उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज प्लस टू उच्च विद्यालय गिरिडीह का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय के संरचनात्मक विकास के लिए किये जा रहे कार्यों अर्थात भवन निर्माण कार्य, बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य, विद्यालय के क्लास को व्यवस्थित करना सहित अन्य कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा, संबंधित एजेंसी पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्यों को पूरा करेंगे। आगे उपायुक्त ने कहा कि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रत्येक योजना को पूरा किया जाए। कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संवदको के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन हो। इसके अलावा उपायुक्त ने छात्रावास का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं, जैसे साफ-सफाई, पठन-पाठन की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति और छात्र-छात्राओं की सुविधाओं का जायजा लिया तथा बेहतर शिक्षा और सुविधाओं के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई-लिखाई, समझ और समस्याओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों को शत-प्रतिशत उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह और कार्यपालक अभियंता, NREP समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## हजारीबाग में कुम्हार अधिकार महारैली, ऐतिहासिक बनाने की अपील

**●झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले संत कोलम्बस कॉलेज मैदान में होगा भव्य आयोजन**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के बैनर तले कल 18 जनवरी, रविवार को हजारीबाग के संत कोलम्बस कॉलेज मैदान में सुबह 10 बजे से कुम्हार अधिकार महारैली का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महारैली को लेकर प्रजापति समाज में उत्साह का माहौल है और जिले भर में इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। रैली का मुख्य उद्देश्य प्रजापति (कुम्हार) समाज के अधिकारों, सम्मान, सामाजिक एकता, राजनीतिक भागीदारी और माटी कला से जुड़े कारीगरों की समस्याओं को सरकार और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाना है। महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति ने जानकारी देते हुए जिले के सभी नगरों, पंचायतों एवं प्रखंडों से प्रजापति समाज के लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में हजारीबाग पहुंचकर इस महारैली को ऐतिहासिक बनाएं। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर अपनी मांगों को रखेगा, तभी शासन-प्रशासन तक उसकी आवाज मजबूती से पहुंचेगी। यह महारैली समाज के हक और अधिकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। वहीं हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू जी ने भी समाज के लोगों से संगठित होकर इस महारैली में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक उसकी आवाज प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक नहीं पहुंच पाएगी। उन्होंने इसे समाज को एक मंच पर लाने और अपनी एकता व शक्ति का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर बताया। आयोजकों के अनुसार, इस महारैली में हजारीबाग जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रजापति समाज के लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महासंघ द्वारा लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है और समाज के सभी वर्गों से सक्रिय भागीदारी की अपील की जा रही है।

## विधायक ने बच्चों व दिव्यांगजनों के बीच शिक्षण सामग्री व ट्राइसाइकिल का किया वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** बीते शुक्रवार को मोंगलाबांध स्थित विधायक आवास में सामाजिक कल्याण एवं महिला, बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में माननीय महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के बीच स्कूल बैग, शैक्षणिक ड्रेस एवं निःशुल्क स्कूल किट का वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ एवं बेहतर बनाना था, जिसके तहत बच्चों को पठन-पाठन सामग्री तथा दिव्यांगजनों को आवागमन में सहूलियत हेतु ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को सक्षम बनाने के लिए केवल भवन निर्माण ही नहीं, बल्कि पोषण के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की परिकल्पना को भी साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में पढ़ने-लिखने की क्षमता का समुचित विकास होगा। विधायक ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों और वंचितों की सरकार है, जो समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। ट्राइसाइकिल प्राप्त कर दिव्यांगजनों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे अब उनके आवागमन में काफी सहूलियत होगी और दैनिक जीवन पहले से आसान हो जाएगा। कार्यक्रम में राजू चौबे, पंसस रीमा रविदास, सूरज रविदास, मोईन आलम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का खिचड़ी पर्व, दान-पुण्य में दिखी सामाजिक समरसता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंड :-** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर क्षेत्र में खिचड़ी पर्व श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। अहले सुबह से ही लोगों ने पवित्र नदियों, तालाबों एवं जलाशयों में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। इसके बाद घरों और मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना कर खिचड़ी का भोग लगाया गया। इस अवसर पर चावल, दाल, तिल और गुड़ से बनी खिचड़ी विशेष रूप से तैयार की गई, जिसे परिवारजनों एवं पड़ोसियों के साथ प्रसाद रूप में ग्रहण किया गया। खिचड़ी पर्व के दौरान दान-पुण्य का विशेष महत्व रहा। लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों को खिचड़ी, तिल, गुड़, कंबल, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री का दान किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन किया गया दान अक्षय पुण्य प्रदान करता है तथा जीवन में सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी विश्वास के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने दान-पुण्य में सहभागिता निभाई। स्थानीय मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजा, हवन और भोग का आयोजन किया गया, जहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में पर्व को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। लोगों ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश साझा किया। खिचड़ी पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं, बल्कि यह सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना को भी सशक्त करता है। यह पर्व समाज को जोड़ने, परंपराओं को जीवंत रखने और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**उतरौला/बलरामपुर।** कोतवाली उतरौला पुलिस टीम ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मु0अ0सं0-005/2026 धारा 137(2), 87, 64(1), 351(3), 352 बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी राजेश चौरसिया पुत्र धारीलाल चौरसिया, निवासी ग्राम दुबौली परसौना, थाना गैण्डास बुजुर्ग, जनपद बलरामपुर को बक्सरिया बाजार के आगे सड़क किनारे स्थित छोटी पुलिया के पास से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः राजेश चौरसिया पुत्र धारीलाल चौरसिया, निवासी - ग्राम दुबौली परसौना, थाना गैण्डास बुजुर्ग, जनपद बलरामपुर, गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः उप निरीक्षक प्रभात कुमार, कांस्टेबल विजय कनौजिया, कांस्टेबल संदीप प्रेमी

## युवक पर किया हमला, मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मदनपुर के ग्राम गोराखुर्द में रहने वाले संजय सिंह पुत्र अजब सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 12 जनवरी को वह गांव से मड़ावरा आ रहा था। अपराह्न 12.30 बजे ग्राम पिपरट में बालाजी साइंटीफिक स्कूल के पास ग्राम हंसेरा निवासी अंकित पुत्र हल्ले अहिरवार, धर्मेंद्र पुत्र प्रताप अहिरवार व कुन्जन पुत्र विश्वनाथ अहिरवार उसे मिले और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3), 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### आत्मा योजना के तहत एक दिवसीय किसान गोष्ठी संपन्न

**बार।** विकासखंड बार के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के तहत एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को फसल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने की। गोष्ठी का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसोदिया ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आत्मा योजना का उद्देश्य किसानों को नई कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन, वैज्ञानिक खेती, और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है, जिससे फसल की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़कर वे आत्मनिर्भर बन सकें। खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना और फॉर्मर रजिस्ट्री जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। पशु चिकित्सा अधिकारी गौरव भोइया ने पशुपालन विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर हरपाल प्रजापति द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। एडीओ कृषि प्रिंस जैन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री एवं सोलर तार फेंसिंग योजना के बारे में बताया गया। एडीओ कृषि रक्षा राहुल गांव शिंदे द्वारा पोषक तत्व प्रबंधन एवं संतुलित पेस्टिसाइड के उपयोग के बारे में बताया गया। इस दौरान बीज गोदाम प्रभारी जितेंद्र सेन , गिरजेश कुशवाहा, संजीव अहिरवार, कृष्ण कुमार साहू ,दीपक कुमार व क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

### बंटवारे के बाद नातिन की शादी तुड़वाने का प्रयास करने का आरोप

**देवर को उलाहना देने गयी महिला पर हमला, एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिगारी में रहने वाली अवधरानी पत्नी चन्दन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका देवर करनसिंह से करीब चार वर्ष पहले बटवारा मौखिक रूप से हो चुका था। बताया कि उसके देवर करन सिंह पुत्र बागराज, सत्येन्द्र व अभय पुत्रगण करन सिंह, राजकुमारी पत्नी करन सिंह लोधी एकराय होकर आये और उसे व उसके परिजनों को आये दिन प्रताड़ित कर रहे हैं। उसकी नातिन कु.प्रिंसी की शादी आगरा तय हुयी थी, जिसे लेकर उक्त लोगों ने ईर्ष्या के कारण उसकी नातिन की शादी तुड़वाने के उद्देश्य से अभय व करन सिंह ने ससुरालियों को 10 जनवरी को फोन कर व संदेश भेजकर बदनाम करने करने का प्रयास किया, जिससे कि शादी टूट जाये। इस बात की जानकारी होने पर उसने देवर को उलाहना देने 14 जनवरी को अपराह्न 12.30 बजे खेत पर गयी, जहां करन सिंह, सतेन्द्र, अभय व राजकुमारी ने एकराय होकर उसे गालियां दीं और मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर उसके पति चन्दन सिंह ने मौके पर आकर जब उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रील क्रिएटर अंजली कुशवाहा पर आपत्तिजनक टिप्पणी से कुशवाहा समाज में आक्रोश, आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**महरौनी।** बुंदेलखंड की चर्चित रील क्रिएटर अंजली कुशवाहा के विरुद्ध सोशल मीडिया पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी किए जाने से कुशवाहा समाज में भारी रोष व्याप्त है। मामला महरौनी तहसील क्षेत्र के ग्राम नैनवारा निवासी अनुज राजा से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसने होस्टिंग से जुड़े एक विवाद को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। घटना के विरोध में टीकमगढ़ की जिला पंचायत सदस्य सहित कुशवाहा समाज के गणमान्य लोग महरौनी कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि यह टिप्पणी न केवल एक महिला का अपमान है, बल्कि पूरे समाज की भावनाओं को आहत करने वाली है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी अनुज राजा का विवादों से पुराना नाता रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में भी मामले दर्ज बताए जाते हैं। समाज के लोगों ने प्रशासन से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन के आधार पर मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सौ किमी दूर जाकर सवारी टैक्सी का फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने का आदेश

**● आदेश के खिलाफ लामबंद हुये टैक्सी व ई-रिक्सा चालक, डीएम को सौंपा ज्ञापन**

**मुख्यालय पर ही गाडियों के फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने की उठायी मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** हैरत की बात है कि सवारी टैक्सियों को परिवहन विभाग द्वारा महज 16 किमी दूरी तय करने का परमिट जारी किया जाता है। बावजूद इसके अब सवारी टैक्सी संचालकों को गाड़ी की फिटनेस प्रमाण पत्र को जारी कराने के लिए मुख्यालय से करीब एक सैकड़ा किमी दूर महानगर झांसी के संभागीय परिवहन कार्यालय जाना होगा। ऐसा आदेश आने के बाद से टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों ने शुक्रवार को लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजकर ऐसे आदेश को निरस्त कर टैक्सी व ई-रिक्सा के फिटनेस प्रमाण पत्र मुख्यालय पर ही बनाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा एक आदेश 5 जनवरी को जारी किया है। इस आदेश के अनुसार ललितपुर जिले में जितने भी तीन पहिया वाहन हैं, उनका फिटनेस प्रमाण पत्र आरटीओ विभाग झांसी में बनाया जाना है। टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों का कहना है कि विभाग द्वारा तीन पहिया सवारी गाडियों को महज 16 किमी दूरी तक की यात्रा के लिए ही परमिट जारी हैं, ऐसी स्थिति में मुख्यालय से करीब 100 किमी से अधिक की दूरी पर स्थित झांसी आरटीओ विभाग पहुंच पाना असंभव है। इसके अलावा देश का सबसे बड़ा नेशनल हाई-वे संख्या 44 होने के कारण यहां भारी वाहनों का आवागमन भी अधिक होता है, जिस कारण यहां दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं अधिक हैं। इसमें भी यह परेशानी है कि सवारी टैक्सी गाड़ी की दुर्घटना हाई-वे पर परमिट से निर्धारित दूरी से अधिक पर होने के कारण विभाग या बीमा कम्पनी से वह बीमा की राशि पाने से भी वंचित हो जायेंगे। ऐसी स्थिति में टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों ने जिलाधिकारी से गाड़ी का फिटनेस प्रमाण पत्र जिला मुख्यालय स्थित एआरटीओ विभाग में बनाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय टैक्सी व ई-रिक्सा वाहन चालक संघ के अध्यक्ष छोटे साहू के अलावा अन्य गाड़ी चालक मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की जनसुनवाई में समस्याओं का त्वरित एवं मौके पर समाधान

**● अमृत योजना अंतर्गत जल रिसाव पर तीन दिन में कार्यवाही के निर्देश**

**चकबंदी के कई प्रकरणों का मौके पर निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा कलैक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नियमित रुप से प्रभावी जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई में डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में शिकायतकर्ता सुनील जैन ने अवगत कराया कि शहर के तालाबपुरा स्थित बिदुआ कॉलोनी में अमृत योजनान्तर्गत जन जीवन मिशन की पाइप लाइन से पानी लगातार बह रहा है, जिससे पानी की बर्बादी के साथ-साथ आमजन को असुविधा हो रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर एडीएम नमामि गंगे को बुलाया तथा निर्देशित किया कि जल निगम एवं सम्बंधित कार्यदायी संस्था को आदेशित कर तीन दिवस के भीतर पाइप लाइन की मरम्मत एवं समस्या का पूर्ण समाधान कराते हुए लिखित रुप से अवगत करायें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी तथा अमृत योजना एवं जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई के दौरान चकबंदी से सम्बंधित प्रकरणों पर भी जिलाधिकारी द्वारा विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने जिला बन्दोबस्त अधिकारी एवं सम्बंधित चकबंदी अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कई मामलों की गहन समीक्षा की तथा आपसी सहमति एवं नियमों के अनुरुप कई प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शेष लम्बित मामलों में भी शीघ्र एवं पारदर्शी कार्यवाही कर आमजन को राहत दी जाए। डीएम ने कहा है कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। डीएम की इसी कार्यशैली व जनता के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस रैंकिंग में जिले को 96.43 प्रतिशत अंकों के साथ संतुष्टि का फीडबैग 80 प्रतिशत से अधिक रहा, जो यह दर्शाता है कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिता नहीं बल्कि जनअपेक्षाओं के अनुरुप किया गया है, जो प्रशासनिक दक्षता और जबावदेही का स्पष्ट प्रमाण है। डीएम सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में जिले की यह उपलब्धी सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

# कम्पनी बाग व कर्माबाई पार्क की सुधरेगा सौंदर्य

**● नपाध्यक्ष व ईओ ने किया पार्कों का औचक निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** शहर में स्थित मां कार्मा बाई पार्क व आजाद बाल क्रीड़ा स्थल (कम्पनी बाग) एवं कर्मा बाई पार्क के अंदर दिव्यांगों के लिए बनाये जा रहे पार्क का नपाध्यक्ष सोनाली जैन व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने औचक निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने पार्कों के सान्दर्यीकरण एवं साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उद्यान विभाग में स्थित सभाकक्ष में उद्यान विभाग विकास समिति की बैठक नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में उद्यान विभाग में आयोजित की गई। मां कर्मा बाई पार्क में नपाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क में जो भी कार्य अधूरे पड़े हुए है उन्हें तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराया जाये, इसके अलावा उन्होंने मुख्य स्टोर लिपिक से पार्क में उचित प्रकाश व्यवस्था एवं जो स्ट्रीट लाईटे खराब पड़ी हुई है। उनकी मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। नपाध्यक्ष ने निर्देशित किया गया कि पार्क की साफ सफाई व्यवस्था नियमित रूप से कराई जाए, इसके अलावा पार्क में लगे झूले व अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराया जाये। इसके अलावा मां कर्मा बाई पार्क में विकलांगों के लिए बनाये जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपरांत नपाध्यक्ष ने आजाद बाल क्रीड़ा (कम्पनी बाग) का निरीक्षण किया। पार्क में आने जाने वाले व्यक्तियों से वार्ता की गई, उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क देखरेख नियमित रूप से की जाये। उन्होंने कहा कि पार्क में सुबह टहलने आने वाले व्यक्तियों व अन्य व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पार्क की साफ सफाई व्यवस्था नियमित की जाये, इसके अलावा पालिका द्वारा पार्क में योग के लिए लगाये गये स्टैच्यू का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उद्यान विभाग के सभाकक्ष में विभाग के अधिकारियों के साथ जिला उद्यान विभाग विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नपाध्यक्ष ने अधिकारियों से वार्ता करते हुए पार्कों के सान्दर्यीकरण एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान डीडी उद्यान झांसी विनय यादव, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, ब्लाक बिरधा से मोहित, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, ईओ दिनेश कुमार, उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जेई प्रा.ख. लो.नि.वि. अमरकान्त गौर, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक में जिलाधिकारी ने जानी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत

**● एमओआईसी जखौरा की बैठक में अनुपस्थिति व कार्यों में लापरवाही पर भड़के जिलाधिकारी, सीएमओं को आरोप पत्र जारी कर शासन से पत्राचार करने के दिये निर्देश**

**विकासखण्ड स्तरीय चिकित्सा इकाईयों पर एएमएम को प्रशिक्षत कर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लापरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड बिरधा, बार एवं जखौरा में संस्थागत प्रसव कराने हेतु पॉच-पॉच एएनएम को प्रशिक्षित कराया जाए और वहां पर उपकेन्द्रों को प्रसव हेतु क्रियाशील किया जाए। बैठक के दौरान ही ग्राम धारी कलां और बमरौलीकलां सब सेंटरों पर मरीजों को आवागमन में परेशानी होने की जानकारी होने पर जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बैठक से ही संबंधित खण्ड विकास अधिकारी को फोन कर निर्देश दिये कि वे वहां के एमओआईसी से वार्ता कर मौके पर पहुंचकर सेंट्रल तक आने के रास्ते को 10 दिनों के भीतर ठीक कराकर अवगत करायें। विकासखंड जखौरा के एमओआईसी द्वारा बैठक में अनुपस्थित रहने, कार्य में शिथिलता और लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इनके विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने एवं शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये। वहीं सभी पैरामीटर पर अच्छी प्रगति पाये जाने पर एमओआईसी तालबेहट डॉ विशाल पाठक के कार्यों की सराहना भी की। इसके साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लॉक कम्युनिटि प्रोसेस मैनेजर को को कड़ी फटकार लगाते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अपेक्षित सुधार लाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये।

नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने -अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ कुँवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

## गार्ड ऑफ ऑनर के बीच लोकतंत्र रक्षक सेनानी पंचतत्व में विलीन

**● बड़ी संख्या में पहुंच लोगों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाली ।** देश में जब आंतरिक अशांति का हवाला देते हुए आपातकाल लागू हुआ जिसमें लोगों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे । ऐसे में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र , संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र रक्षक सेनानी बालमुकुंद चौरसिया ने 93 वर्ष की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली । जहां पाली मुक्तिधाम पर गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार करा कर अंतिम विदाई दी । लोकतंत्र रक्षक सेनानी बालमुकुंद चौरसिया का जन्म जिला ललितपुर के कस्बा पाली में 13 मार्च 1933 को हुआ था । अपने पिता की इकलौती संतान थे आपातकाल के दौरान अपनी पत्नी व पांच छोटे बच्चों को घर में छोड़ लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने साथियों के साथ घर से निकल पड़े और आपातकाल के दौरान जेल भी गए । विगत शुक्रवार को सुबह अचानक इनकी सांसे रुक गयी । जानकारी लगते ही कस्बे में शोक की लहर दौड़ गयी । शाम पांच बजे के करीब इनके शरीर पर तिरंगा लपेटकर मुक्तिधाम ले जाया गया , जहां पाली एसडीएम निशांत तिवारी , एसएचओ पाली दीपक कुमार की मौजूदगी में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान लोकतंत्र रक्षक सेनानी को श्रदासुमन अर्पित कर पाली नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी , जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा , पूर्व चेयरमैन रामकुमार चौरसिया , चौरसिया समाज अध्यक्ष प्रशांत चौरसिया , पूर्व चौरसिया समाज अध्यक्ष नीरज राही सहित गणमान्य लोगों ने कहा कि लोकतंत्र रक्षक सेनानी बालमुकुंद चौरसिया जिन्हें लोग प्यार से बाली दादा कहते थे । इनका पंचतत्व में विलीन होना एक परिवार , समाज व नगर के लिए ही नहीं राष्ट्र व देश के लिए बड़ा शोक है एक बड़ी क्षति है। आपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो लड़ाई लड़ी वह बड़ा गौरव का विषय है , जो पाली ही नही समूचे राष्ट्र के लिए गौरवान्वित करता है । इस मौके भाजपा नेता , चंद्रप्रकाश पंथ , भाजापा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश राजूपत , अतुल जैन , पार्षद रानू दुबे , ब्रजेंद्र रजक , नदीम शबनम सहित लोगों ने श्रदासुमन अर्पित कर लोकतंत्र रक्षक सेनानी को अंतिम विदाई दी ।

## 24 से 26 जनवरी तक भव्य समारोह के साथ मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस

**● विभागीय स्टॉलों के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी**

**सांस्कृतिक एवं लोकगायन कार्यक्रमों के साथ विद्यालयों के छात्र-छात्राएं देंगे शानदार प्रस्तुतियां**

**जिले के समग्र विकास कार्यों, उपलब्धियों व पर्यटन स्थलों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का होगा प्रदर्शन**

**लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं के बांटे जायेंगे स्वीकृति पत्र**

**विशिष्ट महानुभावों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को दिये जायेंगे प्रशस्ति पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** जिले में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस को समारोह पूर्वक मनाये जाने हेतु आयोजन की तैयारियों हेतु डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कल्याण सिंह सभागार (ऑडीटोरियम) में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुरुआत के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। 25 जनवरी को पर्यटन दिवस और मतदाता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न कराये जाने हेतु नोडल अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उन्हें पूरी गंभीरता से निभाएं। सम्बंधित अधिकारी विभागीय योजनाओं, जनपद के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं पर्यटन से सम्बंधित स्टॉल लगाकर वृहद प्रचार-प्रसार करायें। साथ ही विभागीय गतिविधियों का डिस्प्ले करायें। इसके साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, कृषि यंत्रों का वितरण, सहायक उपकरण वितरण, विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि आयोजित करायी जायें। बताया गया विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन भव्यता पूर्वक किया जाना है, जिसके आयोजन के लिए आज विभिन्न विभागों के कार्य निर्धारित किये जाने हेतु यह बैठक आयोजित की गई है। कार्यक्रम में होने वाली प्रत्येक गतिविधि के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम भी निर्धारित किये गए हैं। 24 जनवरी 2024 को सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, अतिथियों का उद्बोधन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ, छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुन्देली गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम-वाद विवाद प्रतियोगिता, नाटक, नृत्य, लोक कलाकारों द्वारा मंच प्रस्तुति आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बैठक में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य समस्त सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी की एस आई आर को लेकर बैठक सम्पन्न

**● जिला अध्यक्ष ने शक्ति केन्द्र पर की कार्यकर्ताओं से एस आई आर को लेकर वार्ता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर**-भारतीय जनता पार्टी की एस आई आर को लेकर एक बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत ने की । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बीजेपी पंडित हरीश चंद्र रावत ने कहा कि विधानसभा ललितपुर में शक्ति केन्द्र चौरासी तथा महरौनी में पचासी शक्ति केन्द्र हैं हम लोगों को जिनके प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची की समीक्षा करना है। उन्होंने सभी से फार्म छै , फार्म सात, फार्म आठ के बारे में कार्यकर्ताओं से जानकारी लेना है । इसके अलावा जिला अध्यक्ष प हरिश्चंद्र रावत द्वारा तालबेहट मण्डल में स्थित अपने प्रवासी बूथ संख्या 87 व 88 बम्हौरीसर पर, BLO,बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक,एवं बूथ प्रवासी,बी.एल.ए.-2, के साथ 'SIR' के द्वितीय चरण के सम्बन्ध में बैठक की । बैठक में फार्म संख्या-6,7,8,एवं ए.एस.डी.की विस्तृत जानकारी दी।

गांव बम्हौरीसर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साह पूर्वक जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बीजेपी पंडित हरीश चंद्र रावत ने सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर कोई जायज मतदाता सूची से छूट रहा है तो उसे पुनः वोटर वनवाये जाने का प्रयास करना है । एक जनवरी दो हजार छब्बीस तक जो युवा अठारह साल से अधिक आयु के हो गए हैं उन्हें वोटर अनिवार्य रूप से बनाना है । उन्होंने सत्रह जनवरी को हर कार्यकर्ता अपने बूथ पर जाकर मतदाता से सम्पर्क करे । उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष,बूथ प्रभारी, बूथ प्रवासी यानी त्रिदेव की बैठक एस आई आर को लेकर निरंतर की जानी चाहिए। इसके अलावा ऐसे मतदाता जो अनुपस्थित,मृत,या जो दूसरी जगह चले गये है यानि ए एस डी की भी समीक्षा हमारे कार्यकर्ताओं को करना है । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,एस आई आर संयोजक हरीराम निरंजन, पूर्व अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास, प्रांतीय प्रतिनिधि श्रीमती लक्ष्मी रावत, ,जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, गौरव गौतम, सुनीता पंथ ,ध्रुव सिंह सिसौदिया, रूपेश साहू, हरेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला, आदि उपस्थित रहे।

### गालियां देकर दरबाजे में मारे पत्थर, महिला ने जताया जानमाल का खतरा

**महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** तालाबपुरा मोहल्ले में रहने वाली शिवानी पत्नी अमित तिवारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका पति अपने ड्यूटी पर था और वह अपने 12 वर्षीय पुत्र के साथ घर में थी। मोहल्ले के कुछ बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, जिसको उसका पुत्र देख रहा था। तभी पड़ौस में रहने वाला संतोष यादव उर्फ भूरे पुत्र गोकुल यादव आया और उसे व उसके पुत्र को बिना कारण गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त व्यक्ति ने घर में घुसने की कोशिश की और मौके पर जब उसने दरबाजा बंद किया तो संतोष यादव ने उसके दरबाजे में पत्थर फेंककर मारे, जिससे दरबाजे क्षतिग्रस्त हो गये। आरोप है कि संतोष ने धमकी दी है कि यदि मोहल्ले से नहीं भागे तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने परिवार सहित जानमाल का खतरा बताया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर संतोष यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 125, 324 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

**● एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड़ में टर्न-आउट, शारीरिक मुद्रा एवं अनुशासन, ड्रिल एवं परेड मूवमेंट तथा शारीरिक फिटनेस आदि का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की परेड का महोदय द्वारा उच्च मानकों के अनुसार बारीकी से निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा प्रशिक्षण संबंधी कमी को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, कैन्टीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टॉफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। डायल-112 की पीआरवी 2607 के कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक त्वरित सहायता प्रदान कर जीवन बचाने एवं अन्य उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किए जाने पर एसपी ने उन्हें 25 हजार रुपये का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। तदोपरान्त एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, अविलम्ब निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पाली सुनील कुमार, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## रोजगार सृजन एवं कॅरियर मार्गदर्शन में सेवायोजन विभाग की उल्लेखनीय सफलता




**कानपुर।** सेवायोजन विभाग, जनपद कानपुर नगर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें कॅरियर मार्गदर्शन प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 01 अप्रैल, 2025 से 16 जनवरी, 2026 तक जनपद में रोजगार मेलों एवं कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रमों का व्यापक स्तर पर सफल आयोजन किया गया। उक्त अवधि में कुल 31 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिनमें 169 नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन रोजगार मेलों के माध्यम से 10,847 अभ्यर्थियों ने सहभागिता की, जिनमें से 4,411 अभ्यर्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठानों में चयन किया गया। इसके साथ ही, युवाओं को उनके भविष्य के प्रति जागरूक करने एवं उपयुक्त कॅरियर विकल्पों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 94 कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 12,065 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। सेवायोजन विभाग की यह उपलब्धि जनपद कानपुर नगर में रोजगार सृजन एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रभावशाली पहल है, जो शासन की मंशा के अनुरूप युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुण्डा के उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह द्वारा तलाश वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित एक वारण्टी अभियुक्त करुणेश मिश्रा पुत्र अयोध्या प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम करीम नगर चौसा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ उम्र 36 वर्ष को धारा 128 दश्प्रश्रसंश में थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## आदर्श यादव के तूफानी शतक से अल्फा बेड ने भदोही को हराया



**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में आयोजित की जा रही क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन दो मैच खेले गए। शुक्रवार की मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पूनम लता राज रही, जिसमें पहला मैच अल्फा बेड क्रिकेट क्लब और भदोही क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अल्फा बेड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान के फैसले को सही साबित करते हुए आदर्श यादव के आतिशी शतक 58 गेंदों पर 102 और कार्तिकेयन के 37 गेंदों पर 41 और शिवम् यादव के 22 गेंदों पर 35 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में दो विकेट खोकर 199 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। भदोही के लिए गेंदबाजी करते हुए राज सिंह और साहिल ने क्रमशः 1 1 विकेट झटके। पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोही की टीम अनुराग यादव के 32 और रोहित यादव के 14 रनों की बदौलत 19.5 ओवरों में 96 रनों पर ही ढेर हो गई।अल्फा बेड के लिए गेंदबाजी करते हुए शिवम यादव ने 3 प्रिंस रघुवंशी ने 3 अंशुमान त्रिपाठी 2 और आर्यवीर ने भी 2 विकेट झटके। आदर्श यादव को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

## युवती के अपहरण का केस हुआ दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते बुधवार को दोपहर करीब दो बजे उसकी 21 वर्षीया पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी बीच छोटा असांव गांव निवासी आरोपी सचिन वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा वहां पहुंचा और युवती को अपहृत कर ले गया। यह भी आरोप है कि युवती साथ में घर से एक लाख के जेवरात भी उठा ले गयी। एसओ राजेन्द्र तिवारी का कहना है कि जाचं के बाद आरोपी सचिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नकली चांदी की सिल्ली बेचकर ठगा था ज्वैलर्स को, कर्नलगंज पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** थाना कर्नलगंज कानपुर नगर व सर्विलांस सेन्ट्रल जोन की संयुक्त टीम द्वारा ज्वैलर्स के साथ ठगी, टप्पेबाजी करने वाले वांछित, इनामिया 2 नफर अभियुक्तों को मय 500000/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त देवेन्द्र गुप्ता और आकाश अग्रवाल हैं। पुलिस ने बताया कि उनके कब्जे से धोखाधड़ी करके 15 किलो चांदी के सिल्ली के बदले में सोने के सिक्के व चैन बेचकर हिस्से के रूप में मिले 500000/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त पहले नकली रांगा पर चांदी की परत चढ़ाकर नकली चांदी की सिल्ली तैयार करते थे और फिर उसके बाद गैंग के द्वारा घटना करने के लिए कानपुर के एक प्रतिष्ठित बैजनाथ ज्वैलर्स का चयन किया गया। दिनांक 18/10/2025 को अभियुक्त मोहित कुमार वर्मा व नंदू शाक्य ज्वैलरी शॉप में चांदी का भाव बढ़ने की वजह से अपनी पुरानी चांदी की सिल्ली बेचने व उसके बदले सोने के सिक्के व सोने की जंजीर खरीदने के संबंध में ज्वैलर्स को फर्जी आधार कार्ड जिस पर नाम राहुल अग्रवाल बताकर अपनी बातों में फंसा लिया था तथा गैंग के अन्य सदस्य ज्वैलरी की दुकान के आसपास के क्षेत्र में रहकर रेकी करते रहे । उसके बाद गैंग के द्वारा नकली चांदी की सिल्ली मोहित कुमार वर्मा व नंदू शाक्य को दी जिन्होंने बड़ी चालाकी से वह सिल्ली बैजनाथ ज्वैलरी शॉप में बेचकर उसके बदले सोने की खरीददारी की। धनतेरस का त्यौहार होने के कारण भीड़ अधिक थी इसलिए ज्वैलरी शॉप मालिक द्वारा चांदी को कटवाकर चेक नहीं किया गया। इसी का फायदा उठाकर गैंग ने बड़ी चालाकी से इस घटना को अंजाम देकर अपने साथियों के साथ जो पूर्व से किराए का ऑटो लेकर शॉप के बाहर खड़े हुए अपने साथियों के साथ फरार हो गए। गैंग के द्वारा अपनी गाड़ी शहर के बाहर किसी सुनसान जगह पर खड़ी की गई थी जिससे उनकी पहचान छुपी रहे ।

अभियुक्त रांगा के ऊपर चांदी की परत चढ़ाकर अलग अलग शहरो में जाकर ज्वैलर्स के साथ धोखाधड़ी, कूट रचना व षडयंत्र करते हुये अपनी पहचान छुपाने हेतु अपने आधार कार्ड को फर्जी बनाकर अलग अलग शहरों के ज्वैलर्स का चयन करते थे जिसमें से इनका एक साथी मोहित कुमार वर्मा दुकानदारों से डील करता तथा अपनी बातों में फंसाने में माहिर था तो यह सभी मोहित को ही ज्वैलर्स की दुकानों पर डील करने के लिये भेजते थे और फिर यह लोग ज्वैलर्स के साथ ज्यादा मात्रा में चांदी की डील करके चांदी के बदले में सोना लेकर फरार हो जाते थे । कई राज्यों के तमाम शहरों में इन्होंने यह ठगी का जाल फैला रखा था।

# विधान सभा क्षेत्रों के बूथों पर बीएलओ के साथ सपा बीएलए 18 जनवरी को फार्म 6 भरवायेंगें

● **कैन्ट में चौदह हजार फार्म 6 के सत्यापन पर सपा बी0एल0ए0 भौतिक सत्यापन करेंगें- हाजी फ़ज़ल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर गोविन्द नगर, सीसामऊ, आर्यनगर, किदवईनगर, कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षों, जोनल पीडीए प्रभारियों की आवश्यक बैठक सपा अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरम्भ हुई बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने कहा कि सपा के पांचों विधान सभा क्षेत्र के सभी बूथों पर सपा बी0एल0ए, बी0एल0ओ0 के साथ फार्म 6 भरवाने में सहयोग करेंगें तथा नो मैपिंग में जो 70 हजार से ऊपर मतदाताओं के नाम, मतदाता सूची से जो अलग है उन्हें भौतिक सत्यापन कराकर मतदाता सूची में शामिल कराया जायेगा अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि कैन्ट विधान सभा क्षेत्र में फार्म नं0 6 चौदह हजार के आस पास छूटे तथा नये मतदाताओं को शामिल कराने में, मदद की जायेगी। किसी वाजिब मतदाता का नाम छूटने नहीं देगें उसके लियें सपा कृत संकल्पता से कार्य कर रही है अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने संम्बोधन में कहा कि नगर के पांचों विधान सभा क्षेत्र के मतदाता सूची में नाम जोड़ने वाले फार्म 6, फार्म 9 में नाम डिलीट करने वाले फार्म 7 को फार्म 10 में नाम पता आदि में संशोधन वाले फार्म 8 को फार्म भरकर सभी फार्मों की सूची को ई0आर0ओ0 द्वारा पार्टियों को प्रति सप्ताह प्रिन्ट दिये जाने के लिये मांग दोहरायी है। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, रजत मिश्रा, जस्वेन्द्र निषाद, सुधांशु मिश्रा, मो सारिया, आकाश यादव, मुमताज मंसूरी, वरुण जयसवाल, आसिफ कादरी, हुकुम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बांसी में माघ मेला की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट : डीएम - एसपी ने किया निरीक्षण, सीसीटीवी से होगी निगरानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** नगरपालिका परिषद बांसी द्वारा आयोजित 73वें ऐतिहासिक माघ मेला के सफल आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा रानी लक्ष्मी मोह घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्राद्धालुओं की स्नान सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए राप्ती नदी तट पर तैनात एनडीआरएफ टीम की तैयारियों को देखा। एनडीआरएफ के जवानों द्वारा नदी में उतरकर जल की गहराई, बहाव और बचाव की प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों का प्रदर्शन हुआ। इसके पश्चात मेला मैदान का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने मेला क्षेत्र में लगाए जा रहे बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम, पुलिस पिकेट, सीसीटीवी निगरानी और यातायात प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही अग्निशमन विभाग की तैयारियों, फायर ब्रिगेड की उपलब्धता और आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई की योजना की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नगरपालिका परिषद बांसी द्वारा की जा रही साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं मेला क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों की संख्या के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि माघ मेला में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा, खोया-पाया केंद्र, भीड़ नियंत्रण और रात्रि गश्त पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सीएमओ, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, सीओ बांसी रोहिणी यादव, थाना कोतवाली बांसी प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक, ईओ बांसी जय प्रकाश यादव, बीडीओ बांसी कृतिका अवस्थी, व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक हर हाल में पहुंचे -जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता विकास खण्ड बांसी के ग्राम पंचायत एकडेंगवा में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक हर हाल में पहुंचे। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती, पीडी नागेन्द मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीसीएनआरएलएम देवनन्दन दूबे, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बांसी कृतिका अवस्थी, व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# कोड़रा एलेवेन ने जीता नड़ौरा प्रीमियर लीग का क्वार्टर फाइनल मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुचुइया टोला नरोड़ा गांव स्थित खेल मैदान में आयोजित नड़ौरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मैच कोड़रा एलेवेन ने जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। शुक्रवार को खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ शोहरतगढ़ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियरिंग अमित कुमार यादव तथा विशिष्ट अतिथि अरुण उपाध्याय ने फीता काटकर किया। क्वार्टर फाइनल मैच कोड़रा एलेवेन और गनवारिया एलेवेन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कोड़रा एलेवेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाए। जिसमें जमाल ने 40 रन और अरबाज ने 25 रनों का योगदान दिया।गनवारिया के तरफ से मुमताज ने तीन विकेट चटकाए। गनवारिया एलेवेन की टीम 146 रनों के लक्ष्य के लिये 10 ओवर में छः विकेट खोकर 101 रन हीं बना सकी। जिसमें अहमद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 रन बनाए जिसमें टीम को जीत न दिला सके।कोड़रा एलेवेन के तरफ से अमीर हमजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट चटकाए। अमीर हमजा के शानदार गेंदबाजी के प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियरिंग अमित कुमार यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान विवेक उपाध्याय, संजय मिश्रा, कमलेश मिश्रा, राकेश राज, अमित उपाध्याय, उपाध्यक्ष गोलू उपाध्याय तथा कमेटी सदस्य संदीप, निखिल, निलेश, रुपेश त्रिपाठी, स्कंद, सुंदरम, साईराज, कालीचरन , इन्द्रजीत आदि मौजूद रहे।

## बाइक रोककर युवक से मारपीट, धमकाया

**ललितपुर।** नगर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रामनगर निवासी प्रदीप पुत्र हनुमत ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते गुरूवार 15 जनवरी को वह कसाई मण्डी से रामनगर अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में वंशीपुरा में बड़ापुरा निवासी आकाश पुत्र चैंपे, पठापुरा निवासी करन व आला अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ आये और उसकी मोटर साइकिल रोककर कहने लगे कि कहां से आ रहे हो। जब उसने कहा कि वह बाजार से आ रहा है तो उक्त लोग हाथों में लाठी-डण्डे लेकर उसे गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। किसी प्रकार वह अपनी जान बचाकर वहां से भागा तो उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग काफी आपराधिक और दबंग किस्म के लोग हैं। कभी भी उसके साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नौबस्ता क्षेत्र के हंसपुरम में वाटर पार्क घूमने गई सगी बहनों के साथ छेड़छाड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर में शोहदों की दुस्साहस का मामला सामने आया है, वाटर पार्क घूमने पहुंची संगी बहनों से 8*10 शोहदों ने छेड़ छाड़ की,, विरोध किया तो शोहदों ने सरेआम दुपट्टा खींच लिया, तेज़ाब डालने और वीडियो बना कर वायरल की धमकीं दी, लड़कियों के शोर मचाने पर पार्क में घूम रहे लोग आए,तो आरोपी धमका कर कार में बैठ कर भाग निकले,घर पहुंचने पर डरी सहमी बहनों परिजनों को आपबीती बताई,तब आकर उनकी मां ने आरोपियों के खिलाफ बुधवार की रात नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है , तौधकपुर, दीनदयालपुरम क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने बताया कि बीतें दिन मेरी 19 ,और 14,साल की दो बेटियां अपने पांच छोटे भाई बहनों के साथ आवास विकास हंस पुरम में वाटर पार्क घूमने गई थी,सभी वहां घूमने लगीं,तभी वहां पहले से 8-10 लड़के झुंड बनाकर पार्क में बैठें थे, बेटियों को देखकर लड़के अश्लील हरकतें गंदे इशारे करने लगे, बेटियों ने उनकी हरकतों को नजरंदाज किया,और घूमती रही,इसी बीच लड़के बेटियों के लग गए,इसका बेटियों ने विरोध किया तो लड़के गाली देने लगे, दुपट्टा खींचा विरोध किया तों धक्का मार कर गिराया,, लड़कों की हरकत से बेटियां डर गई, और पार्क की सुरक्षा में तैनात गार्ड से शिकायत करने के लिए आगे बढ़ी, तों आरोपी भड़क गए, मां ने बताया,मेरी बड़ी बेटी के गले से लड़कों ने दुपट्टा खींच लिया, तेज़ाब डालने की धमकीं दी, इससे बेटियां और अन्य बच्चे डर गये, नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि अंधेरा होने के कारण कार का नंबर नहीं देखा जा सका,, आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहें हैं।

## जानवर चोरी की दो घटनाओं में 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार व 04 जानवर बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज पुलिस द्वारा भैंस चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया गया और इस मामले में 04 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को थाना लालगंज पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़री के पास आम की बगिया से गिरफ्तार किया गया। जनपद प्रतापगढ़ के थाना संग्रामगढ़ एवं थाना लालगंज क्षेत्र में भैंस चोरी से संबंधित घटनाओं को लेकर मुकदमा दायर किया गया तथा घटना का अनावरण और अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि भैंसें चोरी करके उन्हें पिकअप पर लादकर पशु बाजार में बेचने का प्रयास किया करते थे। बीते 14/15 जनवरी 2026 की मध्यरात्रि को वादिनी निवासी ग्राम पूरे रामन मेढ़ांवा, थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ अपने घर पर सो रही थी कि तभी उसे खट-पट की आवाज सुनाई दी। वादिनी द्वारा बाहर निकलकर देखने पर पाया कि आरोपीगण एक पिकअप वाहन पर वादिनी की भैंसों को लाद रहे थे। वादिनी द्वारा हल्ला-गुहार मचाने पर ग्रामीण पड़ोसी मौके पर पहुंचे किंतु तब तक आरोपीगण भैंसों को पिकअप वाहन में लादकर मौके से फरार हो गये। इस संबंध में थाना लालगंज पर एक नामजद व तीन अज्ञात व्यक्तियों का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी तरह बुधवार को वादी निवासी सरैया, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़ अपने परिवार के साथ भोजन कर घर के अंदर सोने चला गया था। गुरुवार को समय करीब स 04 बजे सुबह जागने पर देखा कि घर के बाहर बंधी उसकी एक भैंस गायब थी, जिसे अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में थाना संग्रामगढ़ पर धारा 303(2) के अंतर्गत अज्ञात चोर का पंजीकृत किया गया था। थाना लालगंज के उप निरीक्षक बनवारी लाल पाल मय उ0नि0 ज्ञानचन्द तिवारी, उ0नि0 बृजेश कुमार मय हमराह द्वारा चोरी की घटना से संबंधित 04 अभियुक्तों नीरज भारती पुत्र छंगू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम रंगौली थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़,गोलू भारती पुत्र राम अभिलाष उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम मेढावा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़, रंजीत भारती पुत्र पप्पू उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम रंगौली थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ एवं रमेश कुमार वर्मा पुत्र स्व0 बैजनाथ वर्मा उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम हर्षपुर असावा थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़री के पास आम की बगिया से चोरी की 04 राशि भैस पड़िया पड़वा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार 04 अभियुक्तों के पास से चोरी की 04 राशि भैस पड़िया पड़वा बरामद किया गया। बरामदगी गिरफ्तारी के सम्बन्ध मेंसुसंगत धाराओं में बढोत्तरी की गई है और अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# आरटीओ कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा को दिलाई गई शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ।** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह (दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.01.2026 तक) जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज दिनांक 16.01.2026 को जनपद कानपुर नगर के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा शिवराजपुर ब्लॉक में बी.डी.ओ., ए.डी.ओ / जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक कोआर्डिनेटर के साथ सभी ग्राम प्रधानों एवं ग्रामपंचायत सदस्यों को सड़क सुरक्षा के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। दोपहिया वाहन चलाते समय तथा पीछे बैठे व्यक्ति को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने तथा दोपहिया वाहन चालकों को छोड़कर अन्य समस्त वाहन चालकों एवं उसमें बैठे यात्रियों /व्यक्तियों को सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये गये । साथ ही समस्त वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने, रांग साइड तथा तेज गति से वाहन न चलाने हेतु जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गयी एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु कहा गया । मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा समय-समय पर प्रदत्त एवं विभागीय निर्देशों / योजनाओं यथा- कैश उपचार सुविधाएं, हिट एण्ड रन, सोलेशियम स्कीम एवं राहवीर योजना संबंधी जानकारी दी गयी एवं समस्त क्षेत्रवासियों को अवगत कराया गया । उक्त कार्यक्रम में सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई एवं पम्पलेट बाटे गये । इसके अतिरिक्त जनपद में राहुल श्रीवास्तव, आरटीओ प्रवर्तन, कानपुर के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा आज दिनांक 16.01.2026 को हेलमेट, सीट बेल्ट एवं वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले, ड्रंकन ड्राइविंग एवं अनधिकृत रूप से संचालित बसों के विरूद्ध तथा अन्य अभियोगों में कार्यवाही करते हुए कुल 135 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गयी।

## यातायात सुचारू रूप से चलाने को डीसीपी यातायात ने प्रमुख चौराहों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज दिनांक 16.01.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा शहर में सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वारा यातायात संचालन की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया गया तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसीपी यातायात रंजीत कुमार,प्रभारी निरीक्षक थाना चकेरी व यातायात निरीक्षक पूर्वी जोन(प्रथम) मौजूद रहे । आज रामादेवी चौराहा, हरजिंदर नगर चौराहा, एचएएल चौराहा (फतेहपुर रोड), सब्जी मंडी नौबस्ता रोड, चकेरी थाना से शिवकटरा मोड, चुन्नीगंज चौराहा का निरीक्षण किया गया। प्रमुख चौराहों पर बढ़ते यातायात दबाव, वाहनों की अनियंत्रित एवं अवैध पार्किंग तथा जाम की स्थिति का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित यातायात अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीक आवर्स के समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए तथा अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित एवं प्रभावी प्रवर्तनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, अस्पताल मार्गों पर विशेष ध्यान देते हुए एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों की निर्बाध एवं सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

# बिधनू में डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दूधिया को टक्कर मार दी, हादसे के बाद चालक डंपर छोड़ कर मौके से फरार हो गया, हादसे में दूधिया गंभीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दुधिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, बिधनू थाना क्षेत्र के डहरी पुरवा निवासी 24 वर्षीय पीनू यादव पुत्र डब्बू यादव दूध का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था,रोज की तरह दूध खरीदने के बाद बाइक से दूध के पीपा लादकर अफजलपुर से बिधनू की ओर लौट रहा था, जैसें ही वह बिधनू कस्बे के पास पहुंचा,तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी,, हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई, आसपास मौजूद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जानकारी मिलते ही बिधनू पुलिस मौके पर पहुंची, तत्काल दुधिया को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बिधनू पहुंचाया गया, गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया,, हादसे के बाद चालक डंपर छोड़ कर मौके से फरार हो गया, पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी, बिधनू थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना पर घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है, तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक मूलचंद्र निरंजन ने जरूरतमंदों को बाँटे कंबल, सुनी ग्रामीणों की जन समस्याएं



**रामपुरा (जालौन)-** माधोगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र निरंजन ने ठंड के दिनों में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अलग अलग गांवों में जरूरतमंदों को कंबल बांटे। शुक्रवार को रामपुरा विकास खंड की ग्राम पंचायत




बिलौहा एवं कंझारी में पहुंचकर विधायक ने जरूरतमंद लोगों को सर्दी से राहत हेतु कंबल बांटे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर सुकून के भाव देखने को मिले। इस दौरान विधायक ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों की समस्याएं शिकायतें सुनते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव में मूलभूत समस्याओं का निराकरण समय रहते कराया जाएगा। विकास कार्य कराना एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका दायित्व और कर्तव्य है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक प्रधान रवि सेंगर, भीमसेन राठौर सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### लोडर की टक्कर से आटो सवार पेश इमाम की मौत, सात घायल



**हमीरपुरः-** शुक्रवार के दिन बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर लोडर की टक्कर से पेश इमाम की मौत हो गई , सात अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी एक पेश इमाम सहित गांव के आधा दर्जन से अधिक महिलाएं, पुरुष और बच्चे गुरुवार की सुबह एक आटो में सवार होकर राठ के पास स्थित मान खां बाबा की मजार में गए थे। देर शाम जब सभी लोग अपने गांव वापस लौट रहे थे तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में गांव ग्योंड़ी के नजदीक पीछे से आ रहे अनियंत्रित लोडर गाड़ी ने आटो में जबरदस्त टक्कर मार दी है।लोडर की टक्कर से आटो सवार सभी लोग लहूलुहान होकर सड़क पर तड़पने लगे। इन्हें मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां मदारपुर निवासी पेश इमाम नसीर खां 75 पुत्र हुसैन खां को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। वहीं गंभीर रूप से घायल गांव के ही आसिफ खान 25 पुत्र अकबर खान, सबनम 38 पत्नी अकबर खान, खुदैजा 45 पत्नी जावेद उर्फ गुड्डू, तुजर्रत 30 पत्नी नईम, अमन 16 पुत्र अकबर, आयशा 8 पुत्री शहजाद खान और नूरबानो 36 पत्नी शहजाद की हालत गंभीर होने पर इन्हें सदर अस्पताल हमीरपुर के लिए रिफर किया गया है। इनमें तुजर्रत की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### बिना लाइसेंस चल रहे होटलों पर प्रशासन की सख्ती, बलिया के 11 होटलों को किया गया सील




**बलिया।** जनपद में अवैध रूप से संचालित होटलों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा ने सराय अधिनियम-1867 के तहत बिना पंजीकरण और वैध लाइसेंस के चल रहे 11 होटलों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि नियमों के अनुसार बिना पंजीकरण किसी भी होटल या सराय में ठहरना गैरकानूनी है। ऐसे में जब तक संबंधित होटल संचालक आवश्यक लाइसेंस और पंजीकरण प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक इन होटलों में ठहरने समेत सभी गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के तहत रॉयल होटल (रसड़ा), गिरजा होटल एंड मैरिज हॉल (राजधानी रोड), तृप्ति होटल (माल्देपुर मोड़), होटल सुरेश, सेंट्रल होटल, होटल डायमंड, आर एंड जी इन, होटल आनंदी इन, पी.एन.एम. होटल और विक्रम होटल सहित कुल 11 होटलों को प्रतिबंधित किया गया है। नगर मजिस्ट्रेट ने होटल संचालकों को निर्देश दिया है कि वे शीघ्र सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे कर वैध लाइसेंस प्राप्त करें। साथ ही चेतावनी दी कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दुल्लभछड़ा में सर्कल ऑफिस स्थापना के लिए जनप्रतिनिधि के माध्यम से जनता के हस्ताक्षर किए गए स्मारक पत्र मुख्यमंत्री को भेजे गए

### ● जनता के हित के लिए सांसद और विधायक को क्षेत्र के लोगों ने सराहा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि-** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले आनिपुर-दुल्लभछड़ा- निविया-चेरागी- रंगपुर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की जनता को प्रशासनिक समस्याओं के समाधान के लिए रामकृष्णनगर विधान सभा के एकमात्र सर्कल ऑफिस में जाना पड़ता है। जनता को एक काम के लिए पूरे दिन मेहनत करनी पड़ती है, खासकर रंगपुर से रामकृष्णनगर की यात्रा लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय करने के कारण यात्री किराया और रोजमर्रा की हाजिरी से वंचित रहना पड़ता है। इसके बावजूद जनसंख्या वृद्धि और रामकृष्णनगर समकक्ष क्षेत्र बनने के बाद, जनसंख्या अधिक वाले क्षेत्र दुल्लभछड़ा में सर्कल ऑफिस स्थापना के लिए जनसभा के माध्यम से एक स्मारक पत्र में हस्ताक्षर लिए गए।

इसी उद्देश्य से, पिछले 15 जनवरी को जनता के हस्ताक्षरित स्मारक को राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के पास भेजने के लिए, जनदर्दी श्रीभूमि के लोकप्रिय सांसद और विधायक क्रमशः कृपानाथ मालाह और विजय मालाकार की सहमति के साथ हस्ताक्षर की सिफारिश की गई, और जनता के हित में दुल्लभछड़ा में सर्कल स्थापना की मांग की गई। कार्यालय स्थापना पर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और जनता के हित के लिए कदम उठाए, तथा उस ज्ञापन को संयुक्त रूप से राज्य के मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अपनी सहमति दी। जिसकी प्रति जिला आयुक्त और रामकृष्णनगर सर्किल अधिकारी के पास भेजी जाती है। दूसरी ओर, ज्ञापन में सर्किल कार्यालय स्थापना के लिए आवश्यक भूमि दुल्लभछड़ा में होने की बात भी उल्लेखित है ईस प्रस्ताव में। इस पर स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु लोकप्रिय सांसद और विधायक का ध्यान आकर्षित किया ईस बात पर क्षेत्र के लोगों ने सराहा। ज्ञापन प्रस्तुत करने वाले समाजसेवी शुभेंदु शेखर दास, रवींद्र सिन्हा, भाग्य सिंह, श्यामल भट्टाचार्य, विश्वजीत सिन्हा, व्यास सिन्हा, चंद्रकांति सिन्हा सहित क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व मौजूद थे।

### दयावान पुलिसवाला...रूधौली थानाध्यक्ष संजय कुमार दुबे ने ग्राम प्रहरियों को बांटे कंबलः ठंड से बचाव और कानून व्यवस्था मजबूत करने की पहल

**बस्ती।** बस्ती जिले के रूधौली थाना क्षेत्र में कड़के की ठंड के बीच थानाध्यक्ष संजय दुबे ने ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य ड्यूटी के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करना है। यह वितरण पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रहरियों को उनकी महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। कंबल वितरण के उपरांत थानाध्यक्ष संजय दुबे ने ग्राम प्रहरियों के साथ एक बैठक की। इसमें उन्होंने रात्रि गश्त को और अधिक सख्त करने, गांवों में निगरानी बढ़ाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रहरियों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति प्रेरित किया, जिससे उनमें कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की भावना मजबूत हुई। स्थानीय निवासियों ने थानाध्यक्ष संजय दुबे की इस पहल की सराहना की। उन्होंने बताया कि उनकी सक्रियता से सोनहा क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। उनका मानना है कि अधिकारी जमीनी स्तर पर स्थितियों को समझते हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर होने की उम्मीद है।

## मकान का नक्शा बनवाने के नाम पर रूपये हड़पने और धमकी देने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन):** मकान का नक्शा बनवाने के नाम पर करीब 15 हजार रूपये हड़प लेने और जातिसूचक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की पुलिस से शिकायत कर पीड़ित दलित व्यक्ति ने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

मोहल्ला लाजपत नगर निवासी सुमित पुत्र हरीसिंह अहिरवार ने शुक्रवार को सीओ को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसे अपने मकान का नक्शा बनवाना था तो उसने चन्दकुआं कोंच निवासी मुहम्मद मुईनुद्दीन अजमेरी से संपर्क किया। मुईनुद्दीन ने उससे 12 हजार रूपये में नक्शा बनवाने की बात कही। उसने 18 सितम्बर को अपने भाई के मोबाइल से 10 हजार रूपये ऑनलाइन मुईनुद्दीन के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए और शेष बचे 2 हजार रुपए 23 अक्टूबर को नगद दे दिए। 26 दिसम्बर को मुईनुद्दीन ने कहा कि 3 हजार रूपये और लग रहे हैं इसलिए रूपये लेकर आ जाओ और पास हो चुका नक्शा ले जाओ। सुमित ने बताया कि वह मुईनुद्दीन के घर पहुंचा जहां उसने उससे रूपये तो ले लिए लेकिन नक्शा नहीं दिया। नक्शा देने के नाम पर वह उसे आज-कल कहकर लगातार टरकाता रहा। गत 15 जनवरी को वह मुईनुद्दीन के घर पहुंचा और नक्शा मांगा तो मुईनुद्दीन ने जातिसूचक गालियां देकर उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मामले को लेकर पीड़ित सुमित ने कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। सीओ ने जांच कर कार्यवाही किए जाने का भरोसा पीड़ित को दिलाया है।

## विहिप संगठन की फर्जी रसीदें व कूपन छापने में प्रिंटिंग प्रेस मालिक पर रिपोर्ट दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रान्त की फर्जी व अनाधिकृत रसीदें और कूपन छापकर अवैध रूप से धन संग्रह किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। मामले में विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक ने कोतवाली कोंच में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर पुलिस ने आजाद प्रिंटिंग प्रेस कोंच के मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिकेत चतुर्वेदी निवासी गणेशगंज उरई ने पुलिस को अवगत कराया था कि उनकी संस्था विश्व हिंदू परिषद एक पंजीकृत धार्मिक संगठन है, जो समाजहित में कार्य करती है। नगर पालिका कार्यालय कोंच के सामने, मोहल्ला जवाहर नगर स्थित आजाद प्रिंटिंग प्रेस, जिसके संचालक का नाम राजा बताया गया है, ने संस्था की लिखित अनुमति के बिना अवैध रूप से चंदा संग्रह की रसीदें छाप दीं। शिकायतकर्ता अनिकेत के अनुसार 5 जनवरी की शाम उन्हें इस फर्जीवाड़े की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने अन्य कार्यकर्ताओं के साथ प्रिंटिंग प्रेस पर पहुंचकर जांच की।

पर प्रिंटिंग प्रेस के अंदर से फर्जी रसीद बही, कवर वाइंडिंग के लिए तैयार सामग्री तथा लगभग दो दर्जन रसीद बुकें बरामद की गई, जिन पर विश्व हिंदू परिषद छपा हुआ था, जबकि संस्था द्वारा ऐसा कोई आदेश छपाई के लिए नहीं दिया गया था। आरोप है कि प्रिंटिंग प्रेस संचालक ने कूटरचित एवं धोखाधड़ी की नीयत से यह सामग्री तैयार की, जिससे संस्था की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। साथ ही इन फर्जी रसीदों का उपयोग आम जनता से अवैध रूप से धन वसूलने और गबन करने के उद्देश्य से किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आजाद प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) व 336(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## प्राचीन हिन्दू मंदिर में आयोजित हुआ हिन्दू सम्मेलन

**हमीरपुरः-** कुरारा विकास खंड क्षेत्र के शंकरपुर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। तथा संतो व वृद्ध जन को कंबल का वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में विभाग संघ चालक गोपाल दास पालीवाल ने हिन्दू राष्ट्र पर विस्तार पूर्वक बताया। तथा हिंदुओं को एक जुट रहने के लिए प्रेरित किया। तथा डा गीता गुप्ता ने हिंदू समाज को संगठित रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हिंदू संगठित रहेगा दो देश तरक्की करेगा। इस अवसर पर संतों को कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शुभम् द्विवेदी, अजय द्विवेदी, खंड चालक अर्जुन सिंह, खंड प्रचारक सचिन, खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल, बालगोविंद सोनी, प्रदीप नामदेव, त्रिभुवन सिंह, पिंटू सिंह, कार्यक्रम संयोजक गणेश तिवारी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया।

## दूसरे क्वार्टर फाइनल में शहडोल ने उमरिया को दी पटखनी, सात विकटों से जीत के बाद किया सेमीफाइनल में प्रवेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दिनेश चौधरी की रिपोर्ट




**शहडोल बुढार।** नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल डीसीए शहडोल और डीसीए उमरिया के बीच खेला गया, मैच में डीसीए शहडोल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उमरिया पर सात विकटों से जीत दर्ज की।

**टॉस के दौरान ये रहे उपस्थित**

आज के मैच में टॉस के दौरान अतिथियों के तौर पर नगर परिषद बुढार के उपाध्यक्ष शेखर चौधरी, बीआरसी समन्वयक सीताराम दुबे रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं टॉस की औपचारिकताएं पूरी की।

**टॉस जीतकर डीसीए शहडोल ने चुना क्षेत्ररक्षण**

मैच का टॉस शहडोल ने जीता और में पिच नमी की भांपते हुए कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, गेंदबाजी का यह निर्णय शहडोल के लिए तब उपयोगी हुआ जब मैच के पहले ही ओवर में उमरिया का सलामी बल्लेबाज आउट हो गया। शहडोल की टीम की अनुशासित गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण ने उमरिया की बल्लेबाजी के दौरान उनके बल्लेबाजों को बांधे रखा, जिसके कारण उमरिया की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में 9 विकटों के नुकसान पर महज 140 रन बना पाई, उमरिया की की तरफ से बल्लेबाज अमन त्रिपाठी ने 61 रन और अभय राउत ने हिमांशु ने 22 एवं रनों का योगदान दिया, शहडोल की ओर से गेंदबाज अभिनव सिंह ने विकेट लिए और यश पाटीदार, यतींद्र मोहन तथा ओमनारायण ने 2-2 विकेट लिए।

**चौदहवें ओवर में ही लक्ष्य हुआ हासिल**

141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहडोल की टीम ने ताबड़तोड़ अंदाज में अपनी पारी की शुरुआत की ,शहडोल की इस तूफानी बल्लेबाजी से उमरिया के गेंदबाज पूरी पारी के दौरान नहीं उबर पाए। शहडोल की टीम ने चौदहवें ओवर में ही सात विकटों से यह मैच अपने नाम कर लिया। शहडोल की ओर से बल्लेबाज सत्यार्थ शुक्ला ने 38, सचिन विश्वकर्मा ने 31 और अभिनव सिंह ने 30 रन बनाए। शहडोल टीम की ओर से शानदार आलराउंड प्रदर्शन करने वाले अभिनव सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जिन्हें नगर के युवा व्यवसायी यश तलरेजा ने पुरस्कृत किया।

**ये रहे टीमों के प्रायोजक**

टूर्नामेंट में आज शहडोल टीम के प्रायोजक शानू छाबड़ा और जानू छाबड़ा रहे जबकि उमरिया टीम के प्रायोजक राजवाड़ा रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर राजकुमार गुप्ता और अभिनव गुप्ता रहे। मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की, जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद, अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला। पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला।

**ये हैं आयोजन समिति के सदस्य**

इस पूरे आयोजन समिति के प्रमुख बुढार के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश विशनानी तथा सदस्यों के रूप में अनिल सोनी, श्रीनिवास द्विवेदी, पवन नियर्सेस, अवधेश पांडे (पिंटू), राजीव त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, महेंद्र त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह, जुगुल किशोर मिश्रा पुष्पराज सिंह इत्यादि प्रमुख हैं।

## जनचौपाल में सफाई, बिजली और पानी की गंभीर समस्या उठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कदौरा (जालौन)-** क्षेत्र के ग्राम खुटमिली में आयोजित जनचौपाल में ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के समक्ष रखीं। चौपाल में सफाई व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और पेयजल संकट को लेकर लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला।

ग्रामीण गोविंद, विकास, गुडडू, कृष्णकुमार, संदीप, भगवानदीन ने बताया कि गांव में नियुक्त सफाईकर्मियों की घोर लापरवाही के चलते नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। दो सफाईकर्मी तैनात होने के बावजूद वे सफाई करने नहीं आते हैं। करीब दस दिनों में किसी एक दिन मजदूर को दिहाड़ी पर लगाकर सफाई कार्य की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है जबकि कूड़ा उठाकर सड़क किनारे ही डाल दिया जाता है जिससे गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इसके साथ ही लोगों ने बिजली विभाग की अव्यवस्थाओं की ओर भी ध्यान दिलाया। गांव में कई स्थानों पर बिजली के तार टूटे हुए हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। वहीं पानी की टंकी से सप्लाई बाधित रहने के कारण ऊंची बस्तियों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे भी ग्रामीण खासे परेशान हैं। ग्रामीणों भोला , श्रवण, गोपाल, चंद्रेश ने बताया कि टंकी की सप्लाई सोलर पैनलों पर निर्भर है, लेकिन कोहरा या बादल होने की स्थिति में सोलर पैनल काम नहीं करते जिससे पेयजल संकट और गहरा जाता है।

चौपाल में खुटमिली निवासी सूरज ने एक गंभीर मामला उठाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। उसने बताया कि परौसा पावर हाउस के उदनपुर फीडर में तैनात लाइनमैन सूरज को पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है। इसके बावजूद उसकी पावर हाउस में नियमित हाजिरी लग रही है, शटडाउन भी उसी के नाम से लिया जाता है और वह 11 केवी लाइन पर कार्य कर रहा है। आरोप लगाया है कि उसका वेतन किसी अन्य




व्यक्ति के खाते में भेजा जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक विनोद चतुर्वेदी ने तत्काल संबंधित जेई को लाइनमैन के वेतन प्रकरण की जांच कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही सफाई व्यवस्था को लेकर खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। नमामि गंगे योजना से जुड़े अधिकारियों को भी जलापूर्ति संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़ में दुष्कर्म आरोपी के पैर पर लगी गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुरः-** बीते गुरुवार के दिन हिन्दू किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले मुस्लिम युवक को पुलिस ने गुरुवार देर रात हुए पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि गुरुवार के दिन एक हिन्दू किशोरी का अश्लील वीडियो मुस्लिम युवक द्वारा वाइरल करने के बाद , दिनभर जिला मुख्यालय से लेकर सुमेरपुर तक तमाम हिन्दू संगठनों और नेताओं की गहमागहमी रही और नेशनल हाइवे 34 पर जमकर हाईवोल्टेज ड्रामा रहा।पुलिस भी बेहद दबाव में थी और उसे कुछ भी करके आरोपी की गिरफ्तारी करनी थी।

किशोरी के परिजनों की तहरीर पर आरोपी ,मुस्लिम युवक व उसके पिता के खिलाफ़ किशोरी के साथ दुष्कर्म करने, जबरन धर्मपरिवर्तन का प्रयास करने समेत तमाम संगीन धाराओं में सुमेरपुर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं सुमेरपुर निवासी आरोपी मोहम्मद अफान किसी भी तरह जनपद से भाग निकलने की फिराक में था, लेकिन जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के शख्त तेवरों के चलते पुलिस पूरी तरह चौकन्नी थी।पुलिस को अपने खुफिया सूत्रों से आरोपी अफान की मौजूदगी सुमेरपुर क्षेत्र के देवगांव रोड पर पता चली पुलिस ने आनन-फानन में घेराबन्दी की और आरोपी के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमे आरोपी के दाहिने पैर पर गोली लगी।घायल आरोपी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

सुमेरपुर थानाध्यक्ष अनूप सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप है कि रेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने वाले आरोपी को जिस समय देवगांव मार्ग में गिरफ्तार किया गया उसी समय उसने बताया कि पुराने डम्प के पास अवैध तमंचा छिपाकर रखा हुआ है। तमंचा बरामद करते समय उसने फायर झोंक दिया। गोली कान के बगल से निकल गई। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे अवैध तमंचा 315 बोर एक अदद कारतूस के साथ मौके से दबोचा गया। थानाध्यक्ष की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), आयुध अधिनियम की धारा 9/25/28 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने जेएनसीयू का किया निरीक्षण, शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं पर हुई अहम चर्चा



**बलिया।** राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने शुक्रवार को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय (जेएनसीयू), बलिया का दौरा कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था और उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के समग्र विकास को लेकर कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के साथ विस्तार से चर्चा की। सांसद नीरज शेखर ने छात्रों को बेहतर शिक्षा, शिक्षकों को अनुकूल शैक्षणिक वातावरण और शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का मजबूत केंद्र बनाने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों को सुदृढ़ किया जाएगा। बैठक में विश्वविद्यालय के अल्पकालिक और दीर्घकालिक विकास की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श हुआ। भविष्य में शैक्षणिक स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए ठोस कदम उठाने पर सहमति बनी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद।

## गुरुवार के दिन वाइरल, किशोरी के वीडियो के बाद पुलिस ने होटल, स्पा और ब्यूटी पार्लर पर चलाया सर्च ऑपरेशन







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** बीते गुरुवार के दिन युवक द्वारा वाइरल किये गए किशोरी के अश्लील वीडियो के बाद पुलिस महकमे के आला अधिकारियों ने घटना का संज्ञान लिया और पुलिस महानिदेशक ने ऐसे प्रतिष्ठानों की चेकिंग करने के आदेश जारी किए ,जिनमें महिलाओं का आना-जाना होता है और उनके शोषण की संभावना हो।जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने सुमेरपुर कस्बा में ऑपरेशन रक्षा अभियान चलाकर होटल, ब्यूटी पार्लर, स्पा सेंटर एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की संयुक्त टीम द्वारा गहन चेकिंग की। इस दौरान बाल कल्याण समिति अध्यक्ष विभा भारती, सदस्य सनत श्रीवास्तव, एएचटीयू प्रभारी आरपी सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन डीसी सफवान अहमद,, सुपरवाइजर शिखा सोनी, महिला थाना की महिला उपनिरीक्षक तथा मिशन शक्ति टीम मौजूद रही। टीम ने सभी प्रतिष्ठानों में कार्यरत महिलाओं से संवाद कर उनकी स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध रूप से मानव तस्करी कर लाई गई महिलाओं एवं बालिकाओं की पहचान कर उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू करना, दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करना तथा पीड़ितों का पुनर्वास सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने संचालकों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

## गायत्री महायज्ञ की धूमधाम से निकली कलश यात्रा

**हमीरपुरः-** सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के धनपुरा गांव के बाराह देवी मंदिर में आयोजित श्री गायत्री महायज्ञ की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार के दिन गणेश पूजन के बाद कलश यात्रा और नगर शोभा यात्रा का भव्य आयोजन हुआ।शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया विशेषकर महिलाओं ने सिर पर कलश सजाकर पूरे गांव का भृमण करते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कलश यात्रा धनपुरा, खड़ेही, कलकापुरवा, कल्ला होते हुए पुनः धनपुरा पहुंची यह कार्यक्रम 16 जनवरी से लेकर 23 जनवरी तक होगा।यज्ञ में भागवत कथा व्यास भागवताचार्य लखनलाल दीक्षित (बॉदा), यज्ञाचार्य सुरेश द्विवेदी (चन्दौखी)तथा आगंतुक संत महामण्डलेश्वर रामदेव महाराज(बॉकी, भरुआ समेरपुर), मुकुट विहारी पाण्डेय (रामपुर बाँदा), गंगासिंह (बिरखेरा हमीरपुर) और प्रवचन कर्ता प्रीती देवी (करहिया), पूजा देवी (उरई), सावित्री देवी (पथरेटा) हैं। यज्ञ की आयोजक समिति ने बताया कि 17 जनवरी को यजमान प्रवेश, देवपूजन, श्रीमद् भागवत कथा कीर्तन भजन,18 जनवरी से अग्नि प्रवेश सामूहिक यज्ञ आहूतियां, 22 जनवरी को पूर्णआहूति, 23 जनवरी को विशाल भण्डारा का आयोजन और रात में रामलीला विशाल आयोजन होगा।

## गुजरात, कमाने गए युवक की सड़क हादसे में मौत

### ● घर पहुंचा शव, तो रो पड़े परिजन, ग्रामीणों में शोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** मुस्करा विकासखण्ड क्षेत्र के पहाडी भिटारी गांव निवासी नत्थूराम राजपूत के बड़े पुत्र बबलू राजपूत(35) की गुजरात मे सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।बबलू राजपूत कुछ महीनों पूर्व रोजी रोटी कमाने अपनी पत्नी साधना के साथ गुजरात गए थे, जो सूरत जनपद के सचिन जीआईडीसी में एक धागा कंपनी में टीएफओ मशीन चलाते थे।

बीती मकरसंक्राति के दिन स्नान के लिए उमराट समुद्र में गए थे।स्नान के बाद जैसे ही वह टैम्पू में सवार हो अपने निवास को आ रहे थे तभी रास्ते मे ऑटो अनियंत्रित हो पलट गई जिसमें सवार बबलू और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें साथियों द्वारा आनन फानन में दोनों को सूरत सिविल अस्पताल ले जाया गया,जहाँ बबलू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया तथा पत्नी का उपचार हो रहा है।वहीं बीते बुधवार के दिन गुजरात पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम किया जिसके बाद उसके शव को पैतृक निवास लाया गया।शव पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

बताते चलें कि बुन्देलखण्ड में कोई रोजगार परक साधन न होने से यहाँ के लोग अन्य प्रान्तों में रोजी रोटी कमाने जाते हैं।



बताया गया कि मृतक दो भाई थे जो अलग-अलग रह खेती किसानी व मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे।इस घटना समूचे परिवार को स्तब्ध कर दिया है। मृतक के एक लड़की वैष्णवी 15 साल, पुत्र आयुष 13 वर्ष है।